

गौतम गंभीर

मनाया अपना जन्मदिन

भाजन

गोरखाली परिवार का १०७ वर्ष



रश्मिका मंदाना

400 परिवारों की मसीहा बनीं

पटना, गुरुवार, १५ अक्तूबर, २०२६ सौर २७ आश्विन सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

शारदीय नवरात्र

पंचम स्कंदमाता

नवरात्रि का पाँचवाँ दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता



परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कन्द कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कन्दमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कन्द बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प हैं। इनका वर्ण एकदम शुभ है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है। स्कंद माता को पुष्पांजलि अर्पित करने का मन्त्र है-

सिंहासन गता नित्यां पदमाश्रित करद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्द माता यशस्वीनिम्॥

विवादित घोषणा हटी फॉर्म 7 में सीमा तय

हंगामे के बाद ईसी ने किया बदलाव का एलान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर उपजे गतिरोध और विवाद, मुख्य



चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भारी हंगामे और आयोग के अंदर आंतरिक मतभेदों की खबरों के बीच चुनाव आयोग ने एसआईआर, ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन और प्रशासनिक कामकाज से जुड़े कई बड़े बदलावों का ऐलान किया है। आयोग ने उन राज्यों में ऑनलाइन वोटर-रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म से एक विवादित घोषणा को हटा दिया है, जहा एसआईआर पूरा हो चुका है। इसके साथ ही, आयोग ने वोटर डेटाबेस चलाने वाले सॉफ़्टवेयर की भी समीक्षा के आदेश दिए हैं और एसआईआर के दौरान फ़्लैग किए गए वोटरों की सुनवाई की प्रक्रिया को भी आसान बना दिया है।

ये बदलाव उन खबरों के सामने आने के बाद किए गए हैं जिनमें, पिछले महीने बताया गया था कि आयोग के तीन में से दो आयुक्तों ने एसआईआर से जुड़े कुछ फैसलों पर आधिकारिक तौर पर आपत्ति जताई थी। आरोप है कि ये फैसले उनकी जानकारी के बिना लिए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग के दो आयुक्तों सुखबीर

(शेष पृष्ठ ९ पर)

किसानों को संकट के समय सहायता पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : सीएम

मुख्यमंत्री ने दो लाख 48 हजार 704 किसानों के खाते में 112.52 करोड़ रुपये भेजे

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को अगस्त, २०२६ के अंतिम सप्ताह में अतिवृष्टि एवं विभिन्न नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण आयी बाढ़ से फसल क्षति झेलनेवाले दो लाख ४८ हजार ७० हजार किसानों के बैंक खाते में कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से ११२.५२ करोड़ की राशि अंतरित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि किसानों को संकट के समय सहायता पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



सरकार का प्रयास है कि प्रभावित किसानों को समय पर फसल क्षति की आर्थिक सहायता मिले ताकि वे खेती किसानी के कार्यों को आगे बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि चार लाख ५७ हजार ६१६ किसानों ने अनुदान के लिए आवेदन किया है, जिसमें से दो लाख ४८ हजार ७०४ किसानों के खाते में ११२.५२ करोड़ की राशि अंतरित की गयी है। दहशरा बाद २२ अक्टूबर से विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ से जिन किसानों को फसल क्षति हुई है, उन्हें भी अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाये, कोई भी किसान इससे वंचित न

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मुंगेर विवि के रजिस्ट्रार बने शिव कुमार मंडल

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। मुंगेर विश्वविद्यालय के नये रजिस्ट्रार के रूप में डॉ शिव कुमार मंडल की नियुक्ति की गयी है।

इससे संबंधित अधिसूचना के राज्यपाल सचिवालय ने बुधवार को जारी की है। डॉ मंडल वर्तमान में मुंगेर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गयी है।

सीजेपी के दो प्रवक्ता पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली की अदालत ने कहकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, पार्टी नेता अजिंक्य शिंदे को निजी बहन्ड पर रिहा कर दिया गया। सीजेपी के कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। रिहाई के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

11.4 लाख रेल कर्मचारी को 78 दिनों का बोनस

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रेलवे के लगभग ११.४ लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को ७८ दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) देने की मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से ११,४०,७७० रेल कर्मचारियों को लाभ होगा। बोनस के भुगतान पर कुल २,००६.६१ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार के मुता. बिक, पात्र रेल कर्मचारियों को ७८ दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इसकी गणना ७,००० रुपये की मासिक वेतन सीमा के आधार पर होती है। इस हिसाब से प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधि. कतम १७,६५१ रुपये मिलेंगे। बोनस का भुगतान आम तौर पर दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले किया जाता है। इस फैसले से ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर,



(शेष पृष्ठ ९ पर)

दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों पर अब जीएसटी लगेगा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हालिया विरोध-प्रदर्शनों के बीच केंद्र सरकार ने



आधिकारिक प्रोटेस्ट साइट जंतर-मंतर को लिस्ट से हटा दिया है और उसकी जगह तीन नए स्थान चिह्नित किए हैं। इनमें रामलीला मैदान, सीबीएस ग्राउंड (शाहदरा) और बुराड़ी ग्राउंड शामिल है। बड़ी बात यह है कि अब तक लोग बिना एक पैसे खर्च किए संसद से नजदीक और सेंट्रल दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन अब उन्हें ऐसे विरोध प्रदर्शन करने के लिए न सिर्फ लाख रुपये से ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

गलत अनुसंधान के आरोप में

डीएसपी, सिलाव थानाध्यक्ष और आईओ पर काररवाई का आदेश

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-11 मनीष कुमार ने पुलिस की लचर कार्यशैली और गलत अनुसंधान पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने राजगीर डीएसपी, सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और अनुसंधानक (आईओ) घनश्याम कुमार पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, एसपी को निर्देश दिया गया है कि इस संपूर्ण कार्रवाई की जानकारी न्यायालय को दी जाए और आदेश की एक प्रति गृह सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को भी भेजी जाए।

मामला सिलाव थाना क्षेत्र के करियन्ना गांव का है, जहां के निवासी पारस सिंह ने अविनाश कुमार समेत तीन लोगों पर जान मारने की नीयत से कट्टा तानने का आरोप लगाया था। सूचक ने आरोपित अविनाश कुमार को देसी कट्टा के साथ खुद पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, जिसके बाद से वह 15 जून से जेल में है। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि थानाध्यक्ष ने बिना तथ्यों की सही पड़ताल किए सूचक के आवेदन पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया, जिसका अनुसंधान आईओ घनश्याम कुमार ने किया और राजगीर डीएसपी द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया गया। इन सभी ने घटना को सही मानकर कोर्ट में आरा. प पत्र समर्पित कर दिया था।

आरोपित के अधिवक्ता मदन प्रसाद सिंह ने मामले को संदिग्ध बताते हुए जमानत की गुहार लगाई, जिस

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दिव्यांगों की पेंशन के लिए विकलांगता की सीमा 80 से घटकर 40 प्रतिशत

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों को सामा. जिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए दी गई है। इससे ४० प्रतिशत विकलांगता वाले व्यक्ति भी पेंशन के हकदार होंगे। साथ ही,



पेंशन के नियमों में बड़ी राहत दी है। अब तक ८० प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता होने पर मिलने वाली पेंशन के लिए पात्रता की सीमा घटाकर ४० प्रतिशत कर दिव्यांगजनों को जन्म से ही पेंशन योजना के दायरे में शामिल करने का फैसला किया गया है। सरकार के इस कदम से पेंशन पाने के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जर्मनी में इमारत में आग लगने से तीन भारतीयों की मौत

बर्लिन (एजेंसी)। जर्मनी के बोखुम शहर में एक रिहायशी इमारत में आग लगने से तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में 25 और 27 साल की दो महिलाएं और 26 साल का एक पुरुष शामिल है। आग मंगलवार तड़के लगी थी। घटना के बाद पुलिस ने इमारत में रहने वाले 41 वर्षीय एक व्यक्ति को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया है। पुलिस को आग जानबूझकर लगाए जाने की आशंका है, लेकिन इसकी वजह की जांच अभी जारी है।



यह घटना बोखुम के होफस्टेडे इलाके में एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में हुई। स्थानीय समय के मुताबिक, मंगलवार तड़के करीब 4:15 बजे आपातकालीन सेवाओं को आग लगने की सूचना मिली। दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे तो दूसरी मंजिल के एक अपार्टमेंट में तीन लोगों के शव मिले। आग और धुएं की चपेट में आए पांच अन्य लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के नाम और

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

मुस्कान-साहिल को फांसी की सजा

मेरठ (एजेंसी)। मेरठ के बहुचर्चित नीला ड्रम हत्याकांड के मामले में आज कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। मर्चेंट नेवी में काम करने वाले सौरभ राजपूत की हत्या करने वाली उसकी पत्नी मुस्कान और प्रेमी साहिल शुक्ला को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही धारा 302 के तहत 50 हजार और धारा 298ए के लिए 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। देश को झकझोर कर रख देने वाले इस मामले में फैसला सुनाते हुए जज ने महाभारत और गीता का भी जिक्र किया।

बुधवार को जब पूरी देश की नजर इस मामले पर थी। उसी दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय के जज अरविंद कुमार मिश्रा ने महाभारत का जिक्र करते हुए अपना फैसला सुनाया। सौरभ राजपूत के वकील कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि कोर्ट ने फैसला सुनाते

(शेष पृष्ठ ९ पर)

गया रेलवे स्टेशन पर 14.835 किलो चांदी बरामद, एक हिरासत में

गयाजी। गया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने आपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई करते हुए 14.835 किलोग्राम चांदी के आभूषण एवं चांदी बरामद की। इसकी अनुमानित कीमत 36,34,575 रुपये बताई गई है। मामले में पश्चिम बंगाल निवासी जमशेद अली मलिक को हिरासत में लेकर आयकर विभाग को सूचना दी गई। 13 अक्टूबर को आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादवके निर्देशन में जवान प्लेटफार्म पर निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान फुट ओवरब्रिज के पास संदिग्ध व्यक्तिको बैग के साथ रोका गया।

36.34 लाख रुपये आंकी गयी कीमत

जांच में चांदी मिली। वह स्वामित्व एवं परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद चांदी जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

कार्रवाईमें उपनिरीक्षक इंद्र कुमार, प्रधान आरक्षक सचिंद्र कुमार, आरक्षक अमित कुमार, शशि शेखर एवं मुकेश कुमार तथा सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार चौधरी और सीपीडीएस गया के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार शामिल थे। आयकर विभाग, पटना मामले की आगे जांच कर रहा है।

समर्पित सेवा के 31 वर्ष
निरंगा
अगरबत्ती
देश की खुशबू
की
आकर्षक हैंडल बैग मे..
गेरुआ
प्रीमियम धूप
CUT FROM HERE
NEW RECLOSABLE SPECIAL ZIPPER POUCH FOR EXTRA FRESHNESS
From the house of TIRANGA
Sacred
DEDICATED TO GOD
सेकरेड
यथा नाम तथा गुणः
TIRANGA
Geruа
PREMIUM DHOOP
Symbol of Purity & Valor which represents the inner peace of devotion and courage to step the spiritual path
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.
वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए
सम्पर्क करें 6389 004433

होर्मुज में मालवाहक जहाज बारूदी सुरंग से टकराया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से बड़ी घटना सामने आई है. यहां समुद्री बारूदी सुरंग से टकराने के बाद 2500 कंटेनर को लेकर जा रहा एक मालवाहक जहाज समंदर में डूब गया. ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स की नौसेना ने बुधवार को जहाज के डूबने की जानकारी दी. ईरान के मुताबिक, जहाज बुधवार सुबह एक समुद्री बारूदी सुरंग से टकराया और उसमें आग लग गई. इसके बाद जहाज समंदर में समा गया. युद्ध के दौरान यह पहला मौका है, जब ईरान ने किसी जहाज के समुद्री बारूदी सुरंग से टकराने के बाद डूबने की सूचना दी है। जहाज से धुएं का गुबार निकल रहा है. और धीरे धीरे जहाज डूबता दिख रहा है. थोड़ी देर के बाद कई कंटेनर समंदर में तैरते हुए दिख रहे हैं। हालांकि इस घटना को लेकर अभी कई अहम सवालों के जवाब नहीं मिले हैं. जहाज किस देश का था, उसमें कितने लोग सवार थे और चालक दल का क्या हुआ, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

2500 कंटेनर एक साथ समुद्र में समाया

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के बयान के हवाले से बताया कि जहाज बुधवार सुबह समुद्री बारूदी सुरंग से टकराया था. ईरान ने दावा किया कि जहाज ऐसे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दुनिया भर में मिल रही भारतीय संस्कृति को पहचान

बोले- प्राचीन धरोहरों की वापसी के प्रयास तेज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहचान मिल रही है। भारत का संगीत, नृत्य, सिनेमा और खानपान दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों को भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने यह बात 'बृहत्तर भारत- दुनिया भर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सरकार केवल ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की प्राचीन पांडुलिपियों को भी सहेजने के प्रयास कर रही है। इसके लिए ज्ञान भारतम पहल के तहत काम किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य भारत की पांडुलिपियों से जुड़ी विरासत को संरक्षित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि दूसरे देशों में मौजूद



भारत की प्राचीन धरोहरों को वापस लाने के प्रयासों को नई गति मिली है।

ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने के साथ भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। विदेशों में मौजूद भारत की प्राचीन धरोहरों को वापस लाने के प्रयासों में भी नई तेजी आई है।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 14 से 16 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन संस्कृति मंत्रालय के तहत आने वाला इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) कर रहा है। सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और देश के दूसरे समाजों व सभ्यताओं के साथ उसके संबंधों पर चर्चा हो रही है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री का लिखित संदेश केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने पढ़कर सुनाया।

सम्राट ने बाइक रैली को दिखायी हरी झंडी

पटना से गुजरात तक जायेगा बिहार का दल

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को राष्ट्रीय एकता दिवस परेड, २०२६ के



अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय मोटरसाकिल रैली में बिहार का प्रतिनिधित्व करनेवाले मोटरसाइकिल दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली पटना से प्रारंभ होकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश होती हुई गुजरात पहुंचेगी। वहां इसका समापन होगा।

राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता अखंडता, आपसी सद्भाव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। इस रैली में बिहार मोटरसाइकिल दल राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह पहल युवाओं एवं आम नागरिकों के बीच राष्ट्र की प्रतिसमर्पण और एकता के संदेश को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी उपमुख्यमंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रधान सचिव गृह पंकज कुमार, डीजीपी श्रीमती प्रीता वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

वैशाली में जर्जर नावों के परिचालन पर रोक लगेगी

हाजीपुर (आससे)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि राघोपुर नाव हादसे को लेकर केंद्र और बिहार सरकार पूरी तत्परता से काम



कर रही है। भारत सरकार और मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से मुआवजे की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। मौके पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। जिलाधिकारी घटना के बाद से लगातार प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ मौके पर जुटी हुई हैं। एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत और 6 लोगों का घायल होना बेहद पीड़ादायक है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दे और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दे। उन्होंने कहा कि वैशाली जिले की सभी नावों को चिह्नित किया जाएगा। जो नावें जर्जर हैं और परिचालन के योग्य नहीं हैं, उन्हें या तो दुरुस्त कराया जाएगा या उनके परिचालन पर रोक लगाई जाएगी।

इस संबंध में बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा से बात हुई है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भारत सरकार में आपदा प्रबंधन के राज्यमंत्री के तौर पर इस विषय को देख रहे हैं और पूरे बिहार में अनुपयुक्त नावों के परिचालन पर रोक लगाने का आश्वासन मिला है।

212 बालू घाटों पर कल से होगा खनन

(आज समाचार सेवा)

पटना। अगले शुक्रवार यानी १६ अक्टूबर से राज्य के २१२ बालू घाटों से खनन का काम शुरू होगा। खान एवं भूतत्व मंत्री डा.प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि जहां से बालू का खनन होगा उनमें पीला बालू के १८१ और ३ घाट से सफेद बालू का खनन होगा। राज्य में मॉनसून अवधि में चार माह खनन का कार्य बंद हो जाता है। अब निर्माण कार्यों में तेजी आयेगी। मंत्री ने बताया कि राजस्व संग्रह में ४१.४८ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर, २०२६ विभाग को १२२० करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जबकि वित्तीय वर्ष २०२५- २६ में इसी अवधि के दौरान ८५१ करोड़ ६४ लाख रुपये थी।

इस प्रकार राजस्व संग्रह में ३५७.८९ लाख रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी, जो पिछले वित्तीयवर्ष की तुलना में ४१.४८ प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि विभाग के स्तर से अवैध परिवहन एवं संबंधित अनियमितताओं के विरुद्ध काररवाई तेज की गयी है। वित्तीय वर्ष में २०२६-२७ में सितंबर तक अवैध खनन के मामलों में अवैध खनन के मामलों में ३९३ गिरफ्तारियां, ३६१४ वाहनों की जब्ती तथा ५२.८१ करोड़ रुपये के दंड की वसूली की गयी है।

दोषियों पर होगी काररवाई : चिराग

हाजीपुर (आससे)। राघोपुर दियारा के रामपुर में हुए नाव हादसे में 13 मासूम बच्चों की मौत की खबर पर केंद्रीय



मंत्री और हाजीपुर सांसद चिराग पासवान बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने मृतक बच्चों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया।

प्रेस को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह अत्यंत हृदय विदारक घटना है। कल रात से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें छोटे-छोटे बच्चों के शव देखकर तकलीफ और बढ़ जाती है। जो चले गए, वे वापस नहीं आएंगे, लेकिन घायलों के इलाज और पीड़ित परिवारों की मदद के लिए केंद्र और राज्य सरकार तत्परता से कार्य करेगी। घटना की जानकारी प्रधानमंत्री को भी दी गई है, उन्होंने भी दुख प्रकट किया है।

उन्होंने कहा कि वे कैबिनेट की बैठक छोड़कर पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने आए हैं। यह बड़ी लापरवाही है, इसमें जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

यदि प्रशासनिक लापरवाही से यह हादसा हुआ है तो मामला बिहार सरकार और मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

राघोपुर में पीड़ित परिवारों से मिलीं मीसा भारती

हाजीपुर (आससे)। वैशाली के राघोपुर में नाव हादसे में 13 बच्चों की मौत के बाद घटनास्थल पर जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। बुधवार को पाटलिपुत्र सांसद



मीसा भारती,, दियारा पहुंचीं, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया और घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया।

मुलाकात के बाद मीसा भारती ने प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इतने बड़े हादसे के बाद भी मौके पर ऑक्सीजन जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं थी, जो प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इसे प्राइवेट नाव बताकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। प्रशासन का काम हादसे के बाद लीपापोती करना नहीं, बल्कि पीड़ितों को त्वरित मदद पहुंचाना है।


उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, घायलों को बेहतर इलाज और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दियारा क्षेत्र में सरकारी नाव व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

बिहार सरकार

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, भागलपुर।

गुमशुदा/अपहृता बालक की विवरणी।

01	कांड संख्या/धारा	सबौर थाना कांड सं0–342/26, दिनांक–05.10.26, धारा–137(2) बी0एन0एस0।
02.	गुमशुदा का नाम	रणबीर कुमार
03.	पिता का नाम	बोधनारायण मंडल
04.	पता	सा0–ठठेरी टोला, थाना–सबौर, जिला–भागलपुर।
05.	सूचित करने की तिथि	04.10.26
06.	लिंग/उम्र	स्त्री0/13 वर्ष
07.	धर्म	हिन्दु
08.	भाषा	हिन्दी
09.	बाल	काला
10.	रंग	गोरा
11.	उँचाई	05 फीट,
12.	ऑख	काला
13.	पहनावा	काला रंग का टी–शर्ट एवं नीचे काला रंग का (लुजर) पैजमा एवं सफेद चप्पल पहना हुआ है।
14.	कांड की विवरणी	यह कांड वादी रंजीत पासवान, सा0–ठठेरी टोला, थाना–सबौर, जिला–भागलपुर। के लिखित आवेदन के आधार पर सबौर थाना कांड सं0–342/26, दिनांक–05 .10.26, धारा–137(2) बी0एन0एस0 में दर्ज किया गया है।



गुमशुदा बालक रणबीर कुमारके बारे में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने पर वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर का **मोबाईल नं0–9431800003** सबौरथाना का **मोबाईल नं0–9031827977** पर सूचित करे।


PR- 013670 (POLICE) 2026-27

वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

आवासविहीन को भूमि और मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह में करें : श्रवण

पटना (आससे)। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को बक्सर सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने



भूमिहीन आवास के लाभुकों को अतिशीघ्र भूमि उपलब्ध करानेएवं मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह में करने का निर्देश दिया है।

मंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा कराने, सर्वेक्षण सूची से वंचित लाभुकों को चयन सूची में शामिल करने, वीबी जी राम जी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन एवं ग्रामीण हाट भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने, पौधारोपण अभियान को बढ़ावा देने के लिए वन पोषकों का समय पर भुगतान करने का आदेश दिया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने बक्स के सभी अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों को तुरंत चालू कर उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करने, जीविका समूहों से तैयार उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और बिक्री के लिए स्थानीय एवं सुलभ बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सभी लंबित मामलों एवं शिकायतों का निष्पादन एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से पूरा करें।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में४१५५२ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के विरुद्ध ४८९७३ महिलायें लखपति दीदी बन चुकी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष २०२४-२५, २०२५-२६ के लिए तय लक्ष्य १६१४७ के सापेक्ष १५६४६ आवास स्वीकृत किये गये। इनमें से ९४५८ आवास पूर्ण हो चुके हैं।


बैठक में राजपुर एवं डुमरांव विधायक, उपविकास आयुक्त श्रीमती निहारिका छवि, निदेशक डीआरडीए अरविंद, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

तेजस्वी यादव ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

पटना सिटी (आससे)। नाव हादसे के बाद पटना पहुंचे तेजस्वी यादव सबसे पहले राघोपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। तेजस्वी यादव को देखते ही कई परिजन भावुक होकर रोने लगे। तेजस्वी यादव ने पीड़ित परिवारों को गले लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि 4 लाख रुपये का मुआवजा पर्याप्त नहीं है, सरकार को मुआवजे की राशि बढ़ानी चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस समय राजनीति नहीं, बल्कि सभी को एकजुट होकर पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इसके बाद वे पटना सिटी के अगमकुआं स्थित एनएमसीएच अस्पताल पहुंचे और घायलों के परिजनों से मुलाकात की।

लोजपा (रा) के सांसद, विधान पार्षद विधायकों ने दिया एक-एक माह का वेतन

पटना (आससे)। बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए जमुई के सांसद श्री अरूण भारती के नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद, विधान पार्षद एवं विधायकों ने एक-एक माह



के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को लोक सेवक आवास स्थित %संकल्प% में सौंपा। जमुई के सांसद श्री अरूण भारती, गन्ना उद्योग मंत्री श्री संजय कुमार, विधान पार्षद श्री अशरफ अंसारी, विधायक श्री मुरारी गौतम, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेंद्र विवेक सहित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अन्य सांसद, विधान पार्षद एवं विधायकों ने एक-एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

संगठन और चुनावी तैयारियों पर मंथन

पटना (निप्र)। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश कोर कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक



आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और सह-प्रभारी रोहन गुप्ता और संगीता यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। बैठक में आगामी स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों, संगठनात्मक कार्यक्रमों और पार्टी की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा चुनावी तैयारियों को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। विधान परिषद की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव के मद्देनजर रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी चर्चा का प्रमुख विषय रही।भाजपा के राष्ट्रीय

बिहार भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक

महामंत्री सह बिहार प्रभारी हरीश द्विवेदी बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश सह-प्रभारी संगीता यादव के प्रथम बिहार आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

Govt. of Bihar

BIHAR STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD
A Govt of Bihar Undertaking

NATIONAL COMPETITIVE E-BIDDING INVITATION

TENDER NO. 34/E-TENDER/ BSTDC/SBD/2026-27

File No. 11/Engg/2026/1399/engg/26

(Through e-procurement mode only – www.eproc2.bihar.gov.in

1. Bihar State Tourism Development Corporation Limited (BSTDCL), a nodal agency for executing tourism infrastructure projects in the state of Bihar, India, intends to execute tourism infrastructure projects at its tourism potential locations.
2. Any Contractor registered in Central Government/any State Government or any PSU or an agency of International or National repute may participate in the tender though registration in requisite category with any works department, government of Bihar will be essential before executing the agreement, if not registered in Bihar.
3. Details of works

Gr. No.	Name of work	Estimated Cost (in Lac)	Bid Processing fees (Beltron) (In Rs.)	Bid Document Cost (In Rs.)	Bid Security (EMD) (in Lac)	Contract Duration (Months)
1	2	3	4	5	6	7
1	DEVELOPMENT OF BABA BATESHWARNATH TEMPLE LOCATED IN JANDAHA BLOCK UNDER VAISHALI DISTRICT	Rs-1342.49	As Per eproc2	Rs-10,000.00	Rs-23.43	12 Months
2	TOURISM DEVELOPMENT OF SONBARSA DHAM, LOCATED IN THE KUDHANI BLOCK OF MUZAFFARPUR DISTRICT.	Rs-636.52	As Per eproc2	Rs-10,000.00	Rs-12.74	12 Months

4. Date of Inviting tender : Date- 14.10.2026
5. Date of downloading of bid document : From 05.11.2026 to 23.11.2026 up to 3:00PM. Through website www.eproc2.bihar.gov.in only
6. Place & Date of Pre-bid meeting : Date 12.11.2026 Time 03:00PM. (Office of Chief Engineer B.S.T.D.C. Patna)
7. Last date and time for receipt on eproc2 : Date 24.11.2026 up to 3:00PM
8. Last date and time for Submission of Original instrument of EMD & Affidavit : Date 25.11.2026 up to 3:00PM
9. Time and date of opening technical bids: Date 25.11.2026 Time 3:30PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in
10. Time and date of opening of financial bids : To be communicated latter on
11. Place of opening of bid : Through website www.eproc2.bihar.gov.in
12. Period of bids validity : 120 days
13. Officer inviting bids: Executive Engineer (HQ), BSTDC Ltd.
14. For participating in E – tendering process, the contractor shall have to get themselves registered to get user ID, Password and Digital signature. This will enable them to access the website www.eproc2.bihar.gov.in and download/participate in E– tender. All tender queries related to this tender shall be communicated at contactbstdc@gmail.com

Executive Engineer (HQ)
BSTDC Ltd, Patna

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR. No.013646 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

समाहरणालय, भागलपुर

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद कार्यालय)

अल्पकालीन सूचना

प्रेस–विज्ञप्ति

अधिहरित (Confiscated) वाहनों की नीलामी की सूचनाः–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत मद्यनिषेध उत्पाद विभाग/विभिन्न थानों में पूर्ण भाराबबन्दी के क्रम में मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के अधीन दर्ज उत्पाद वादों में समाहर्त्ता, भागलपुर/प्राधिकृत अधिहरण न्यायालय से पारित आदेश के आलोक में निम्नांकित वाहनों की नीलामी **''जहाँ है, जैसे है''** के रूप में अपर समाहर्त्ता, भागलपुर की अध्यक्षता में वाहन नीलामी समिति के सदस्यों के द्वारा **दिनांक– 29.10.2026, 05.11.2026 एवं 19.11.2026** को **प्रत्येक सप्ताह के (बृहस्पतिवार) तथा सार्वजनिक अवकाश रहने पर उसके अगले कार्य दिवस** को पूर्वाहन् 11 बजे से खरमनचक स्थित सहायक आयुक्त मद्यनिषेध कार्यालय कम्पाउण्ड, भागलपुर में नीलामी की जायेगी। **तीन बार नीलामी के उपरांत् बचे हुए वाहनों के मूल्य को प्रत्येक नीलामी में 10% कम करते हुए ''जहाँ है, जैसे है'' के आधार पर तब तक नीलामी की जानी है, जब तक वाहन नीलाम न हो जाए।** सर्वोच्च बोली वाले ही नीलाम वाहन के क्रेता होंगे। यह आम सूचना निम्नांकित सूची में अंकित वाहनों के स्वामी के लिए भी सूचना है कि इन वाहनों को नीलामी हेतु योग्य घोषित किया जा चुका है। **वाहनों का निर्धारित मूल्य/वाहन का प्रकार एवं जप्त वाहनों के अभिरक्षा का स्थान (स्तंभ–04) निम्नांकित हैः–**

क्र0 सं0	अधिहरण वाद संख्या	वाहन का निबंधन सं0/ वाहन का नाम	थाना का नाम (अभिरक्षा का स्थान)/काण्ड सं0/काण्ड दिनांक	अंतिम रूप से निर्धारित मूल्य	अग्रधन की राशि (स्तंभ–5 में निर्धारित मूल्य का 20%)	वाहन स्वामी/ प्रतिवादी का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	388/2025	BR01AR-3824 पल्सर 180 मोटरसाईकिल	घोघा 51/2024 05.05.2024	6,000	1,200	रूपा कुमारी, पे0–जगदेव प्रसाद, सा0–स्वीट हार्ट लेन, मुसल्लहपुर, जिला– पटना, पिन नं0–800006।	
2	04/2024-25	BR6U-2123 सुजुकी कार	घोघा 788/23 07.07.2023	41,000	8,200	–	Scrap
3	76/2025-26	JH10T-4266 कार	घोघा 32/2024 13.01.2024	25,000	5,000	सुधाकर प्रसाद राय, पे0–स्व0 विश्णुदेव राय, सा0–हाउस नं0–04, नियर सब्जी मार्केट, साहिबगंज, जिला–धनबाद, राज्य–झारखंड, पिन नं0–828113।	
4	05/2025-26	BR11AQ-2786 प्लेसर 110 स्कुटी	कहलगाँव 02/25 06.01.2025	25,000	5,000	प्रतिभा सिन्हा, पति– संजीव कुमार सिन्हा, सा0–राजेन्द्र नगर, मधुबनी, के0 हाट, जिला–पुर्णिया, पिन नं0–854301।	
5	24/2024-25	अंकित नहीं प्लेटिना मोटरसाईकिल	कहलगाँव 565/23 19.05.2023	3,000	600	अज्ञात	Scrap
6	73/2023-24	BR10J-0846 टी0भी0एस0 स्टार सिटी मोटरसाईकिल	कहलगाँव 1252/2023 01.11.2023	3,000	600	NOT FOUND	Scrap
7	04/2025-26	BR43AB-6532 टी0भी0एस0 रेडर मोटरसाईकिल	कहलगाँव 171/2024 09.03.2024	42,000	8,400	NOT FOUND	
8	23/2025-26	BR10U-9404 सी0टी0 100 मोटरसाईकिल	कहलगाँव 735/2019 01.11.2019	10,000	2,000	मो0 इजहार, पे0–शाहजहाँ, सा0–पकड़तल्ला, कहलगाँव, जिला–भागलपुर, पिन नं0–813203।	
9	53/2023-24	BR10AD-1136 ग्लैमर मोटरसाईकिल	कहलगाँव 803/2023 09.07.2023	36,000	7,200	संजय कुमार, पे0–कमले वरी ताँती, सा0–पक्कीसराय, कहलगाँव, घोघा, जिला– भागलपुर, पिन नं0–813205।	
10	104/2023-24	- साईकिल	कहलगाँव 1220/2023 25.10.2023	300	60	दिलीप महतो, पे0–महेश महतो, सा0–महेशमुंडा, था0–कहलगाँव, जिला–भागलपुर।	
11	108/2023-24	- साईकिल	कहलगाँव 1371/2023 13.12.2023	300	60	NOT FOUND	
12	108/2024-25	BR11H-2332 महिन्द्रा बोलेरो	कहलगाँव 542/2024 06.10.2024	30,000	6,000	NOT FOUND	Scrap
13	61/2025	PB08CE-0607 टी0वी0एस0 अपाची मोटरसाईकिल	कहलगाँव 269/25 23.08.2025	15,000	3,000	हरभजन सिंह, पे0–चानन सिंह, सा0–रसलपुर, वी0पी0ओ0 मेहतरपुर, टेहनक, जिला– जालंधर, राज्य–पंजाब, पिन नं0–144040।	
14	88/2024-25	BR01GK-8578 टाटा योद्धा पिकअप	सबौर 14/2024 12.01.2024	4,25,000	85,000	महेन्द्र प्रसाद, पे0–हरिहर सिंह, सा0–ईमामगंज, वार्ड नं0–09, जमहा, जिला–पटना, पिन नं0– 804426।	
15	104/2024-25	BR01PB-4780 महिन्द्रा बोलेरो	सबौर 354/2024 08.10.2024	1,75,000	35,000	अनिल कुमार मॉझी, पे0–कामे वर मॉझी, सा0–झौवा बसंत, पो0–बसंत जलाल, जिला–सारण, पिन नं0–841202।	
16	60/2024-25	BR01DJ-6198 क्विड आर0एक्स02 कार	सबौर 102/24 16.03.2024	1,40,000	28,000	सुभाश चन्द्र भगत, पे0–रतने I भगत, सा0– रतने I भगत, वार्ड नं0–10, मधेपुरा, जिला–मधेपुरा, पिन नं0–852213।	
17	381/2025	JH17S-5707 प्लेटिना 110 मोटरसाईकिल	सन्हौला 163/2024 02.10.2024	28,000	5,600	मुन्ना अंसारी, पे0–अजीज अंसारी, सा0+पो0–कुसुमघाटी, था0–ललमटिया, जिला–गोड्डा, राज्य–झारखंड, पिन नं0–814147।	
18	348/2025	अंकित नहीं ट्रक	सन्हौला 191/2023 07.12.2023	3,50,000	70,000	–	Scrap
19	417/2025	BR10C-7300 पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल	सन्हौला 200/2024 22.12.2024	3,000	600	NOT FOUND	Scrap
20	105/2023-24	अंकित नहीं टेम्पू	सन्हौला 163/2023 25.10.2023	7,000	1,400	–	Scrap
21	106/2023-24	BR10PB-0367 अतुल पैक्स टेम्पू	सन्हौला 158/2023 07.10.2023	65,000	13,000	हिलाया देवी, पति–सीताराम साह, सा0– रूदलपुर माधो, सन्हौला, जिला–भागलपुर, पिन नं0–813205।	
22	107/2023-24	अंकित नहीं सुपर स्पेलेंडर मोटरसाईकिल	सन्हौला 146/2023 15.09.2023	3,000	600	–	Scrap
23	06/2025-26	अंकित नहीं टेम्पू	सन्हौला 12/2025 06.03.2025	7,000	1,400	–	Scrap
24	19/2025-26	अंकित नहीं चार पहिया वाहन (टीयागो)	सन्हौला 155/2024 24.09.2024	20,000	4,000	–	Scrap
25	02/2024-25	अंकित नहीं ग्लैमर मोटरसाईकिल	सन्हौला 15/2024 29.01.2024	3,000	600	–	Scrap
26	35/2024-25	अंकित नहीं सेन्ट्रो कार	सन्हौला 121/2024 28.07.2024	19,000	3,800	–	Scrap
27	38/2024-25	BR10J-8956 पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल	सन्हौला 62/2024 29.04.2024	3,000	600	–	Scrap
28	41/2024-25	अंकित नहीं होण्डा एक्टिवा स्कूटी	सन्हौला 139/2024 29.08.2024	2,000	400	–	Scrap
29	08/2025-26	BR01GC-9954 चार पहिया वाहन (बोलेरो)	सन्हौला 136/2024 25.08.2024	70,000	14,000	NOT FOUND	
30	08/2024-25	BR43B-3473 बोलेरो डी0आई0	सन्हौला 22/24 22.02.2024	55,000	11,000	–	
31	08/2024-25	BR1AP-7586 सुमो	सन्हौला 22/24 22.02.2024	30,000	6,000	राजीव रंजन, पे0–जितेन्द्र कुमार सिंह, सा0–घुठियानी, मदरगंज, अमडंडा, जिला–भागलपुर	
32	85/2023-24	JH05AD-7625 बोलेरो वी0एल0एक्स0 2डब्लू0डी0 बी0एस0 2	सन्हौला 135/23 21.08.2023	1,41,500	28,300	पूर्णेदु कुमार,पे0–नानोलाल महतो, सा0–धोरी, पो0–फुसरो, था0–बेरमो, जिला– बोकारो, राज्य–झारखंड, पिन नं0–829144।	
33	54/2023-24	BR10AM-9013 एच0एफ0 डिलक्स मोटरसाईकिल	सनोखर 162/23 22.06.2023	51,000	10,200	रौशन कुमार,पे0–हीरालाल मंडल, सा0–नगराह, प्राथमिक विद्यालय, नवगछिया जिला– भागलपुर, पिन नं0–853204।	
34	77/2024-25	BR33GB-7411 टाटा ए0सी0ई0 गोल्ड पिकअप	सनोखर 58/2024 31.03.2024	3,00,000	60,000	शेखर कुमार, पे0–रामबाबू चौधरी, सा0–जितवारपुर, वार्ड नं0–14, जिला– समस्तीपुर, पिन नं0–848134।	
35	51/2024-25	NOT FOUND हुंडई आई 10 कार	उत्पाद 275/24 20.03.2024	30,000	6,000	–	Scrap
36	105/2024-25	JH09M-1600 मारूति सुजुकी स्वीफ्ट डिजायर कार	औद्योगिक प्रक्षेत्र 165/2023 16.10.2023	25,250	5,050	मो0 अफताब आलम, पे0–मो0 मुस्तफा, सा0– मदीना अपार्टमेंट विंग नं0–02, गंगजला, वार्ड नं0–16, प्रोफेसर कॉलोनी, जिला–बोकारो, राज्य–झारखंड, पिन नं0– 827013।	
37	85/2024-25	BR10GC-1802 TATA INTRA V10 BS-VI	औद्योगिक प्रक्षेत्र 57/2024 28.03.2024	4,10,000	82,000	रोहित कुमार, पे0–गोपाल राय, सा0–नियर उज्जवल मिश्टान भंडार, भट्टा, 291 ईशाकचक रोड, जिला–भागलपुर, पिन नं0–812001।	
38	19/2025	- महिन्द्रा स्कॉर्पियो	औद्योगिक प्रक्षेत्र 175/2024 19.10.2024	70,000	14,000	–	Scrap
39	38/2025-26	अंकित नहीं ग्लैमर मोटरसाईकिल	अमडंडा 33/25 13.03.2025	3,000	600	अज्ञात	Scrap
40	02/2025-26	BR10AG-4793 स्पेलेंडर प्लस मोटरसाईकिल	अमडंडा 58/24 13.06.2024	41,000	8,200	महेश मंडल, पे0–प्रकाश मंडल, सा0+पो0–ममलखा, था0–सबौर, जिला–भागलपुर, पिन नं0–813210।	
41	21/2024-25	BR10N-6294 सी0बी0 साईन मोटरसाईकिल	अमडंडा 18/24 28.03.2024	15,000	3,000	संतोश कुमार, पे0–स्व0 उमेश यादव, सा0–87 फतेहपुर, मालिक सबौर, जिला–भागलपुर, पिन नं0–813210।	
42	40/2024-25	अंकित नहीं टी0वी0एस0 स्टार सिटी मोटरसाईकिल	अमडंडा 68/24 23.06.2024	3,000	600	–	Scrap
43	42/24-25	- साईकिल	अमडंडा 81/2024 05.08.2024	300	60	NOT FOUND	
44	32/2023-24	DL4CAN-8453 होंडा अमेज 1.5 कार	लोदीपुर 66/23 07.04.2023	1,75,000	35,000	तफसीर आलम, पे0–सरफराज़ आलम, सा0– एफबी–2/बी अपर ग्राउण्ड, शाहीनबाग, पार्ट– 02, जामिया नगर, नई दिल्ली, पिन नं0–110025।	
45	34/2025	BR10AC-3306 हिरो पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल	लोदीपुर 209/2022 22.08.2022	12,000	2,400	प्रकाश मंडल, पे0–आनंदी मंडल, सा0+पो0– आनंदपुर, था0–लोदीपुर, जिला–भागलपुर, पिन नं0–813210।	
46	43/2024-25	BR10F-4766 Hero Splender Plus Motorcycle	एन0टी0पी0सी0 27/2024 17.08.2024	8,000	1,600	NOT FOUND	Scrap
47	16/2024-25	BR10AD-1890 स्पेलेंडर प्लस मोटरसाईकिल	बाखरपुर 241/2023 09.07.2023	38,000	7,600	रंजीत कुमार जयसवाल, पे0–विश्वनाथ जयसवाल, सा0–बिशनपुर, धुमघर, कोढ़ा, जिला–कटिहार, पिन नं0– 854115।	
48	410/2025	BR10AH-4651 टी0भी0एस0 रेडॉन मोटरसाईकिल	बुद्धुचक 67/2024 30.10.2024	45,000	9,000	गौतम कुमार, पे0–नारायण पासवान, सा0+पो0–मथुरापुर, वार्ड नं0–01, था0– शिवनारायणपुर, जिला–भागलपुर, पिन नं0–813222।	
49	10/2025	JH01BN-0957 टाटा जेस्ट एक्स ई कार	मोजाहिदपुर 175/2024 17.07.2024	1,75,000	35,000	डेजी देवी, पे0/पति– पुलिस पासवान, सा0– सरणा टोली, पिस्का नगड़ी, जिला–राँची, राज्य–झारखंड पिन नं0– 835303। सा0–पिस्ता, भागलपुर पिन नं0– 812005।	
50	72/2023-24	BR10AN-0377 प्लसर 125 मोटरसाईकिल	पीरपैंती 229/2023 01.07.2023	48,000	9,600	राजू पासवान, पे0–शंभू पासवान, सा0+पो0+था0–पीरपैंती, वार्ड नं0–17, जिला– भागलपुर, पिन नं0–813209।	
51	11/2024-25	BR10K-7906 स्पेलेंडर प्लस मोटरसाईकिल	रसलपुर 1352/2023 04.12.2023	4,000	800	मो0 महमुद, पे0–अब्दुल भाकीद, सा0–पन्नालाल रोड, मिरजानहाट, जिला– भागलपुर, पिन नं0–812005।	
52	46/2025-26	BR10AF-0881 प्लेटिना 100 ई0एस0 मोटरसाईकिल	अंतीचक 118/2023 30.10.2023	28,000	5,600	रामनाथ चौधरी, पे0–गणेश चौधरी, सा0–संगीतैठा, अंतहवन, था0–एकचारी दियारा, जिला– भागलपुर, पिन नं0–813203।	
53	55/2025	– साईकिल	बरारी 227/25 29.08.2025	300	60	मदन मॉझी, पे0–स्व0 महेन्द्र मॉझी, सा0–हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुसहरी टोला, था0–बरारी, जिला–भागलपुर।	
54	30/2025	BR21S-3601 टी0वी0एस0 एक्स0एल0 100 हैवी ड्युटी एलॉय मोटरसाईकिल	गोराडीह 06/2025 06.01.2025	5,000	1,000	दंगल साह, पे0–लालू साह, सा0+पो0+था0–हिलसा, जिला–नालंदा, पिन नं0– 803101।	

भागलपुर जिला के वेबसाईट www.bhagalpur.bih.nic.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी,
–सह–समाहर्त्ता, भागलपुर

PR- 013681 (Excise) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बाल कन्या के रूप में दर्शन देती हैं बेना साह वाली मां

नीम के पेड़ में अवतरित हुई मां ● आंखों में कभी लगा था कोहिनूर हीरा ● नवमी के दिन हवन के साथ होता है भंडारा

शारदीय नवरात्र पर विशेष

-संजीवन कुमार जमुआर-

पटना सिटी। पाटलिपुत्र की प्राचीन नगरी में कई देवी मंदिर हैं जिनके धार्मिक महत्व अलग-अलग हैं उन मंदिरों में एक हैं कन्या मंदिर सुदर्शन पथ के दक्षिणी बेना शाह के बाग स्थित प्राचीन देवी मंदिर जहां हर वर्ष नवरात्रि में श्रद्धालु भक्तों की ज्यादा भीड़ होती है इस मंदिर के बारे में जनश्रुति है कि हजारों वर्ष पुरानी इस मंदिर में नवरात्र के दौरान बाल कन्या के रूप में मां किसी न किसी रूप में दर्शन जरूर देती हैं। जानकार लोग जाता है कि पहले मंदिर के चारों ओर घना जंगल व पानी से भरा जल्ला हुआ करता था मंदिर जाने के लिए सिर्फ कटे तार के पेड़ का बल्ला हुआ करता था लोग किसी तरह दिन के उजाले में मंदिर में पूजा-पाठ करने आते थे खासतौर पर नवरात्र में एक तिरपाल लगाकर पाठ होती थी। नीम के पेड़ में अवतरित मां की ऐसी महिमा थी कि एक श्रद्धालु के मन्नत पूरा होने पर आंखों में कोहिनूर हीरा लगा दिया थी जिसपर रोशनी पड़ते कुछ देर के लिए मंदिर चकाचौंध हो जाती थी वहीं हीरा की खबर चोरों को मिलते ही मां की मूर्ति चोरी हो गयी बाद में चोर की कुछ दिनों के बाद मृत्यु हो गयी वहीं मां के परम भक्त बेना साह नाम के व्यक्ति को मां ने सपना दिया और चोरी हुई मूर्ति मिल गयी जिसे बाद में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित कर दी गई। वहीं बेना साह नाम के व्यक्ति हर दिन मां की पूजा-अर्चना करता रहा, उसने मां से इच्छा मृत्यु मानी और मरने के बाद लोगों ने मंदिर के सामने उनकी समाधि बना दिया, वहीं धीरे- धीरे मंदिर के आसपास घनी आबादी वस गयी सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे इलाके में ज्यादा तर रोज कमाने खाने वाले लोग रहते हैं पर मां की महिमा से सब लोग खुश रहते हैं वहीं कोरोना कल में भी किसी को कोरोना वायरस नहीं हुआ और सब की दिनचर्या सामान तौर पर बीती। इस संबंध में मंदिर के पुजारी पंडित परशुराम बताते हैं कि नवरात्र में दसों दिन वैदिक अनुष्ठान से पूजा-अर्चना होती है मंदिर परिसर में एक और मां की प्रतिमा बैठती है जिसका विसर्जन भ्रद घाट में धूमधाम से किया जाता हैं साथ ही नवमी को हवन के बाद मां को पूरी व चना की दुधनी भोग लगने के बाद पूरे इलाके के लोग आकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। पंडित जी का कहना है कि हर दिन सुबह के तीन बजे मां का पट खोल दिया जाता है।



पटना विमेंस कॉलेज में डांडिया प्रतियोगिता, निशा की टीम प्रथम

पटना (आससे)। पटना विमेंस कॉलेज में बुधवार को नवरात्रि के अवसर पर भव्य डांडिया नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नौ समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से परिसर को उत्सवी रंगों से भर दिया।



प्रतियोगिता में निशा और उनकी टीम ने प्रथम, रिया और उनकी टीम ने द्वितीय तथा यशिका और उनकी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल ने नृत्य, वेशभूषा और समूह समन्वय के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सिस्टर एम. तनीषा ए.सी. के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल


सुविचार
जो लोग आज मेहनत करते हैं, उनके पास कल सफलता होती है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां पर झूमा गांधी मैदान

दशहरा महोत्सव का समापन

पटना (आससे)। गांधी मैदान में चल रहे चार दिवसीय दशहरा महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम में पारंपरिक लोकगीतों की मिठास, लोकनृत्यों की जीवंतता और सुरीली गायिकी ने महोत्सव की अंतिम दिन यादगार बना दिया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण सांस्कृतिक उल्लास और उत्सव की उमंग से डूबा रहा। कार्यक्रम में कलाकारों



ने बिहार की समृद्ध लोकपरंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां जैसे मधुर लोकगीत के साथ झिझियां, कृषि नृत्य और झूमर की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बिहार की सांस्कृतिक विरासत के विविध रंग से रूबरू कराया। इन प्रस्तुतियों में मिथिलांचल एवं मगध की मिठास, लोक आस्था, ग्रामीण जीवन और सामूहिक उल्लास की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिकी भव्या पंडित ने अपनी सुरीली आवाज और मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांडिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने उत्सव में उमंग, ऊर्जा एवं रंगों का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। संगीत और नृत्य की इस खूबसूरत जुगलबंदी ने दर्शकों को सांस्कृतिक आनंद से भर दिया। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा के द्वारा कलाकारों एवं इस आयोजन से जुड़े अधिकारियों एवं अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय
(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)
तेजस्विनी हिल्स, पेरिया, कासरगोड - 671325
सं. सीयूके/आरईसीआरटी/टीईएसीएच/2023 दिनांक: 15 सितंबर 2026
विभिन्न बैकलॉग एससी/एसटी/ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी शिक्षण पद
(रोलिंग विज्ञापन का द्वितीय चरण)
नीचे दिए गए रोलिंग विज्ञापनों (द्वितीय चरण) के तहत, विभिन्न रिक्त बैकलॉग शिक्षण पदों के लिए योग्य भारतीय नागरिकों/भारत के विदेशी नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :
विज्ञापन सं. सीयूके/ आरईसीआरटी/ टीईएसीएच/2023/ बीएल1 एवं बीएल2 दिनांकित 01.01.2026 (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्त बैकलॉग शिक्षण पदों के लिए)
रिक्त पदों से संबंधित विवरण के लिए www.cukerala.ac.in देखें।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का लिंक https://curec.samarth.ac.in
ऑनलाइन आवेदन आरंभ होने की तारीख:15.10.2026,11ए.एम.
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख:15.11.2026,11.59 पी.एम
आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तारीख:30.11.2026, 05पी.एम.
CBC 21353/11/0003/2627
कुलसचिव

चतुर्थी को हुई कूष्माण्डा दुर्गा की उपासना

बिल्वाभिमंत्रण कल, पट खुलेगा परसो

पटना (आससे)। नवरात्र के चौथे दिन कूष्माण्डा दुर्गा की पूजा आराधना की गयी। मां कूष्माण्डा ही आदिशक्ति हैं, जिनसे हुई ब्राह्मण्ड की रचना। कूष्माण्डा दुर्गा के रूप में



नवरात्र की चौथी पूजा मध्याह्न तक सम्पन्न हुई। चण्डी पाठ अपराह्न तक सम्पन्न हुआ। बड़ी पटनदेवी, छोटी पटनदेवी, काली स्थान, शीतला मंदिर, अखंडवासिनी मंदिर जैसे देवी तीर्थों, स्थानों में प्रात:काल से पूजा अर्पणएवं दर्शन करनेवाले श्रद्धालुओं का दिनभर आना जाना लगा रहा। इन स्थानों में देवी तीर्थ का दृश्य उपस्थित रहा। दुर्गापूजा के सभी पंडालों में नवरात्र की चौथी पूजा हुई। पुरोहितों ने किये चण्डी पाठ। महावीर मंदिर में दिनभर होता रहा चण्डीपाठ। गुरुवार को आज मां दुर्गा का पंचमी पूजन स्कन्दमाता दुर्गा के रूप में होगी। दुर्गार्चन विधान के अनुसार आज मां दुर्गा को अंग राज, चंदन आदि का विशेष अर्पण होगा। कल षष्ठी तिथि में बिल्वाभिमंत्रण। बंगीय समाज के नवरात्र में बोधन एवं अधिवास पूजन।

बिल्लाभिमंत्रण में पुरोहित के साथ यजमान बेलवृक्ष के पास जाकर जिस शाखा में दो फल हो उसे विधिवत पूजा पूर्वक शिवा और शिव के रूप में आमंत्रित किया जाता है। बोधन पश्चात यजमान कहता है- हे बेल वृक्ष! तुमने श्रीशैल पर जन्म लिया है, तुम मां लक्ष्मी के निवास हो, तुम्हें ले चलना है, चलो तुम्हारी पूजा मां दुर्गा के रूप में करनी है। प्रात:काल जब उस आमंत्रित शाखा को काटा जाता है तब यजमान बेल वृक्ष के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहाता है- हे सौभाग्यशाली बिल्व, तुम सदा शंकर के प्यारे हो, तुमसे एक शाखा लेकर मैं दुर्गापूजा करूंगा। हे प्रभु! टहनी काटने से आप कष्ट का अनुभव नहीं करना, हे बिल्व तुम वृक्षों के राजा हो, मैं तुम्हें नमस्कार करता हूं। सप्तमी को इसी शाखा के साथ नवपत्रिका प्रवेश पूजन होगा। पंडालों में पट खुलेगा। देवी दर्शन के लिए १७ को अपराह्न।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
बैच संख्या: 28/26, दिनांक: 12.10.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई निविदा का आमंत्रण किया जाता है:-
1. निविदा संख्या: 08265019, संक्षिप्त विवरण: सीएनसी सरफेस व्हील लेथ अलॉन्ग सीएएमसी फॉर 05 इयर्स। मात्रा: एज पर टेंडर शेड्यूल निविदा खुलने की तिथि: 02.11.26 निविदा खुलने की समय: 14:00 बजे। 2. निविदा संख्या: 07266061, संक्षिप्त विवरण: रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ स्पेयर फॉर एलओआरएएम मेक रेल ग्राइंडिंग मशीन। मात्रा: 1.00 लंपसम, निविदा खुलने की तिथि: 04.11.26, निविदा खुलने की समय: 14:00 बजे। नोट: उपर्युक्त सभी निविदाएं ई-टेंडर हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं के सभी संशोधन भी केवल IREPS वेबसाइट पर ही ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएंगे। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।
स.सा.प्रबंधक सह-सचिव प्र.मु.सा.प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर
पीआर/1104/एचक्यू/स्टोर/टी/26-27/32

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
सं.- सी/407/विविध/एस.टी.बी.ए./2025
दिनांक- 12.10.2026
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से सोनपुर मंडल के 02 NSG-6 श्रेणी स्टेशनों (हरौली फतेहपुर एवं नंदनी लगुनिया) पर कमीशन के आधार पर तीन वर्षों के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट के चयन के लिए यह खुली निविदा पद्धति है। खुली निविदा पद्धति का नियम एवं शर्त निम्न प्रकार है:- 1. कार्य का विवरण: सोनपुर मंडल के 02 NSG-6 श्रेणी स्टेशनों (हरौली फतेहपुर एवं नंदनी लगुनिया) पर कमीशन के आधार पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट के चयन के लिए यह निविदा पद्धति है। प्रत्येक स्टेशन के चयनित एस.टी.बी.ए. को रेलवे प्रशासन के साथ एकरारनामा करना होगा। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्य की अवधि: रु. 2,000/-(दो हजार) प्रति आवेदन (वापसी योग्य नहीं) 03 (तीन) वर्ष। 3. अग्रधन राशि: NSG- 6 हेतु रु.2000/-(दो हजार)। 4. (i) निविदा प्रपत्र निविदा बॉक्स में गिरने की तिथि एवं समय तथा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा करने की तिथि एवं समय: दिनांक 12.10.2026 से 03.11.2026 तक शनिवार, रविवार और अवकाश को छोड़कर कार्यालय कार्य दिवस में 10:00 बजे से 18:00 बजे तक और दिनांक 04.11.2026 को 12:00 बजे तक स्थान - वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय, सोनपुर में रखे टेंडर बॉक्स में गिराया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। (ii) निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 04.11.2026 को 12:30 बजे। नोट: रेल प्रशासन को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त कर सकती है।
मंडल रेल प्रबन्धक (वा.)/पूर्व मध्य रेलवे, सोनपुर
पीआर/1102/एसईई/सीओएमएल/नोटिस/26-27/44

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
ई-निविदा संख्या: 01-GSU-DHN-2026-27
1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि: गति शक्ति यूनिट, धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चरण-II में गोमोह, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, पहाड़पुर, लातेहार, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, गढ़वा टाउन, रेणुकूट एवं चोपन स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु द्वितीय प्रवेश द्वार का विकास किया जाएगा, जिसमें फुट ओवर ब्रिज (FOB) से जुड़े नए स्टेशन भवन, सड़क, पार्किंग स्थल, चारदीवारी, आवागमन हेतु रास्ते, पोर्च, नाली, बागवानी, संबंधित उपयोगिताओं की शिफ्टिंग तथा अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बरकाकाना, चोपन एवं डाल्टनगंज स्टेशनों पर प्रथम प्रवेश द्वार से संबंधित विकास कार्य भी किए जाएंगे। 12 (बारह) माह
2. कार्य की लगभग लागत : रू.120,61,79,503.77
3. बयाने की राशि (रूपये में): www.ireps.gov.in आईआरईपीएस पोर्टल पर प्रदर्शित राशि के अनुसार लागू होगी। 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तारीख 09.11.2026 को 12.00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 09.11.2026 को 12.30 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in ई-निविदा के अंतर्गत कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। नोट: (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in अवलोकन करें।
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति यूनिट)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल
पीआर/1099/डीएवएन/जीएस/टी/26-27/48

अवैध हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

दानापुर (आससे)। बीती रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की शाहपुर थानांतर्गत सिकन्दरपुर में एक व्यक्ति अवैध हथियार से फायरिंग कर दहशत फैला रहा है। इस सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक, दानापुर के नेतृत्व में शाहपुर थानाध्यक्ष द्वारा एक छापामारी दल गठित किया गया। फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त स्थान पर पहुंच कर उक्त सूचना का सत्यापन किया। जिसके क्रम में मुबारकपुर कृषि फार्म के पास एक व्यक्ति को पकड़ा गया।

पकड़ाये व्यक्ति का तलाशी लिया गया तो जिनके पास एक देशी पिस्टल, चार कारतूस, एक खोखा एवं एक मोबाईल फोन को बरामद करते हुए एक मोटरसाईकिल को विधिवत जप्त किया गया तथा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अपराधी का दीपक कुमार, पिता रामाशंकर राय, साकिन -मुबारकपुर कृषि फार्म, थाना-शाहपुर, जिला-पटना बताया गया है।

अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स से युवक के अपहरण का मामला

पटना (निप्र)। पैसे के लेन देन के मामले को लेकर पिछले दिनो मौर्या लोक कम्पलेक्स से कौशलेन्द्र नामक युवक जो भुपति नगर का रहने वाला है उसका अपहरण कर लिया गया था। कौशलेन्द्र के अपहरण के बाबत इसकी पत्नी ने कोतवाली थाना में दिव्याशं कुमार उर्फ दिव्यांग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी प्रसाद के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमे कोतवाली



थानाध्यक्ष अजय कुमार और एसआई अरविन्द कुमार को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल टावर लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और मानवीय आसूचना के बाद पुलिस को एक महत्वपूर्ण लीड मिली जिसके बाद एसआई अरबिन्द कुमार के नेतृत्व मे एक टीम भागलपुर पहुचीं और भागलपुरी पुलिस के सहयोग से विश्वविद्यालय इलाके मे छापामारी कर अपहृत कौशलेन्द्र को सकुशल बरामद करते हुए मौके सात लोगो को गिरफ्तार किया जिसमे प्राथमिकी अभियुक्त दिव्यांस कुमार उर्फ दिव्यांग कुमार मुजफ्फरपुर, हिमाशु शेखर, कुमार मयंक दोनो भागलपुर, निभाष कुमार भागलपुर, भुपेन्द्र कुमार सिंह रोहतास, निरज कुमार भोजपुर, पवन कुमार बांका शामिल है।

पूछताछ के दौरान पैसो के लेन देन मे इनके द्वारा कौशलेन्द्र का अपहरण किया गया था। बहरहाल पकडे गये सभी अभियुक्तों का मेडिकल कराने के बाद न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है।

फार्मेट सी-1

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं0- 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता- डॉ0 रंजन कुमार
राजनैतिक दल का नाम- स्वतंत्र
निर्वाचन का नाम- बिहार विधान परिषद
निर्वाचन क्षेत्र का नाम- पटना शिक्षक

मैं डॉ0 रंजन कुमार, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे मे निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ

क्र0 सं0	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामले के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं0 एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय के नाम एवं आदेश (शो) की तारीख	अपराध(अपराधो और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पटना।	गाँधी मैदान कांड सं0- 305/12 पटना, बिहार	3 बिहार प्रिवेन्सन ऑफ रिपोजमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985	शुन्य	शुन्य
2	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पटना	कोतवाली थाना कांड सं0- 445/13	3 बिहार प्रिवेन्सन ऑफ रिपोजमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985	शुन्य	शुन्य
3	रेलवे मस्जिद्रेट पटना जंक्शन	राजेन्द्र नगर थाना कांड सं0- 46/2014	117(a) 147, 145 एवं 146 एवं 156 रेवले एक्ट	शुन्य	शुन्य
4	अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पटना	सचिवालय थाना कांड सं0- 128/13	3 बिहार प्रिवेन्सन ऑफ रिपोजमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985	शुन्य	शुन्य

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल

मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन • शंका या भ्रम • मिर्गी आना • बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा • बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना • अकारण घबराहट, बेचैनी • डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना • मंद बुद्धि • याद नही करना/ याददाश्त में कमी


नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबधित समस्या
सेक्स संबधित समस्या

डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पताः HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

फाईब्रोस्कैन
50% की छूट
सीमित अवधि के लिए
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।

फाइब्रोस्कैन के फायदे
☑ बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
☑ तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
☑ सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नही)
☑ सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
☑ तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)

डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore
लिवर को जानें, समय पर रोकें
सामान्य लिवर | सिरोसिस
DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre

Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys
Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
● Kidney Stone Treatment ● Prostate Care
● Urinary Tract Infections (UTI) ● Andrology & Male Health
● Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre

डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD - 804417
Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

भर्ती मरीजों के उपचार में नहीं हो कोताही, दोषी पर होगी कारवाई

❒ पीड़ित परिवार को सरकार देगी मुआवजा ❒ केंद्रीय मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री मिले नाव हादसा के शिकार से ❒ तीन का अस्पताल में हो रहा उपचार, तीन को भेजा घर

पटना सिटी (आससे)। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती वैशाली के राघोपुर के रामपुर पंचायत के भगतान टोला में मंगलवार की रात हुए नाव हादसा में शिकार तीन बच्चों से मिलने के लिए बुधवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान व स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पहुंचे,दोनों मंत्री ने अस्पताल के शिशु रोग विभाग के आइसीयू मे भर्ती 11 वर्षीय अनुष्का व पांच वर्षीय पुटूस कुमार व इमरजेंसी में भर्ती सात वर्षीय कार्तिक की स्थिति को देखा, इसके बाद परिजन व पीड़ित डोमन राय से मिल कर घटना की जानकारी ली. साथ में उपस्थित कॉलेज प्राचार्या डॉ प्रो उषा कुमारी,अधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिन्हा, उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा और विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार से बच्चों की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिया है कि उपचार में किसी तरह की कोताहीं नहीं हो,बच्चे स्वस्थ्य होकर घर लौटे ।इस मौके पर केंद्रीय



मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि नाव हादसा मामले में पीएम नरेंद्र मोदी के संज्ञान में पूरा मामला है. जो भी कुसूरवार व दोषी है. उनको बख्शा नहीं जायेगा।. ग्रामीणों की ओर से कहा गया है कि नाव उपलब्ध कराने की मांग की गयी थी. लेकिन नाव मुहैया नहीं हुआ।. इस मामले की भी जांच होगी. इसके बाद पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि हदय विदारक घटना में जिम्मेवार पर कार्रवाई होगी.निरीक्षण में साथ रहे अस्पताल के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि दवा से लेकर सारी सुविधाएं इलाजरत बच्चों को अस्पताल प्रशासन मुहैया कराये. पीड़ित परिवार को सरकार मुआवजा देगी. जिलाधिकारी वैशाली के नेतृत्व में गठित टीम दुखद घटना की जांच करेगी।

पिस्टल सटाकर गृहस्वामी को दो घंटे तक बंधक बनाये रखा

फुलवारी शरीफ. गोपालपुर थाना क्षेत्र के न्यू शाहपुर में बुधवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर गृहस्वामी को पिस्टल सटाकर करीब दो घंटे तक अपने कब्जे में रखा और लाखों रुपये के जेवरात लूट लिये. बदमाशों ने घर की अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर करीब साढ़े चार लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण समेट लिये और अलग-अलग बाइक से फरार हो गये. दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गयी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाते हुए एफएसएल की मदद से जांच शुरू कर दी है. पीड़ित राजेश प्रसाद मूल रूप से इस्लामपुर के रहने वाले हैं और टोटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं. उन्होंने इसी वर्ष अप्रैल में न्यू शाहपुर में नया मकान बनवाया था, जहां परिवार के साथ रह रहे हैं. राजेश प्रसाद के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी पत्नी अनु देवी घर में ताला लगाकर बाजार गयी थीं. करीब दो बजे राजेश खाना खाने घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला खुला मिला. घर के अंदर दो संदिग्ध युवक मौजूद थे.

राजेश ने युवकों से पूछा कि वे घर में कैसे घुसे, तभी एक बदमाश ने उनकी कनपटी पर पिस्टल सटा दी और चुप रहने की धमकी दी. इसके बाद दोनों बदमाशों ने उन्हें कब्जे में लेकर घर की तलाशी शुरू कर दी. गोदरेज अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिये. पीड़ित परिवार के मुताबिक, लूटे गये जेवरात में टीका, नथिया, झुमके, मंगलसूत्र, पायल और जितिया पर्व के लिए बनवाये गये आभूषण शामिल हैं. वारदात के दौरान बदमाश करीब दो घंटे तक घर में रहे. इसके बाद दोनों अलग-अलग बाइक से मौके से फरार हो गये. बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित परिवार ने डायल 112 को सूचना दी. पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की. गोपालपुर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार के आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है.

दुर्गा पूजा में प्रशासन रहेगा मुस्तैद,मिलेगी सुविधा

पटना सिटी (आससे)। एसडीओ कशिश बक्शी की अध्यक्षता में बुधवार को दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था कायम रहे,इसके लिए बैठक की गयी. बैठक का संचालन एएसपी राजकिशोर सिंह ने की. बैठक में आलमगंज ,चौक,मालसलामी,सुल्तानगंज,खाजेकलां के थानाध्यक्षों के साथ अन्य थानों के थानाध्यक्ष ऑन लाइन जुडे थे।. एसडीओ ने बताया कि बैठक में विधि व्यवस्था संधारण व दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुए चर्चा के दौरान थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वो ड्राप गेट के लिए जगह चिह्नित करे,ताकि ड्राप गेट बनवाने का कार्य हो सके।. बैठक के दौरान विसर्जन को लेकर भी हो रही तैयारियों पर चर्चा की गयी. । एसडीओ ने बताया कि पानी टैंकर लगाया जायेगा,तब चलंत बाथरूम की व्यवस्था होगी. इसके लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग पीएचईडी को निर्देशित किया गया है. दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगी।

सिंघानिया बने जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

पटना सिटी (आससे)। जदयू के वरीय नेता राज कुमार सिंघानिया को पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी देते हुए बिहार प्रदेश जदयू (पू) अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बनाने पर उनके आवास बड़ी पहाड़ी पर अभिनंदन कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इस मौके पर महानगर के पूर्व अध्यक्ष आसिफ कमाल, प्रदेश नेता राज कुमार पटेल, प्रेम कुमार, अवधेश महतो, ननकी महतो, संजय मंडल, बिरजू कुमार ,अमर कुमार मंडल, बबलू कुमार ,राजेश पाल, श्रवण कुमार ,अर्जुन कुमार रंजीत पाल ने फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिघानिया ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्री शीला मंडल, मंत्री श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, ललन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमण्डल, बाँका

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04/2026-27

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	कार्यक्षेत्र जिलावार	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण-विपत्र का मुल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	निरीक्षण भवन जगतपुर बाँका के परिसर में पेवर ब्लॉक, गेट एवं गेबियन का रंग रोगन कार्य।	बाँका	2.02738	4100.00	500.00	15 दिन	
2	सिंचाई प्रमंडल, बाँका के परिसर में बोरिंग कार्य।	बाँका	0.96579	2000.00	500.00	07 दिन	
3	सिंचाई कॉलोनी बाबुटोला, बाँका के परिसर में चहारदिवारी एवं गैरेज का मरम्मती कार्य।	बाँका	3.24949	6500.00	750.00	15 दिन	
4	अधीक्षण अभियंता, सिचांई अचंल, भागलपुर के आवास का विषे मरम्मती कार्य।	भागलपुर	10.000	20000.00	1250.00	30 दिन	

2. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल, बाँका
3. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 10.10.2026
4. निविदा प्रपत्र की बिक्री तिथि एवं समय : दिनांक 23.10.2026 से 26.10.2026 तक (कार्यालय अवधि मे)
5. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.10.2026 को 3:00 बजे अपराहन में।
6. निविदा (तकनीकी बीड) खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.10.2026 को 3:30 बजे अपराहन में।
7. निविदा प्रपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बाँका (ख) अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, भागलपुर (ग) कार्यपालक अभियंता, आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमंडल, भागलपुर
8. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 7 में अंकित सभी कार्यालयों में।
9. वित्तीय बीड खेलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, बाँका

PR- 013621 (WRD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
पटना सदर
बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के तहत अपील वाद की आम सूचना
दाखिल खारिज अपील वाद
सं.-762/2026-26
भोला कुमार बनाम अंचल अधिकारी फुलवारीशरीफ एवं अन्य
ज्ञापांक-186 दिनांक 14.10.26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भोला कुमार पिता-शिवपुजन प्रसाद साकिन-नदियावां, पोस्ट-निसरपुरा, थाना-बेऊर, जिला-पटना के द्वारा बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 की धारा-7 के तहत दाखिल खारिज अपील वाद सं.-762/2026-27 अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में दायर किया गया है। उक्त वाद अंचलाधिकारी, फुलवारीशरीफ के दाखिल खारिज वाद सं.-522/2026-27 में पारित आदेश के विरुद्ध दायर किया गया है, जिसमें उत्तरवादी संख्या-2 अजीत कुमार पिता योगेन्द्रप्रसाद साकिन-भूपतिपुर, पोस्ट-कल्याणपुर, थाना-पीपरा, जिला-पटना अंकित है। प्रश्नगत वाद में विवादित भूमि का विवरण निम्नवत् है:-

विवादित भूमि का विवरण

मौजा-इसलामपुर, **थाना संख्या**-69, **खाता संख्या**-19, खेसरा संख्या-180, **रकवा**-15.625 डी.

चूं वजरिए नोटिस उपरोक्त उत्तरवादीगण को न्यायालय द्वारा अपना पक्ष रखने हेतु निबंधित डाक से सूचना निर्गत की गई थी। परन्तु सुनवाई के विभिन्न तिथियों पर अनुपस्थित रहे हैं।

अत: वजरिये प्रकाशन उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.10.26 को अपराह्न 01.00 बजेमेरे न्यायालय में स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें। अनुपस्थिति की स्थिति में मुकदमा की एकपक्षीय सुनवाई करते हुए उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

ह./-
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
पटना सदर

न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
पटना सदर
बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के तहत अपील वाद की आम सूचना
दाखिल खारिज अपील वाद
सं.-687/2026-26
भोला कुमार बनाम अंचल अधिकारी फुलवारीशरीफ एवं अन्य
ज्ञापांक-187 दिनांक 14.10.26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भोला कुमार पिता-शिवपुजन प्रसाद साकिन-नदियावां, पोस्ट-निसरपुरा, थाना-बेऊर, जिला-पटना के द्वारा बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 की धारा-7 के तहत दाखिल खारिज अपील वाद सं. -687/2026-27 अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में दायर किया गया है। उक्त वाद अंचलाधिकारी, फुलवारीशरीफ के दाखिल खारिज वाद सं. -521/2026-27 में पारित आदेश के विरुद्ध दायर किया गया है, जिसमें उत्तरवादी संख्या-2 अजीत कुमार पिता योगेन्द्र प्रसाद साकिन-वाजितपुर, पोस्ट-कल्याणपुर, थाना-पीपरा, जिला-पटना अंकित है। प्रश्नगत वाद में विवादित भूमि का विवरण निम्नवत् है:-

विवादित भूमि का विवरण

मौजा-इसलामपुर, **थाना संख्या**-69, **खाता संख्या**-19, **खेसरा संख्या**-180, **रकवा**-6.4062 डी.

चूं वजरिए नोटिस उपरोक्त उत्तरवादीगण को न्यायालय द्वारा अपना पक्ष रखने हेतु निबंधित डाक से सूचना निर्गत की गई थी। परन्तु सुनवाई के विभिन्न तिथियों पर अनुपस्थित रहे हैं।

अत: वजरिये प्रकाशन उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.10.26 को अपराह्न 01.00 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें। अनुपस्थिति की स्थिति में मुकदमा की एकपक्षीय सुनवाई करते हुए उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

ह./-
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
पटना सदर

भक्तों ने की कूष्मांडा की उपासना

पटना सिटी (आससे)। शारदीय नवरात्रि को लेकर बुधवार को भक्तों ने देवी के चौथे स्वरूप कुष्मांडा की उपासना की.। भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी,अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में जुटी। इस संबंध में शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि मंगला आरती से ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना हुई. छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी,गड़हा स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर में पुजारी बबलू पांडे की देखरेख में अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया . सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर में पुजारी राजेश मिश्र के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुई. बड़ी देवी जी मारूफगंज के अध्यक्ष संत लाल गोलवारा व सचिव डॉ राजेश कुमार, पूजा प्रबंधक अतानू साहा व महारागंज के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि वैदिक विधि से पूजा अर्चना की गयी. श्री दलहट्टा देवी जी,श्री नंदगोला बड़ी देवी जी, बंगाली समुदाय की ओर से गायघाट स्थित सांस्कृतिक परिषद गुलजारबाग में, खाजेकलां बड़ी देवी, तारणी प्रसाद लेन स्थित मुक्तेश्वरनाथ देवी मंदिर, नया गांव पूजा समिति, मनोरंजन पूजा समिति समेत अन्य पूजा समितियों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुये. इधर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ हुआ. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय व बेबी कुमारी की देखरेख में दुर्गा सप्तशति पाठ व चंडी पाठ चला.

राष्ट्रीय मंत्री ने की पूजा-अर्चना तख्त साहिब में लगायी हाजिरी

पटना सिटी (आससे)। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह प्रदेश भाजपा प्रभारी रोहन गुप्ता ने शक्तिपीठ बड़ी



पटनदेवी पहुंचे. जहां पर महंत विजय शंकर गिरि ने पूजा अर्चना का अनुष्ठान कराया,. इसके बाद माता की चुनरी आशीष के तौर पर दी.। इसके बाद वो श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में में हाजिरी लगायी. जहां पर तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह की ओर से गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया गया. वहीं प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही व वरीय उपाध्यक्ष सह राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लख्खा ने प्रतीक चिह्न,श्री साहिब व गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुड़े पुस्तके भेंट की। इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री का स्वागत नितिन अभिषेक,प्रदीप काश,अर्पण गुप्ता,प्रवीण पटेल,अनमोल शोभित, तख्त साहिब के अधीक्षक दलजीत सिंह व प्रबंधक हरदीप सिंह ने की।

संपतचक में महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर बन रहा पंडाल

फुलवारी शरीफ. नवरात्र शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं. संपतचक में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर बन रहे भव्य दुर्गा पूजा पंडाल की झलक अब सामने आने लगी है. पंडाल की बनती भव्य संरचना देखने के लिए अभी से दूर-दूर से लोग पहुंचने लगे हैं. गया-पटना मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक भी पंडाल को देखकर कुछ देर रुक जा रहे हैं. लोग इसकी बनावट को निहार रहे हैं, मोबाइल से तस्वीरें खींच रहे हैं और सेल्फी लेकर यादगार पल कैमरे में कैद कर रहे हैं. नवरात्र के पहले ही पंडाल को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ने लगी है. इस बार संपतचक में करीब 108 फीट ऊंचा और 108 फीट चौड़ा विशाल पंडाल बनाया जा रहा है. इसमें 18 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने की योजना है. पंडाल को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है. इसकी खासियत यह होगी कि मां दुर्गा के दर्शन के साथ श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के मंदिर की धार्मिक छटा भी देखने को मिलेगी. पंडाल परिसर में भगवान महाकाल का शिवलिंग और नंदी महाराज की स्थापना भी की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे.



In,
The Court of District & Sessiona Judge-1, Danapur
Title Appeul No.-41/2026
Panna Lal & others...
............Plaintiffs/Appellants
Versus
Laxmini Devi & others
.......Defendants/Respondents
Notice to,

l. Laxmini Devi, aged about...Years,widow of Suresh Rai@ Karu Gope 2. Subhash Kumar, aged about...Years, 3. Sunil Kumar, aged about...Years, Both sons of Suresh Rai @Karu Gope and all redident of Village-Mahua Bagh, P.S.-Danapur, present P.S. Rupaspur, P.O.-Sahay Nagar, District-Patna

Whereas notices in this case have been sent to you through registered post as well as through post office but you did not appear till date. Henceby this publication of notice in dailynewpaper you are directed to appear before this court on 18.11.26 either personally or through your Advocate failing which thecase will be heard exparte. Take notice of this.

Notice given under the seal and signature of the court.

District & Sessions Judge-1, Danapur
13.10.26

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-03, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-58 वर्ष-2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 24.10.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.10.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.10.2026 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	S/R with addition & alteration to E.I in 07 Nos Garrage Room in the Campus of High Court, Patna.	1,60,696.00	3,300.00	500.00	10 Days
2.	Renovation with E/W & E/I in Room No. 296 & 298 of Cabinet Secretariat Department at Old Sectt., Patna	10,35,111.00	20,800.00	2500.00	15 Days
3.	Renovation with addition & alteration to E/W & E/I along with computer networking, telephone wiring in room no. 159(B) of Planning and Development Department at ground floor, Old Sectt., Patna	14,23,014.00	28,500.00	2500.00	15 Days
4.	SITC of VRF AC with three Years maintenance in room no 159(B) of Planning and development department at Ground floor, Old Sectt., Patna	12,97,593.00	26,000.00	2500.00	15 Days
5.	Provision of Computer Networking system in Room No. 296 & 298 of Cabinet Secretariat Department at Old Sectt., Patna.	5,44,693.00	10,900.00	1250.00	15 Days
6.	SITC of Split AC, Computer Networking System, Telephone wiring etc in Director Chamber & waiting Room (Room No. 114) of Panchayati Raj Department at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,36,593.00	24,800.00	2500.00	15 Days
7.	Some Electrical related E/W & E/I at Court No. 30 Patna High Court, Patna.	1,45,374.00	3,000.00	500.00	10 Days

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना

PR- 013633 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

निदेशालय
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना

प्रेस विज्ञप्ति

स्वास्थ्य विभागीय आदेश संख्या 728(9), दिनांक 10.07.2026 के द्वारा डा0 जितेन्द्र कुमार सिंह, तत्कालीन उपाधीक्षक, अनुमण्डलीय अस्पताल, शेरघाटी, गयाजी सम्प्रति सेवानिवृत के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी है, जिसके संचालन हेतु अद्योहस्ताक्षरी को संचालन पदाधिकारी एवं प्रशाखा पदाधिकारी-(9) स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। विभागीय कार्यवाही के क्रम मे अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 156/अ0नि0को0, दिनांक 17.07.2026 के द्वारा दिनांक 11.08.2026 को, अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 172/अ0नि0को0, दिनांक 31.08.2026 के द्वारा दिनांक 08.09.2026 को तथा अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 181/अ0नि0को0, दिनांक 15.09.2026 के द्वारा दिनांक 29.09.2026 को उपस्थित होना था, परन्तु उक्त किसी भी तिथि को आप उपस्थित नहीं रहे।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के एक पक्ष के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के (कार्यालय प्रकोष्ठ कमरा सं0 362/स्वा0 विभाग नया सचिवालय), विकास भवन (तृतीय तल) में उपस्थित होकर साक्ष्यों एवं बचाव-बयान के साथ अपना अंतिम रूप से अपना पक्ष रखें। अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों को आधार मानते हुए विभागीय कार्रवाई की सुनवाई समाप्त कर दी जाएगी।

(डा0 संस्कृति सिन्हा बरियार)
अपर निदेशक
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।

PR- 013691 (Health) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।


नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,
मुजफ्फरपुर

अज्ञात मृत व्यक्ति का फोटो एवं विवरणी

1.	कांड सं0/सनहॉ सं0	**यातायात थाना कांड सं0-246/26, दिनांक-18.07.26, धारा-281/106(1) भा0न्या0सं0 एवं 187 एम.वी. एक्ट।**
2.	जिला	**मुजफ्फरपुर**
3.	थाना का नाम	**यातायात थाना**
4.	घटना की तिथि	**13.07.2026**
5.	सूचित करने की तिथि	**18.07.2026**
6.	लिंग/उम्र	**पुरुष/ लगभग 60 वर्ष**
7.	धर्म	–
8.	भाषा	–
9.	शरीर का बनावट	–
10.	रंग	**सॉवला**
11..	पहचान चिन्ह	–
12.	मृतक व्यक्ति का पहनावा	**बेगनी रंग का चेकदार शर्ट**
13.	उचॉई	**05 फीट, 05 ईच,**
14.	मृतक व्यक्ति का नाम/पता	**अज्ञात**
15.	वदी का पता एवं मोबाईल नं0-	**चौ0-3/15 आनंदी पासवान, पे0-स्व0 गणेश पासवान, सा0-हरिशंकर मनियारी, थाना-मनियारी, जिला-मुजफ्फरपुर, मो0-9661618158**



वरीय पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरपुर

PR. No. 013603 (Police) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ,
खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।

अस्पताल में छह लोगों का हुआ उपचार

पटना सिटी (आससे)। एनएमसीएच में छह लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया था। इस संबंध में. अस्पताल के अधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिन्हा व उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा ने बताया कि वैशाली प्रशासन की ओर से छह लोगों को उपचार के लिए भेजा गया था. इसमें तीन बच्चे सात वर्षीय कार्तिक कुमार,पांच वर्षीय पुटूस कुमार,11 वर्षीय अनुष्का का उपचार शिशु रोग विभाग में चल रहा है। सेंट्रल इमरजेंसी में भर्ती 14 वर्षीय चांदनी के ठीक होने पर बुधवार उसे डिस्चार्ज किया गया है. वहीं दो लोग 48 वर्षीय सत्येंद्र राय, 55 वर्षीय वीरेंद्र कुमार बुधवार की सुबह खुद चले गये है. शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि पीकू आइसीयू में इलाजरत दोनों बच्चों में 11 वर्षीय अनुष्का और पांच वर्षीय पुटूस कुमार की स्थिति स्थिर है. ऑक्सीजन पर रखा गया है.दोनों को निमोनियान के लक्षण मिल रहे है। इमरजेंसी में भर्ती कार्तिक की स्थिति में काफी सुधार है. भगतान टोला निवासी पीड़ित डोमन राय ने बताया कि घटना में इलाजरत बच्चों में अनुष्का भतीजी है,जबकि कार्तिक पोता और पुटूस नाती है.

न्यायालय,
श्रीमान एडिशनल मुंसिफ-1
श्री संजीव कुमार, पटना सिटी
स्वत्व वाद, सं.-145/2026
नूपुर वर्मा............................वादी
बनाम
उषा किरण गुप्ता वगैरह................
...............................प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम

1. उषा किरण गुप्ता पति रविन्द्र कुमार गुप्ता पता-माखनपुर ईदगाह, पो. गुलजारबाग, थाना आलमगंज जिला-पटना, 2 कुमारी अर्चना पति ज्योतिश कुमार ज्योति पता- स्वरूप कम्प्लेक्स, फ्लैट नं.-204, बाजार समिति रोड, न्यू बहादुरपुर जिला पटना चूंकि वादी ने स्वत्व वाद-145/2026 आपलोगों विरुद्ध दायर किया है, जिसकी सूचना आपलोगों को न्यायालय द्वारा निर्बधित डाक स्पीड पोस्ट एवं नजारत द्वारा भेजा गया है, परन्तु आपलोगों ने मुकदमा की जानकारी होने के बावजूद भी न्यायालय में उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए है। अत: बजरिये प्रकाशन आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.10.26 को समय 10.30 बजे दिन में मेरे न्यायालय में उक्त मुकदमा में आ स्वयं या किसी विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना-अपना दावा प्रस्तुत करें, वरना आपके अनुपस्थिति में इस मुकदमा की सुनवाई एकपक्षीय की जायेगी' इसे ताकिद जानं। आज दिनांक 8.10.2026 को समय करीब 11.00 बजे दिन में अदालत के हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया जाता है।

ह./-
मुंसिफ
जूनियर डिविजन, पटना सिटी

बिहार सरकार

समाहरणालय, भागलपुर
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद कार्यालय)
अल्पकालीन सूचना
प्रेस-विज्ञप्ति

अधिहरित (Confiscated) वाहनों की नीलामी की सूचना:-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत मद्यनिषेध उत्पाद विभाग/विभिन्न थानों में पूर्ण शराबबन्दी के क्रम में मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के अधीन दर्ज उत्पाद वादों में समाहर्त्ता, भागलपुर/प्राधिकृत अधिहरण न्यायालय से पारित आदेश के आलोक में निम्नांकित वाहनों की नीलामी **''जहाँ है, जैसे है''** के रूप में अपर समाहर्त्ता, भागलपुर की अध्यक्षता में वाहन नीलामी समिति के सदस्यों के द्वारा **दिनांक- 29.10.2026, 05.11.2026 एवं 19.11.2026** को **प्रत्येक सप्ताह के (बृहस्पतिवार) तथा सार्वजनिक अवकाश रहने पर उसके अगले कार्य दिवस** को पूर्वाहन् 11 बजे से खरमनचक स्थित सहायक आयुक्त मद्यनिषेध कार्यालय कम्पाउण्ड, भागलपुर में नीलामी की जायेगी। **तीन बार नीलामी के उपरांत् बचे हुए वाहनों के मूल्य को प्रत्येक नीलामी में 10% कम करते हुए ''जहाँ है, जैसे है'' के आधार पर तब तक नीलामी की जानी है, जब तक वाहन नीलाम न हो जाए।** सर्वोच्य बोली वाले ही नीलाम वाहन के क्रेता होंगे। यह आम सूचना निम्नांकित सूची में अंकित वाहनों के स्वामी के लिए भी सूचना है कि इन वाहनों को नीलामी हेतु योग्य घोषित किया जा चुका है। **वाहनों का निर्धारित मूल्य/वाहन का प्रकार एवं जप्त वाहनों के अभिरक्षा का स्थान (स्तंभ-04) निम्नांकित है:-**

क्र0 सं0	अधिहरण वाद संख्या	वाहन का निबंधन सं0/ वाहन का नाम	थाना का नाम (अभिरक्षा का स्थान)/काण्ड सं0/काण्ड दिनांक	अंतिम रूप से निर्धारित मूल्य	अग्रधन की राशि (स्तंभ-5 में निर्धारित मूल्य का 20%)	वाहन स्वामी/ प्रतिवादी का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	61/2025	PB08CE-0607 टी0वी0एस0 अपाची मोटरसाईकिल	कहलगाँव 269/25 23.08.2025	15,000	3,000	हरभजन सिंह, पे0-चानन सिंह, सा0-रसलपुर, वी0पी0ओ0 मेहतरपुर, टेहनक, जिला- जलंधर, राज्य-पंजाब, पिन नं0-144040।	

1. विशेष जानकारी हेतु सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भागलपुर के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते है तथा अधिक जानकारी के लिये भागलपुर जिला के वेबसाईट www.bhagalpur.bih.nic.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी,
-सह-समाहर्त्ता, भागलपुर।

PR- 013661 (forest) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

स्वास्थ्य विभाग ने बिना लाइसेंस की संचालित इकाइयों को कराया बंद

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार में आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य-सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की जा रही हैं। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने तथा बिना वैद्य खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध नियमानुसार कारवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को पटना के संपतचक, सोनोगोपालपुर, गौरीचक एवं आसपास के क्षेत्रों में पैकेज्ड पेयजल के निर्माण, पैकेजिंग एवं भंडारण से जुड़े पांच प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षा के दौरान बिना वैद्य खाद्य अनुज्ञप्ति के संचालित इकाइयों में पैकेज्ड पेयजल का कारोबार किये जाने तथा विभिन्न ब्रांडों के लेबल में पानी की पैकेजिंग किये जाने जैसी अनियमिताएं सामने आयी। इस कारवाई में कुल 15,340 लीटर पैकेज्ड पेयजल जब्त किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 3,07,960 रुपये हैं। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कारवाई करते हुए बिना लाइसेंस संचालित इकाइयों को बंद कराया गया।



खाली पड़े सरकारी भवन से संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

पटना (निप्र)। शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के नंदनगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप एक खाली सरकारी भवन से बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक युवक ने जींस और शर्ट पहन रखी थी, लेकिन घटनास्थल पर उसका कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन नहीं मिलने के कारण फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों और स्थानीय लोगों की मदद ले रही है। घटनास्थल पर की गई शुरुआती जांच में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। मृतक युवक के चेहरे पर चोट के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। इसके अलावा, शव के पास से एक नशीला इंजेक्शन और सिरिंज भी बरामद किया गया है, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच करवाई है और साक्ष्य जुटाए हैं। इस बाबत एसडीपीओ सचिवालय-२ साकेत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

पटना (आससे)। इंडियन एसोसियेशन ऑफ लॉयर्स पटना हाईकोर्ट द्वारा बुधवार को पटना हाईकोर्ट के गेट नंबर ४ पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गयी।



इस अवसर पर पटना हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा ने कहा कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस द्वारा की गयी कारवाई अत्यंत निंदनीय है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना अधिवक्ताओं का लोकतांत्रिक अधिकार है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं को हिरासत में लिया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों को दमन है। इस घटना की बिहार बार काउंसिल भी कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा पूरा अधिवक्ता समुदाय इस कारवाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराता है।

प्रदर्शन ने अधिवकताओं ने मांग की कि एसआईआर के माध्यम से लगभग १३ रोड नागरिकों के नाम मतदाता सूची से गायब किये जाने को आरोप है। यदि यह कारवाई सही और उचित थी, तो अब उन्हीं नामों को पुन: मतदाता सूची में कैसे जोड़ा जा रहा है? इस पूरे मामले में निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मतदाता सूची से नाम हटाने और पुन: जोड़ने की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाये तथा इसकी जवाबदेही तय की जाये। प्रदर्शन में पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता रामजीवन बाबू, उदय प्रताप सिंह, सागर सुमन, शगुफ्ता रशीद, कुमार संदीप, सूर्यश्वेताभ, डॉ. राजा राम राय, प्रेम कुमार पासवान, भीम कुमार, आदित्य सिंह, मनीष कुमार, विपिन चंद्रा, मीर सैफ अली सहित अन्य अधिवक्तागण शामिल हुए।

दुर्गापूजा के मद्देनजर ट्रैफिक एसपी ने किया खाजपुरा और जगदेव पथ मोड़ का किया निरीक्षण

पटना (निप्र)। दुर्गापूजा पर्व के दौरान पटना में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुगम यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात ने खाजपुरा और जगदेव पथ मोड़ स्थित प्रमुख पूजा पंडालों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और ट्रैफिक के दबाव का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसपी यातायात ने पर्व के दौरान लागू किए जाने वाले यातायात डायवर्जन प्लान की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने मौके पर मौजूद ट्रैफिक ओपी प्रभारी और पूजा समिति के सदस्यों के साथ आपसी समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया ताकि आम जनता और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर संबंधित थानों के पुलिस अधिकारी, ट्रैफिक ओपी प्रभारी और पूजा समितियों के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि पंडालों के आसपास भीड़ नियंत्रण और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि त्योहार का यह पावन अवसर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

स्कॉर्पियो की नीलामी में गड़बड़ी के आरोप में तत्कालीन मोटरयान निरीक्षक गिरफ्तार

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार में शराब के साथ जब्त स्कॉर्पियो की नीलामी में कथित गड़बड़ी के मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में तत्कालीन मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह घटना के समय गोपालगंज जिले में पदस्थापित थे और वर्तमान में गया जी में तैनात थे। आर्थिक अपराध इकाई ने 13 अक्टूबर 2026 को उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

यह मामला गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र में शराब के साथ जब्त की गई एक स्कॉर्पियो की पहचान अधिग्रहण और नीलामी में कथित अनियमितता से जुड़ा है। आर्थिक अपराध इकाई ने पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में दर्ज मामले की जांच के दौरान यह कार्रवाई की है। मामले में याचिकाकर्ता राधेश्याम सिंह का दावा है कि स्कॉर्पियो के वास्तविक मालिक वही हैं। उन्होंने वाहन चोरी होने के संबंध में 27 दिसंबर 2019 को रोहतास जिले के दिनारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि जब्त वाहन की नीलामी की प्रक्रिया में उसके वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर की पहचान नहीं की गई। इस कारण वाहन के असली मालिक को अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं मिला। इसी मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने

आर्थिक अपराध इकाई की बड़ी कारवाई

तत्कालीन उत्पाद अधीक्षक, नीलामी समिति के सदस्यों, बोलीदाता रियाजुल आलम और अन्य के विरुद्ध आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या 42/2025 दर्ज किया था। आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार, सुनील कुमार सिंह उस समय गोपालगंज में मोटरयान निरीक्षक के पद पर तैनात थे। आरोप है कि उन्होंने वाहन की नीलामी से पहले उसका भौतिक सत्यापन किए बिना मूल्यांकन प्रतिवेदन सौंप दिया था। प्रतिवेदन में वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर०६पीडी९०७० और न्यूनतम निर्धारित मूल्य दर्ज किया गया, लेकिन इंजन और चेसिस नंबर का उल्लेख नहीं किया गया। जांच एजेंसी का मानना है कि इस महत्वपूर्ण जानकारी की अनदेखी से वाहन की वास्तविक पहचान सामने नहीं आ सकी और गलत रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर दी गई।इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। सिधवलिया थाना कांड के तत्कालीन अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक राजेंद्र राम को 8 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, गोपालगंज जिला परिवहन कार्यालय के तत्कालीन लिपिक कन्हैया लाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर हैदर अली अंसारी को 14 सितंबर 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आर्थिक अपराध इकाई अब मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। एजेंसी के अनुसार, कथित अनियमितता में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का सत्यापन किया जा रहा है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कारवाई की जायेगी।

सूबे में छह लाख शिक्षकों के वेतन की जांच शुरू

शिक्षाधिकारी-कर्मचारी भी जांच की जद में , गड़बड़ी पर होगी कारवाई, अतिरिक्त राशि की भी होगी वसूली

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य भर में तकरीबन छह लाख शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन की जांच शुरू हो गयी है। जांच के बाद ही शिक्षकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान होगा।

वित्त विभाग के निर्देश के अनुरूप शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों की शत-प्रतिशत जांच होनी है। इसके तहत अगले महीने के वेतन भुगतान से पहले सभी संबंधित कर्मियों के वेतन और भत्तों से जुड़े आंकड़ों का अनिवार्य रूप से सत्यापन किया जाना है। वेतन भुगतान में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विधिसम्मत आपराधिक एवं अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी और अतिरिक्त भुगतान की राशि की वसूली होगी। आपको याद दिला दूं कि वित्त विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार द्वारा शिक्षा विभाग के सचिव को दिये गये पत्र के मुताबिक राज्यकर्मियों के वेतन विपत्र तैयार करने की प्रक्रिया एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संचालित होती है। वेतन भुगतान के लिए मेकर, चेकर और एप्रूवर स्तर पर वेतन विपत्र के सत्यापन एवं अनुमोदन के बाद सीएफएमएस के माध्यम से भुगतान किया जाता है। वित्त विभाग ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के वेतन भुगतान से संबंधित आंकड़ों की जांच में प्रथम दृष्टया कई विसंगतियां सामने आने की बात कही है। इसके मद्देनजर वेतन भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। वित्त विभाग ने निर्देश के तहत शिक्षा विभाग के मुख्यालय सहित सभी कार्यालयों में कार्यरत पदाधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों की शत-प्रतिशत जांच की जानी है। यह जांच विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देशन में अगले महीने के वेतन भुगतान से पहले पूरी की जानी है। इसका उद्देश्य वेतन भुगतान में संभावित गड़बड़ियों की पहचान कर समय रहते सुधार करना है। वेतन भुगतान की प्रक्रिया में मेकर, चेकर और एप्रूवर की भूमिका को लेकर भी वित्त विभाग ने सख्त निर्देश दिये हैं। जिन स्तरों पर वेतन भुगतान की प्रक्रिया में अनियमितता पायी गयी है, वहां संबंधित कर्मियों और अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार आपराधिक एवं अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

इसके साथ ही गलत तरीके से या अधिक भुगतान की गयी राशि की वसूली भी की जायेगी। इसके तहत मेकर, चेकर और एप्रूवर का दायित्व प्राथमिकता के आधार पर नियमित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को ही सौंपी जानी है। बहरहाल, जांच को लेकर कई जिलों में रविवार को भी जिला शिक्षा कार्यालय खुले रहे। वित्त विभाग के निर्देश पर शुरू हुई जांच ने फिलहाल खलबली मचा रखी है।

17 अक्टूबर को पटना में होगा रंगीलो रास डांडिया नाइट 2026 का भव्य आयोजन

पटना (निप्र)। पटना केदारोगा राय पथ स्थित महाराष्ट्र मंडल पथ में आगामी 17 अक्टूबर 2026 को रंगीलो रास डांडिया नाइट 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर दस्तक बिहार की ओर से महाराष्ट्र मंडल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों और प्रमुख आकर्षणों की जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में राज कुमार,संजीव राय,शुभम कुमार,मिथुन कुमार,यश राज, विकाश कुमार मौजूद रहे। इसके साथ ही एंटरटेनमेंट पार्टनर कौशिक डांस अकादमी के संचालक पंकज काशिक तथा फूड पार्टनर गौरव सिन्हा भी उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि इस भव्य आयोजन में सासद,विधान पार्षद्र,अधिकारी, डॉक्टर और पत्रकार समेत कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम में वायरल गर्ल सलोनी, स्नेहा रौशन, पल्लवी गिरि एवं भोजपुरी अभिनेत्री मनीषा यादव डांडिया में विशेष प्रस्तुति देंगी।कार्यक्रम में बिहार की पारंपरिक लोक-संस्कृति और शान झिझिया की विशेष प्रस्तुति भी होगी, जो आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहेगी। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण होगे सम्मान समारो,डांडिया प्रतियोगिता,मखाना व्यंजनों का शुभारंभ,झिझिया की विशेष प्रस्तुति,सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम और डांडिया एवं गरबा का भव्य आयोजन।आयोजकों ने बताया कि रंगीलो रास डांडिया नाइट 2026 के माध्यम से पटना में कला, संस्कृति, मनोरंजन और बिहार की लोक परंपराओं को एक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

बिहार सरकार

प्रचार्य का कार्यालय
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल
मेहंदिया बाजार, शिवपुर, कलेर, अरवल-804409,

Email ID- principal@gecarwal.ac.in

Adv. No.- 05/2026-27

VACANCY ANNOUNCEMENT

Government Engineering College Arwal invites application for the engagement of NATS Apprentices under the National apprenticeship Training Scheme (NATS).

Details of Vacancies are as follows:

Sl No	Branch	Qualification	Stipend Amount
1	Civil Engineering Computer Science Engineering Electrical Engineering Mechanical Engineering Library Science	Graduate/ Diploma in relevant Branches	Degree Level Rs-15000/- Diploma Level Rs- 10000/-

1. The candidates need to appear in the Walk-in-Interview on 26/10/2026.
2. Reporting Time:11:00 AM
3. It is mandatory for the candidates to have valid NATS Registraation ID.
4. Candidates are supposed to come with their CVs and all original documents alongwith two sets of Self attesded copies of all documents.
5. Candidates must be passed out Graduation/Diploma in last three years.
6. Reservation policy will be followed as per regulation of Govt of India.
7. Selected Candidate will be Paid stipend for one year (12 months) only, as per rule under section 8(1) of the apprentice's act 1961 as amended in 1973, 1986 and 2014.
8. There is no provision of TA/DA for appearing in the interview.

Venue: Government Engineering College Arwal, Mehandia Market, Koyal Bhupat Road, Shivpur, Block-Kaler, Arwal-804409

Principal GEC
ARWAL
Government Engineering College Arwal,

PR- 013675 (Sci & Tech) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

आर्थिक अपराध इकाई पहुंचे शिक्षक गुरु रहमान और छात्र नेता विकेश भट्ट

बिहार में पेपर लीक मामला

पटना (निप्र)। बिहार की प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। राज्य के जाने-माने शिक्षक गुरु रहमान और छात्र नेता विकेश भट्ट पटना स्थित आर्थिक अपराध इकाई के कार्यालय पहुंचे। गुरु रहमान और विकेश भट्ट ने बिहार पुलिस ड्राइवर बहाली, मद्य निषेध सिपाही भर्ती और रेडियो ऑपरेटर परीक्षा में हुई धांधली को लेकर मोर्चा खोला है। दोनों प्रतिनिधियों ने दावा किया है कि उनके पास इन तीनों महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक होने के ठोस और पुख्ता सबूत मौजूद हैं, जिन्हें वे आधिकारिक तौर पर जांच एजेंसी को सौंपने आए हैं।ईओयू अधिकारियों से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधियों ने युवाओं और छात्रों के भविष्य का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी छात्रों के साथ यह सरासर अन्याय है। पेपर लीक और धांधली जैसी घटनाओं से न केवल योग्य अभ्यर्थियों का मनोबल टूटता है, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। शिक्षक गुरु रहमान और छात्र नेता विकेश भट्ट ने आर्थिक अपराध इकाई से इन सबूतों के आधार पर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे फर्जीवाड़े के पीछे सक्रिय सॉल्वर गैंग और मुख्य साजिशकर्ताओं को बेनकाब कर उन पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

सांसद पप्पू यादव ने अदालत में किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत

पटना(आअस)। कोरोना काल के समय सरकार द्वारा दिये गये निर्देश का उल्लंघन करने और प्रतिबंधित क्षेत्र में जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने के मामले में सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बुधवार को एसीजेएम --15 प्रीति राय की अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत की मांग की। अदालत ने आरोपित को जमानत प्रदान कर दिया। सांसद के अधिवक्ता विजय आनंद ने बताया कि यह मामला गांधी मैदान थाना कांड संख्या 225/2020 से संबंधित है। दो नवंबर 2020 को आरोपित 150-200 लोगों के साथ महाविद्यालयों के वित्त रहित शिक्षा कर्मियों द्वारा बैनर के साथ सरकार के विरोध में अपनी मांगों को लेकर गांधी मैदान के पास नारेवाजी कर रहे थे।

समाहरणालय, कटिहार

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कटिहार जिलान्तर्गत विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में राजसात् किये गये निम्न वाहनों को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत आम नीलामी (Public Auction) **दिनांक 07.11.2026 (प्रथम) 14.11.2026 (द्वितीय) एवं 21.11.2026 (तृतीय)** को कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध परिसर कटिहार में पूर्वाहन **11:00** बजे से की जायेगी।

क्रम सं0	अधिहरण वाद संख्या	थाना का नाम/ अधीक्षक मद्यनिषेध का प्रस्ताव	थाना काण्ड संख्या	दिनांक	वाहन का प्रकार	वाहन का निबंधन संख्या	वाहन स्वामी का नाम एवं पता	निर्माण वर्ष	चेचिस नम्बर	इंजन नम्बर	मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित मूल्य	अग्रधन की राशि (मूल्यांकन राशि का 10 प्रतिशत)	वाहन का रख रखाव स्थान /थाना
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	173/24	सेमापुर	353/24	15.12.2024	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	सेमापुर थाना
2	185/26	सेमापुर	10 / 26	23.02.2026	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	सेमापुर थाना
3	180/24	सेमापुर	294/24	07.10.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सेमापुर थाना
4	187/26	सेमापुर	01 / 26	10.01.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सेमापुर थाना
5	68/26	सेमापुर	33 / 25	01.02.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सेमापुर थाना
6	235/25	बरारी	250/24	26.08.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	बरारी थाना
7	236/25	बरारी	332/24	21.11.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	बरारी थाना
8	70/24	पोठिया	422 / 23	04.12.2023	जुगाड़ गाड़ी	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	पोठिया थाना
9	180/26	पोठिया	52 / 25	19.06.2025	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	पोठिया थाना
10	219/25	पोठिया	98 / 24	21.10.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	पोठिया थाना
11	115/23	कुर्सेला	123/23	14.06.2023	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	कुर्सेला थाना
12	27/24	कुर्सेला	14/24	24.01.2024	टाटा इंडिगा	Scrap	—	—	-	-	₹ 17,000.00	₹ 1,700.00	कुर्सेला थाना
13	155/24	कुर्सेला	09 / 24	17.01.2025	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	कुर्सेला थाना
14	141/26	कुर्सेला	168/25	13.08.2025	जुगाड़ गाड़ी	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	कुर्सेला थाना
15	158/24	कुर्सेला	12 / 24	21.01.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कुर्सेला थाना
16	159/24	कुर्सेला	13/24	23.01.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कुर्सेला थाना
17	61/25	कोढ़ा	445/23	13.12.2023	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	कोढ़ा थाना
18	112/26	कोढ़ा	268/25	16.11.2025	जुगाड़ गाड़ी	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	कोढ़ा थाना
19	183/24	कोढ़ा	117/24	03.05.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
20	56/25	कोढ़ा	154/24	11.06.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
21	57/25	कोढ़ा	403/23	01.11.2023	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
22	58/25	कोढ़ा	297/23	19.07.2023	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
23	59/25	कोढ़ा	103/24	15.04.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
24	62/25	कोढ़ा	347/24	23.12.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
25	65/25	कोढ़ा	269/24	02.10.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
26	63/25	कोढ़ा	278/23	08.07.2023	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कोढ़ा थाना
27	115/26	कोढ़ा	62/25	11.05.2025	लकड़ी का नाव (डेंगी नाव)	-	—	—	-	-	₹ 1,500.00	₹ 150.00	कोढ़ा थाना
28	68/25	कोढ़ा	211/24	05.08.2024	लकड़ी का नाव	-	—	—	-	-	₹ 3,000.00	₹ 300.00	कोढ़ा थाना
29	234/25	रोशना	95/24	27.12.2024	टेम्पु	Scrap	—	—	-	-	₹ 15,000.00	₹ 1,500.00	रोशना थाना
30	233/25	रोशना	19/25	27.02.2025	स्कुटी	Scrap	—	—	-	-	₹ 4,000.00	₹ 400.00	रोशना थाना
31	159/26	रोशना	120 / 25	21.11.2025	ऑटो रिक्शा	Scrap	—	—	-	-	₹ 15,000.00	₹ 1,500.00	रोशना थाना
32	158/26	रोशना	127 / 25	16.12.2025	ऑटो रिक्शा	Scrap	—	—	-	-	₹ 15,000.00	₹ 1,500.00	रोशना थाना
33	186/26	रोशना	09 / 26	12.01.2026	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	रोशना थाना
34	32/25	रोशना	85 / 24	05.12.2024	टेम्पु	Scrap	—	—	-	-	₹ 15,000.00	₹ 1,500.00	रोशना थाना
35	37/26	मुफ्फसिल	260/19	06.10.2019	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मुफ्फसिल थाना
36	35/26	मुफ्फसिल	01 / 25	01.01.2025	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मुफ्फसिल थाना
37	179/26	मुफ्फसिल	227 / 25	27.09.2025	टेम्पु	Scrap	—	—	-	-	₹ 15,000.00	₹ 1,500.00	मुफ्फसिल थाना
38	36/26	मुफ्फसिल	135/25	17.06.2025	साईकिल		—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मुफ्फसिल थाना
39	243/25	मनसाही	106 / 24	29.09.2024	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मनसाही थाना
40	241/25	मनसाही	14 / 25	08.02.2025	साईकिल		—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मनसाही थाना
41	242/25	मनसाही	13 / 25	03.02.2025	साईकिल		—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मनसाही थाना
42	123/26	मनसाही	53 / 24	04.05.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मनसाही थाना
43	234/24	कदवा	138/24	17.06.2024	जुगाड़ गाड़ी (फटफटिया)	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	कदवा थाना
44	223/24	कदवा	116/24	09.06.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कदवा थाना
45	34/26	कदवा	18 / 26	12.01.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कदवा थाना
46	111/26	कदवा	109 / 26	24.03.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कदवा थाना
47	113/26	बलिया बेलौन	10 / 26	20.01.2026	भुटभुटिया गाड़ी	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	बलिया बेलौन थाना
48	412/25	बलिया बेलौन	101 / 25	27.06.2025	नीले एवं काले रंग का ग्लैमर मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	बलिया बेलौन थाना
49	250/24	बलिया बेलौन	113/24	21.09.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	बलिया बेलौन थाना
50	112/26	बलिया बेलौन	35 / 26	01.03.2026	लकड़ी का नाव	-	—	—	-	-	₹ 3,000.00	₹ 300.00	बलिया बेलौन थाना
51	123/26	बलरामपुर	27 / 26	24.02.2026	नीला रंग का टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	बलरामपुर थाना
52	413/25	बलरामपुर	137 / 25	16.08.2025	काला रंग का टेम्पु	Scrap	—	—	-	-	₹ 15,000.00	₹ 1,500.00	बलरामपुर थाना
53	294/24	बलरामपुर	76 / 24	09.06.2024	लाल रंग स्पेलेंडर मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	बलरामपुर थाना
54	124/26	बलरामपुर	16 / 26	09.02.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	बलरामपुर थाना
55	42/25	मनिहारी	173/25	23.06.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मनिहारी थाना
56	37/25	मनिहारी	140/25	20.05.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मनिहारी थाना
57	22/25	अमदाबाद	62/25	13.03.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	अमदाबाद थाना
58	211/25	प्राणपुर	09 / 25	07.01.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	प्राणपुर थाना
59	125/26	सहायक	227/25	09.03.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सहायक थाना
60	124/26	सहायक	89/25	27.01.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सहायक थाना
61	97/26	हसनगंज	132 / 23	13.10.2023	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	हसनगंज थाना
62	253/24	सालमारी	25/24	07.05.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सालमारी थाना
63	255/24	सालमारी	53/24	06.08.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सालमारी थाना
64	257/24	सालमारी	62/24	11.09.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सालमारी थाना
65	259/24	सालमारी	67/24	20.09.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सालमारी थाना
66	261/24	सालमारी	80/24	19.10.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	सालमारी थाना
67	80/26	आजमनगर	492 / 25	27.12.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	आजमनगर थाना
68	277/24	आबादपुर	81/24	03.08.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	आबादपुर थाना
69	279/24	आबादपुर	97/24	08.09.2024	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	आबादपुर थाना
70	49/26	बारसोई	235 / 25	19.09.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	बारसोई थाना
71	131/26	बारसोई	37 / 26	10.03.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	बारसोई थाना
72	120/26	कचना	10 / 26	21.02.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	कचना थाना
73	210/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	113/25	28.03.2025	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
74	Dec-26	अधीक्षक मद्यनिषेध	323/25	13.09.2025	ट्रैक्टर	Scrap	—	—	-	-	₹ 51,000.00	₹ 5,100.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
75	189/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	108 / 26	12.03.2026	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
76	44/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	278 / 25	19.12.2025	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
77	20/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	279 / 25	19.12.2025	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
78	415/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	212 / 25	23.09.2025	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
79	77/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	32 / 26	09.02.2026	मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
80	99/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	51 / 26	07.03.2026	अपाचे मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
81	75/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	36 / 26	13.02.2026	ब्लु रंग का टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
82	76/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	33 / 26	10.02.2026	सुपर स्पेलेंडर मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
83	60/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	35 / 26	10.02.2026	टोटो	Scrap	—	—	-	-	₹ 8,000.00	₹ 800.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
84	08 / 26	अधीक्षक मद्यनिषेध	264 / 25	27.11.2025	अपाचे मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
85	414/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	215 / 25	26.09.2025	अपाचे मोटरसाईकिल	Scrap	—	—	-	-	₹ 5,000.00	₹ 500.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
86	204/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	45/25	08.02.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
87	200/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	42/25	08.02.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
88	07 / 26	अधीक्षक मद्यनिषेध	356 / 25	03.10.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
89	09 / 26	अधीक्षक मद्यनिषेध	349 / 25	30.09.2025	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
90	116/26	अधीक्षक मद्यनिषेध	61 / 26	12.03.2026	साईकिल	-	—	—	-	-	₹ 300.00	₹ 30.00	मद्यनिषेध मालखाना, बारसोई
91	201/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	14 / 25	11.01.2025	नाव	-	—	—	-	-	₹ 3,000.00	₹ 300.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार
92	202/25	अधीक्षक मद्यनिषेध	56 / 25	15.02.2025	नाव	-	—	—	-	-	₹ 3,000.00	₹ 300.00	मद्यनिषेध मालखाना, कटिहार

अधीक्षक मद्यनिषेध, कटिहार | **अपर समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष, नीलामी समिति, कटिहार** | **समाहर्त्ता, कटिहार**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 013657 (Excise) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

सुभाषित *जो व्यक्ति किसीसे धन एवं सामग्रीकी सहायता लेनेके पश्चात अपने दिये हुए वचनका पालन नहीं करता तो वह संसारमें सबसे अधिक निकृष्ट माना जाता हैं।* ❐ **हितोपदेश**

चीनका फिर प्रलाप

चीन भारतसे अपने द्विपक्षीय सम्बन्धोंको सामान्य बनानेकी बातें तो करता है, जो उसकी कूटनीतिका हिस्सा है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। उसकी कथनी और करनीमें जमीन-आसमानका अन्तर है। इसलिए उसकी किसी भी बातपर विश्वास नहीं किया जा सकता है। चीनने फिर पुराना प्रलाप शुरू कर दिया है और दावा किया है कि लद्दाखकी २८ जगहें उसकी अपनी है। चीन लद्दाखको भारतकी ओरसे बनाये गये केन्द्रशासित प्रदेशको भी नहीं मानता है। भारतने इस प्रकरणमें चीनको करारा जवाब दिया है और कहा है कि लद्दाख भारतका अभिन्न अंग है और अविभाज्य हिस्सा है। भारतने कुछ दिन पूर्व ही लद्दाखमें २८ स्थानोंको आधिकारिक नाम देनेका फैसला किया था। मंगलवारको चीनकी ओरसे इसपर विरोध जताया गया था। भारतने चीनके इस अनर्गल दावेको सिरेसे खारिज कर चीनको दो-टूक जवाब दिया है। इससे सीमा मुद्देपर मतभेद फिर उजागर हुआ है, जो आपसी रिश्तोंमें कटुता उत्पन्न करने वाला है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक नक्शेपर लद्दाखके २८ स्थानोंको मानक नाम दिये गये हैं। विगत दो अक्तूबर, २०२६ को भारत सरकारने लद्दाखके २८ स्थानों और भौगोलिक विशेषताओंको सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक मानचित्रपर मानकीकृत नामोंके साथ दर्ज किया है। इनमें पर्वत, चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां, नदियां, झील और अन्य भू-भाग शामिल हैं। इसका उद्देश्य भारतके आधिकारिक नक्शोंमें इन स्थानोंकी पहचानको स्पष्ट और व्यवस्थित करना तथा इनके बारेमें जागरूकता बढ़ाना है। इनमें गोगरा और हाट स्प्रिंग विशेष रूपसे महत्वपूर्ण है। दोनों २०२० को भारत-चीन सैन्य गतिरोधके प्रमुख टकराव वाले क्षेत्रोंमें रहे हैं। इस मामलेमें चीनने जो बयान दिया है, वह स्थान नामकरणका विरोध नहीं है, बल्कि इसके पीछे चीनका पुराना सीमा दावा भी स्पष्टत: दिखायी देता है। भारतने इस पूरे विवादको अपनी सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डताके स्पष्ट पुनर्पुष्टिकरणके रूपमें देखा है। लद्दाखका मौजूदा विवाद २०२० के सैन्य गतिरोधसे जुड़ा है। गलवान घाटीमें जून २०२० में हुई हिंसक झड़पमें भारतीय और चीनी सैनिकोंकी जान गयी थी। इसके बाद दोनों देशोंने पूर्वी लद्दाखमें बड़े पैमानेपर सैनिक और सैन्य संसाधन तैनात किये थे। लेकिन बादमें कुछ स्थितियां बदलीं लेकिन पूरी सीमाका अन्तिम समाधान अभी नहीं हुआ है। भारत और चीनके बीचपर वास्तविक नियंत्रण रेखाके कई हिस्सोंकी संवेदनशील भौगोलिक और सामरिक स्थितिको देखते हुए भारतको इसमें किसी तरहकी ढिलाईसे बचना होगा और मजबूत दबाव बनाये रखना होगा।

लोभ-लापरवाहीका खामियाजा

बिहारके वैशाली जिलेमें मंगलवारकी रात गंगामें नाव डूबनेकी दुर्भाग्पूर्ण घटनामें १३ लोगोंकी मौत अत्यन्त दुखद है। मृतकोंमें दस लड़कियां और तीन लड़के हैं जिनकी उम्र छहसे १८ वर्ष बतायी जा रही है। छोटी नावपर क्षमतासे अधिक २० से २५ लोग सवार थे जो राधोपुरमें श्राद्ध भोजमें शामिल होने जा रहे थे। कुछ लोगोंने तैर कर अपनी जान बचायी, जबकि कई लोग लापता बताये जा रहे हैं उनकी तलाश जारी है। डूब रहे लोगोंकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग तत्काल पहुंचकर १७ लोगोंको पानीसे बाहर निकाला। सभीको प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकोंने १३ को मृत घोषित कर दिया और तीनको गम्भीर स्थितिमें पटना मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणोंके अनुसार नावमें छेद था जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। नावमें पानी भरते ही उसमें सवार लोगोंमें अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान किनारे मौजूद लोग नदीमें कूद पड़े और तैरकर डूब रहे लोगोंको बाहर निकाला लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी और १३ लोगोंकी जान चली गयी। घटनापर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने मृतकोंके परिजनोंको दो-दो लाख रुपये और घायलोंको ५० हजार रुपये मददकी घोषणा की है। वहीं बिहारके मुख्य मंत्री सम्राट चौधरीने मृतकोंके परिजनोंको चार-चार लाख रुपयेकी अनुग्रह राशि देनेका ऐलान किया। इस हादसेके लिए नाविक पूरी तरह जिम्मेदार माना जायगा, जिसने छोटी नावपर क्षमतासे अधिक सवारियोंकी जगह दी जिसके चलते यह लापरवाहीका सफर साबित हुआ। ऐसा अकसर होता है कि नाविक पैसेकी लालचमें नावकी क्षमता सीमा लांघ कर सवारी बैठा लेते हैं। वे खुद तो बच निकलते हैं, क्योंकि वह अच्छे तैराक होनेके साथ अनुभवी भी होते हैं, लेकिन सवारियोंको इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे नाविकोंके विरुद्ध कड़ी काररवाई होनी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने। लोगोंको भी सतर्क रहना होगा।

लोक संवाद

शक्ति उपासनासे नवीन ऊर्जाका संचार

महोदय,-भारत पर्व और त्योहारोंका देश कहा जाता है। यह पर्व हमारे जीवनमें मानों नवीनताका संचार करते हैं और हमें एक नवीन ऊर्जासे भर देते हैं। इन्हीं पर्वोंमें नवरात्र अपने आपमें महान पर्व है, जिसमें शक्ति स्वरूपा मां दुर्गाकी उपासना भी हमारे अन्दर सात्विकताका संचार करती है। वही आदि शक्ति ही सब प्राणियोंमें शक्ति, निद्रा, विद्या, तुष्टि आदि रूपोंमें विद्यमान है। उन्हींसे यह सारा जगत व्याप्त है। उपासनाका अर्थ है समीप और आसनका अर्थ बैठना है। अर्थात् हम जिनकी उपासना कर रहे हैं उनका चिंतन-मनन करें। नवरात्र पर्वपर देवीकी विभिन्न रूपोंमें उपासना भी हमारे भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार कर देती है। दो गुप्त नवरात्र और वासंतिक और शारदीय नवरात्र होते हैं। शारदीय और वासंतिक नवरात्र ज्यादा प्रसिद्ध हैं। गुप्त नवरात्रमें भी शक्ति स्वरूपा मां जगदंबाकी उपासना, पूजन, अर्चना हमें मनोवांछित फल प्रदान करती है और शक्तिके बिना न तो हमारा अस्तित्व है और न ही इस संसारका। यह पर्व मानों हमें यही स्मरण दिलाता है कि कोई अदृश्य शक्ति हैं जिनसे यह सारा संसार व्याप्त और गतिमान है। मार्कण्डेय पुराण अन्तर्गत दुर्गा सप्तशतीमें भगवती दुर्गा और उनकी महिमाका विस्तारसे वर्णन है कि वही शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा दानव शक्तियोंका नाश करती हैं और उन्होंने देवताओंसे स्वयं कहा है कि जब जब दानवीय शक्तियोंका उत्थान होगा अर्थात् अधर्म बढ़ेगा तब अलग-अलग स्वरूपोंमें वही शक्ति स्वरूपा दुर्गा अवतार लेकर असुरोंका विनाश करेंगी। भगवान शिव और पार्वती भी शिव और शक्ति माने जाते हैं। भगवान रामने भी रावणपर विजय प्राप्त करनेके लिए इन्हीं शक्तिकी उपासना की थी। इस पर्वपर घर-घरमें मां दुर्गाका पूजन अर्चन, मांके सुमधुर गीत, कन्या पूजन, हवनसे मानों वातावरणमें भी एक नवीन चेतनाका संचार होता है। नारी सम्मान हमारे देशकी संस्कृति रही है। यह पर्व भी हमें यही सीखाता है कि स्त्री हर रूपमें आदरणीय है। यह पर्व देवीकी उपासना पूजन और उनका सतत स्मरणसे हमें अपने भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार करनेका अवसर है। शारदीय नवरात्रिसे ऋतुमें परिवर्तन होने लगता है और प्रकृति सर्दीकी चादरमें सिकुड़ने लगती है, ऐसेमें नवरात्रिकी नौ दिनोंकी अवधिमें उपासक संतुलित और सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना ध्यान चिंतन और मननमें लगाकर स्वयंको भीतरसे शक्तिशाली बना सकते हैं, जिससे ऋतु परिवर्तनका उनकी सेहतपर बुरा असर नहीं पड़ता। नवरात्रिके नौ व्रत रखनेसे न केवल स्वयंको मानसिक रूपसे भीतरसे शक्तिशाली बनाया जा सकता है, बल्कि उत्तम स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी इसके कई लाभ होते हैं। मान्यता है कि जो भक्त नवरात्रिका व्रत रखते हैं, वे दूसरोंकी तुलनामें आरोग्य जीवन जीते हैं। दरअसल नवरात्रि व्रतके दौरान लोग गरिष्ठ भोजनसे दूर रहते हैं और फल ग्रहण करते हैं, जिससे बॉडी डिटॉक्स होती है, तनावकी समस्या दूर होती है और त्वचामें निखार भी बढ़ता है। नवरात्रि व्रत रखनेसे शरीरमें कोलेस्ट्रॉलका स्तर भी कम हो जाता है। नौ दिनोंतक पूरे संयमके साथ व्रत रखनेसे आध्यात्मिक फायदोंके अलावा पेटको आराम मिलनेसे उसकी सेहत अच्छी होती है, रक्तचाप नियंत्रित होता है, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोगोंमें आराम मिलता है, नींद बेहतर होती है, उम्र लंबी होती है तथा कैंसर, अल्जाइमर जैसी गम्भीर बीमारियोंका जोखिम भी कम होता है। -**अखिलेश कुमार मिश्र, वाराणसी।**

विरोधके अधिकारपर सर्वोच्च टिप्पणी

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने, सरकार बनाने और शासन चलानेकी व्यवस्थाका नाम नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति नागरिकोंको अपनी बात कहने, असहमति व्यक्त करने और सरकारकी नीतियोंपर प्रश्न उठानेकी स्वतंत्रता देनेमें निहित है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सुप्रीम कोर्टका हस्तक्षेप अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

❐ **महेन्द्र तिवारी**

न्याय जिस लोकतांत्रिक व्यवस्थामें नागरिक अपनी शिकायतें खुलकर सामने रख सकें, शांतिपूर्ण ढंगसे विरोध कर सकें और अपनी मांगोंके समर्थनमें आवाज उठा सकें, वही व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्योंको मजबूत करती है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन और सार्वजनिक व्यवस्थाके बीच टकरावकी स्थिति पैदा होती है, तब नागरिक अधिकारोंकी रक्षा और कानूनका पालन सुनिश्चित करना प्रशासनके लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सर्वोच्च न्यायालयका हस्तक्षेप इसी संदर्भमें महत्वपूर्ण है। १० अक्तूबर २०२६ को दिल्लीमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे और मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणको लेकर विरोध प्रदर्शनका आह्वान किया गया था। प्रदर्शनकारियों और विपक्षी दलोंने निर्वाचन प्रक्रियामें कथित अनियमितताओंको लेकर सवाल उठाये। उनका आरोप था कि मतदाता सूचीमें बदलावकी प्रक्रियासे कुछ वर्गोंके मतदाताओंके अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर निर्वाचन आयोगने प्रक्रियामें पक्षपातके आरोपोंको खारिज किया है। सत्तारूढ़ दलने भी विपक्षके आरोपोंपर आपत्ति जतायी है। इसलिए इस पूरे विवादमें आरोपों, आधिकारिक स्पष्टीकरणों और प्रमाणित तथ्योंको अलग-अलग समझना आवश्यक है। प्रदर्शनके



सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना, असहमतिका सम्मान और कानूनका समान रूपसे पालन सुनिश्चित करना भी उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पहचान है।

मद्देनजर दिल्लीके कई हिस्सोंमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी। मेट्रो स्टेशनोंको बंद करने, आवागमन सीमित करने और इंटरनेट सेवाओंपर प्रतिबंध लगाने जैसे कदमोंकी खबरें सामने आयीं। बड़ी संख्यामें लोगोंको हिरासतमें लिये जानेकी सूचना भी मिली। इन कदमोंसे केवल प्रदर्शनकारियोंकी गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं, बल्कि आम नागरिकोंकी आवाजाही, दैनिक कामकाज और सार्वजनिक परिवहनपर भी असर पड़ा। ऐसेमें यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनेके लिए किये गये प्रबंध किस सीमातक आवश्यक और उचित थे।

इसी पृष्ठभूमिमें ११ अक्तूबर २०२६ को सर्वोच्च न्यायालयने विशेष सुनवाई करते हुए अधिकारियोंको कई महत्वपूर्ण अंतरिम निर्देश दिये। न्यायालयने कहा कि शांतिपूर्ण और निहत्थे लोगोंको कानूनमें निर्धारित प्रक्रियाके बिना हिरासतमें नहीं लिया जाना चाहिए। उसने मेट्रो और रेल सेवाओंको सामान्य रूपसे चलाने, शहरमें यातायात नियमोंके अधीन लोगोंकी आवाजाही सुनिश्चित करने तथा इंटरनेट सेवाओंको अनावश्यक रूपसे बाधित न करनेपर जोर दिया। न्यायालयने सड़कोंपर लगाये गये अवरोधोंकी तत्काल समीक्षा करने और अदालतोंतक लोगोंकी पहुंच सुनिश्चित करनेके निर्देश भी दिये। इन निर्देशोंके साथ यह स्पष्ट रखा गया कि सार्वजनिक व्यवस्थाकी वास्तविक आवश्यकता होनेपर कानूनके अनुसार उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इस घटनाक्रमका महत्व इसलिए भी है कि संविधान नागरिकोंको केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि शासनकी शक्तियोंकी सीमाएं भी निर्धारित करता है। भारतीय संविधानका अनुच्छेद-१९ नागरिकोंको अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता और शांतिपूर्वक तथा बिना हथियारोंके एकत्र होनेका अधिकार प्रदान करता है। ये अधिकार लोकतंत्रमें नागरिक सहभागिताका आधार हैं। हालांकि इनपर संविधानमें निर्धारित आधारोंपर उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए विरोध करनेकी स्वतंत्रताका अर्थ कानूनसे ऊपर होना नहीं है और न ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखनेका अर्थ नागरिकोंके अधिकारोंको मनमाने ढंगसे सीमित करना है।

प्रशासनकी जिम्मेदारी है कि वह संभावित हिंसा, यातायात अवरोध और सार्वजनिक संपत्तिको होने वाले नुकसानसे बचानेके लिए आवश्यक कदम उठाये। लेकिन किसी संभावित खतरेकी आशंकाके आधारपर सभी लोगोंकी आवाजाही रोक देना या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियोंको बिना वैधानिक आधारके हिरासतमें लेना उचित नहीं माना जा सकता। प्रतिबंधोंका औचित्य, उनकी अवधि और उनका दायरा परिस्थितियोंके अनुरूप होना चाहिए। जहां सीमित व्यवस्थासे समस्याका समाधान संभव हो, वहां व्यापक प्रतिबंधोंके कारण आम नागरिकोंको अनावश्यक परेशानीमें डालनेसे बचना चाहिए। दिल्ली जैसे महानगरमें मेट्रो और रेल सेवाएं केवल यातायातके साधन नहीं हैं। लाखों लोग प्रतिदिन इन सेवाओंके माध्यमसे अपने कार्यस्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक स्थानोंतक पहुंचते हैं। अचानक परिवहन सेवाएं बंद होनेसे विद्यार्थियोंकी पढ़ाई, कर्मचारियोंकी उपस्थिति, मरीजोंकी चिकित्सा और छोटे कारोबारियोंकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार इंटरनेट सेवाएं आज शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार, संचार और आपातकालीन सहायताका महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए इनके व्यापक प्रतिबंधका प्रभाव प्रदर्शन स्थलसे कहीं अधिक दूरतक पहुंचता है। इस संदर्भमें सर्वोच्च न्यायालयकी भूमिका केवल किसी एक प्रदर्शनको लेकर आदेश देनेतक सीमित नहीं है। न्यायपालिकाका दायित्व यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रशासनिक कारवाई संविधान और कानूनके अनुरूप हो। जब नागरिकोंको लगता है कि उनके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तब न्यायालयसे राहतकी अपेक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्थाका स्वाभाविक हिस्सा है। हालांकि न्यायिक हस्तक्षेपका अर्थ यह नहीं है कि किसी विवादमें एक पक्षके सभी आरोप स्वत: सिद्ध हो गये। न्यायालयके अंतरिम निर्देश, प्रारंभिक टिप्पणियां और अंतिम निर्णय अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। दिल्लीके मामलेमें भी अधिकारियोंसे जवाब और अनुपालन संबंधी जानकारी मांगी गयी है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष तथ्यों, प्रस्तुत साक्ष्यों और आगेकी न्यायिक प्रक्रियाके आधारपर ही निकाला जाना चाहिए। निर्वाचन प्रक्रियासे संबंधित विवादका एक व्यापक पक्ष जनताका विश्वास है। चुनाव लोकतंत्रकी बुनियादी प्रक्रिया हैं और मतदाता सूची उनकी विश्वसनीयताका महत्वपूर्ण आधार है। मतदाता सूचीका पुनरीक्षण आवश्यक हो सकता है, क्योंकि समयके साथ मृत्यु, स्थान परिवर्तन और अन्य कारणोंसे अभिलेखोंमें बदलाव करना पड़ता है। लेकिन इस प्रक्रियामें किसी पात्र नागरिकका नाम गलत तरीकेसे हटना उसके मताधिकारको प्रभावित कर सकता है। इसलिए सूचीमें संशोधन करते समय पारदर्शिता, स्पष्ट मानदंड, उचित सूचना और शिकायतोंके निवारणकी प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। राजनीतिक दलों और नागरिकोंकी आपत्तियोंका समाधान प्रमाणोंके आधारपर होना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्रमें संवादका माध्यम हैं। नागरिक जब किसी निर्णयसे असहमत होते हैं तो शांतिपूर्ण ढंगसे अपनी मांग रखना उनका संवैधानिक अधिकार है। साथ ही प्रदर्शन आयोजित करने वालोंका दायित्व है कि वे कानूनका पालन करें, हिंसासे बचें और दूसरे नागरिकोंके अधिकारोंका सम्मान करें। प्रशासनको भी प्रदर्शनकारियोंके साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, ताकि तनाव कम किया जा सके और सार्वजनिक सुविधाएं बाधित न हों। दोनों पक्षोंकी जिम्मेदारी और संयमसे ही ऐसी परिस्थितियोंका समाधान संभव है। आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतांत्रिक असहमतिको केवल कानून-व्यवस्थाकी समस्याके रूपमें न देखा जाय। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्रका स्वाभाविक अंग है। उसी प्रकार हर विरोधको स्वत: उचित मान लेना भी पर्याप्त नहीं है। उसकी प्रकृति, उद्देश्य और तरीकेका मूल्यांकन कानून तथा तथ्योंके आधारपर किया जाना चाहिए। सरकार, प्रशासन, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दल और नागरिक समाज सभीकी भूमिका महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे एक बार फिर यह संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखाई देती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना, असहमति का सम्मान करना और कानूनका समान रूपसे पालन सुनिश्चित करना ही एक उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पहचान है।

विकासमें युवा शक्तिका योगदान


विद्यार्थी राष्ट्रकी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनकी आंखोंमें पलने वाले सपने, मनमें उठने वाले विचार और कर्ममें दिखने वाला संकल्प ही देशके भविष्यकी दिशा निर्धारित करता है।

❐ **प्रो.मनोज डोगरा**

आज के विद्यार्थी ही कलके वैज्ञानिक, शिक्षक, चिकित्सक, प्रशासक, उद्यमी, सैनिक और राष्ट्रनिर्माता हैं। इसलिए विद्यार्थियोंकी प्रतिभाको निखारना, उन्हें सही दिशा देना और उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना केवल परिवार या शिक्षण संस्थानोंकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाजका दायित्व है। इसी संदर्भमें विश्व विद्यार्थी दिवसका महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतमें १५ अक्तूबरको पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओंके प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलामकी जयंतीके अवसरपर विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया जाता है। इस दिवसका उद्देश्य विद्यार्थियोंके जीवनमें शिक्षा, ज्ञान, अनुशासन, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोणके महत्वको रेखांकित करना है। डा. कलामका संपूर्ण जीवन इस बातका प्रमाण है कि साधारण परिस्थितियोंमें जन्म लेने वाला व्यक्ति भी असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके पास बड़े सपने देखनेका साहस और उन्हें साकार करनेके लिए निरन्तर परिश्रम करनेका संकल्प हो। डा. कलामका जीवन विद्यार्थियोंके लिए प्रेरणा- डा. कलामका जीवन संघर्ष, सादगी, अनुशासन और समर्पणकी अनुपम मिसाल है। तमिलनाडुके रामेश्वरममें एक साधारण परिवारमें जन्मे कलामने कठिन परिस्थितियोंके बावजूद शिक्षाके प्रति अपनी लगनको कभी कम नहीं होने दिया। अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियोंके माध्यमसे उन्होंने भारतके अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमोंमें महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष २००२ में वह भारतके राष्ट्रपति बने, लेकिन सर्वोच्च संवैधानिक पदपर पहुंचनेके बाद भी उनका सबसे प्रिय परिचय एक शिक्षकका ही रहा। डा. कलामका विश्वास था कि बच्चों और युवाओंके भीतर देशको बदलनेकी क्षमता है। वह विद्यार्थियोंसे संवाद करते, उनके प्रश्नोंको प्रोत्साहित करते और उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करनेकी प्रेरणा देते थे। उनका जीवन संदेश देता है कि सफलता केवल संसाधनोंकी प्रचुरतासे नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरन्तर अभ्यास और सकारात्मक सोचसे प्राप्त होती है। आज जब विद्यार्थी परीक्षा, प्रतिस्पर्धा और भविष्यकी अनिश्चितताओंके दबावसे गुजर रहे हैं, तब कलामके विचार पहलेसे कहीं अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। विद्यार्थियोंको यह समझना होगा कि असफलता जीवनका अंत नहीं, बल्कि अपनी कमियोंको पहचानकर आगे बढ़नेका अवसर है। शिक्षाका उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, वर्तमान समयमें शिक्षाको अक्सर परीक्षामें प्राप्त अंकों, डिग्रियों और नौकरी हासिल करनेके साधनके रूपमें देखा जाता है। निस्संदेह रोजगार प्राप्त करना शिक्षाका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है, लेकिन शिक्षाका वास्तविक लक्ष्य इससे कहीं व्यापक है। शिक्षा व्यक्तिको विवेकशील बनाती है, सही और गलतके बीच अंतर करना सिखाती है तथा समाजके प्रति उसकी जिम्मेदारियोंका बोध कराती है। यदि कोई विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त कर ले, लेकिन उसमें ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारीका अभाव हो तो उसकी शिक्षा अधूरी मानी जायगी। शिक्षण संस्थानोंका उद्देश्य केवल सफल पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिकोंका निर्माण करना भी होना चाहिए। आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा व्यवस्थाकी है, जिसमें किताबी ज्ञानके साथ व्यावहारिक अनुभव, नैतिक मूल्य, संवाद कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधानकी क्षमताको भी समान महत्व मिले। विद्यार्थियोंको प्रश्न पूछने, नये विचार प्रस्तुत करने और अपनी गलतियोंसे सीखनेके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रश्न करने वाला विद्यार्थी ही आगे चलकर अनुसंधानकर्ता और नवाचारक बन सकता है।

डिजिटल युगमें विद्यार्थी और नयी चुनौतियां- इक्कीसवीं सदीका विद्यार्थी ऐसे दौरमें शिक्षा प्राप्त कर रहा है, जहां मोबाइल फोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमोंने ज्ञानतक पहुंचको आसान बना दिया है। आज घर बैठे दुनियाके प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानोंकी अध्ययन सामग्री प्राप्त की जा सकती है। आनलाइन कक्षाओं और डिजिटल पुस्तकालयोंने सीखनेके नये अवसर उपलब्ध कराये हैं। लेकिन इन सुविधाओंके साथ कुछ गम्भीर चुनौतियां भी सामने आयी हैं। सोशल मीडियाका अत्यधिक उपयोग, मोबाइलपर अनावश्यक समय बिताना, गलत सूचनाओंका प्रसार और डिजिटल मनोरंजनकी लत विद्यार्थियोंकी एकाग्रताको प्रभावित कर सकती है। कई विद्यार्थी दूसरोंकी उपलब्धियोंसे अपनी तुलना करके तनावका अनुभव करते हैं और अपने आत्मविश्वासको कमजोर कर लेते हैं। तकनीक अपने आपमें न अच्छी है और न बुरी, उसका उपयोग किस उद्देश्यसे किया जा रहा है, यह अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियोंको डिजिटल साधनोंका इस्तेमाल ज्ञान अर्जित करने, नयी क्षमताएं विकसित करने और रचनात्मक कार्योंके लिए करना चाहिए। उन्हें यह भी सीखना होगा कि इंटरनेटपर उपलब्ध प्रत्येक जानकारी सत्य नहीं होती। तथ्योंकी जांच करना, विश्वसनीय स्रोतोंको पहचानना और अपनी स्वतंत्र सोच विकसित करना आजकी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं।

मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षाका दबाव- विद्यार्थियोंके सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियोंमेंसे एक मानसिक दबाव भी है। अच्छे अंक प्राप्त करने, प्रतियोगी परीक्षाओंमें सफल होने और मनचाहा करियर चुननेकी दौड़में कई विद्यार्थी तनावका सामना करते हैं। कुछ मामलोंमें अभिभावकोंकी अत्यधिक अपेक्षाएं और समाजमें सफलताकी सीमित परिभाषा इस दबावको और बढ़ा देती है। यह समझना जरूरी है कि प्रत्येक विद्यार्थीकी रुचि, क्षमता और सीखनेकी गति अलग होती है। सभी विद्यार्थियोंसे एक जैसी उपलब्धियोंकी अपेक्षा करना उचित नहीं है। किसीकी रुचि विज्ञानमें हो सकती है तो कोई साहित्य, संगीत, खेल, कला या उद्यमितामें बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों और शिक्षकोंको विद्यार्थियोंकी तुलना दूसरोंसे करनेके बजाय उनकी व्यक्तिगत प्रगतिपर ध्यान देना चाहिए। फिलहाल विकसित भारतका सपना युवा पीढ़ी ही साकार करेगी।



ध्यानकी प्रक्रिया

❐ **ओशो**

ध्यान का अर्थ है, एक ऐसी अवस्था, जब जाननेको कुछ भी नहीं बचा। सिर्फ जानने वाला ही बचा। उससे छुटकारेका कोई उपाय नहीं है। लाख भागो पहाड़ोंपर और रेगिस्तानोंमें, चांद-तारोंपर, लेकिन तुम्हारा जानने वाला तुम्हारे साथ होगा। क्योंकि वह तुम हो, वह तुम्हारा अस्तित्व है। रोज घड़ीभर, कभी भी सुबह या सांझ या दोपहर, इस अनूठे आयामको देना शुरू कर दो। बस आंख बंदकर बैठ जाओ। जब मैं कहता हूं कि घड़ी आधा घड़ीको आंख बंद करके बैठ जाओ तो तुमसे मैं यह कहा रहा हूं कि घड़ी आधा घड़ीको दूसरोंको भूल जाओ। चौबीस घंटे पड़े हैं। तेईस घंटे सारे संसारको दे दो, बाजारको दे दो, दुकानको दे दो, मकानको दे दो, जिसको देना हो, उसको दे दो। लेकिन क्या तुम इतने भी अधिकारी नहीं हो कि एक घंटा अपने लिए बचा लो। शायद चौबीस घंटा बचाना बहुत मुश्किल है एक घंटा बचाना आसान हो सकता है। फिर मैं तुमसे यह भी नहीं कहता कि इस घंटेको बचानेके लिए तुम हिमालयकी किसी गुफामें बैठो। तुम्हारा घर पर्याप्त है और सबसे ज्यादा आसान जगह है। क्योंकि वहां जो भी है, उससे तुम्हें परिचय है और एक घंटेके लिए उस सबको भूल जाना कठिन नहीं है। आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, जल्दी ही वह घड़ी आ जाती है कि तुम चुपचाप बैठे ही रहते हो। मूर्तियां आयंगी, मत रस लेना उनमें, न पक्षमें और न विपक्षमें। आने देना और जाने देना। रास्ता है, मनकी राह है, चलती है। तुम राहके किनारे बैठे देखते रहना और तुम चकित होओगे, इस जीवनके सबसे बड़े रहस्यसे चकित होओगे कि यदि तुम साक्षी भावसे, जैसे तुम्हें कुछ लेना-देना नहीं कौन जा रहा है, कौन आ रहा है, तुम गुमसुम चुपचाप सड़कके किनारे बैठे ही रहना। जल्दी ही वह घड़ी आ जायगी कि यह रास्तेकी भीड़ कम होने लगेगी, क्योंकि इस भीड़के रास्तेपर होनेका कारण है, तुमने इसे निमंत्रण दिया है। तुमने अबतक इसका स्वागत किया है। यह बिना बुलाई नहीं है और जब यह देखेगी कि तुम इतनी उपेक्षासे भर गये हो कि तुम लौटकर भी नहीं देखते, कौन आया, कौन गया, अच्छा था या बुरा, सुंदर था या कि असुंदर, अपना था कि पराया, यह भीड़ धीरे-धीरे विदा होने लगेगी। ध्यानकी प्रक्रिया बड़ी सरल है।

नये युगमें पुलिसकी विशेष भूमिका

❐ **अजय सिंघल**

नब्बेके दशकमें, एक ट्रेनी आईपीएस अधिकारीके तौरपर जब मैं पहली बार किसी थानेमें गया तो मुझे आज भी अच्छेसे याद है कि वहां मुंशी हैड कांस्टेबलके हाथसे लिखा रोजनामचा (रजिस्टर), टेबलपर रखा काले रंगका भारी-भरकम डायल वाला लैंडलाइन फोन, जिसकी रिंगटोन अपनी मर्जीसे सुनाई देती और फील्डमें जानेको तैयार कुछ बीट कांस्टेबल। तब पुलिस दक्षता इस बातसे आंकी जाती थी कि पुलिस कितनी जल्दी मौकेपर पहुंची और कितने लोगोंको गिरफ्तार किया।पर बीते तीन दशकोंमें अंग्रेजोंके जमानेकी पुलिसके मॉडलका नजरिया पूरी तरहसे बदल गया। सरकारने अंग्रेजोंकी गुलामीके जमानेके सीआरपीसी १८६१ जैसी अपराधकी धाराओंको बदल १ जुलाई, २०२४ से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) जैसे तीन नये आपराधिक कानून लाकर देशकी कानून व्यवस्थामें एक क्रांतिकारी बदलाव किया। साथ ही टैक्नोलॉजी आधारित नये दौरकी पुलिसने जन-सुरक्षाको और अधिक मजबूत करनेकी दिशामें खुफिया जानकारी, डाटा और सामुदायिक जरूरतोंका लक्ष्य नये सिरेसे तय किया कि अपराधियोंपर कारवाईके अलावा पुलिसको अपराध घटित होनेसे पहले ही कैसे रोकने हैं। परम्परागत पुलिसिंग अब टैक्नोलॉजी आधारित अपराध निवारककी भूमिकाकी ओर तेजीसे बढ़ रही है। हरियाणामें ११२ डायल करके कोई भी व्यक्ति इस एक नंबरसे ही पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य सेवाओंतक पहुंच सकता है। इस नंबरपर हर साल ५० लाखसे ज्यादा आने वाली कॉल्ससे पुलिसकी शहरों और गांवोंमें पहुंच औसत सात मिनटमें संभव हुई है। रातके अंधेरेमें जब कोई अकेली महिला खतरेके सायेमें अपने मोबाइल फोनपर दुर्गा शक्ति ऐप बटन दबाती है तो उसकी मौजूदा लोकेशन पुलिसके कमांड सैंटरको जाती है। यह घरसे दूर एक कामकाजी महिलाकी सुरक्षाके लिए टैक्नोलॉजी आधारित एक अनूठी पहल है।

हैल्पलाइन १९३० पुलिस अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियोंके साथ जुड़ी है, जहां साइबर अपराध संबंधी हर दिन करीब ५००० काल आती हैं और बैंक खातेसे पैसा निकलनेसे पहले संदिग्ध ट्रांसफर फ्रीज कर दिया जाता है। साइबर फ्रॉडके मामले रोकनेमें देशमें अव्वल हरियाणामें करीब ४० फीसदी पैसा साइबर फ्रॉड पीड़ितोंको वापस दिलाया गया है। एक लाख रुपयेसे अधिकके साइबर फ्रॉड वाली किसी भी आनलाइन शिकायतपर अपने आप जीरो एफआईआर थानेके क्षेत्राधिकारकी बाधाके बिना देशके किसी भी इलाकेमें दर्ज हो रही है। हरियाणा पुलिसका 'अभेद्य' ऐप अब अज्ञात अंतरराष्ट्रीय जबरन वसूली फोन कॉलको संबंधित लोगोंतक पहुंचनेसे पहले ही रोकता है। दोहरा ओटीपी नंबर, संदिग्ध यूपीआई लेन-देनको ब्लॉक करता है, जिससे 'डिजिटल अरैस्ट' जैसे घोटालेपर अंकुश लगाया जा रहा है। ईगल ऐपसे ड्यूटीपर तैनात पुलिस अधिकारी हिरासतमें लिये किसी व्यक्तिके चेहरेकी तुरन्त तुलना अपराधियोंके डाटाबेससे कर फर्जी लोगोंको पकड़ सकता है। राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) अपराध स्थलसे मिले धुंधले फिंगरप्रिंटको कुछ ही सैकेंडमें राष्ट्रीय रिकॉर्डमें मौजूद एंट्रीसे मिलान करते हैं। स्मार्ट ई-बीट जीपीएससे पुलिस फोर्सकी गश्त दर्ज होती है, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नैटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) पुलिस थानोंको अदालतों, जेलों और फॉरैंसिक सुविधाओंसे जोड़ता है। ई-साक्ष्य सुनिश्चित करता है कि अपराध स्थलका सुबूत बिना बदले असल हालतमें अदालततक सुरक्षित पहुंचे। यहांतक कि गुमनाम लोगोंको भी अब नाम मिल रहा है। एआई सहायक व्यवस्था अज्ञात शवोंके चेहरे और फिंगरप्रिंटको लापता व्यक्तियोंके डाटाबेससे मिलाती है, जिससे सालोंसे गुम अपनोंका इंतजार कर रहे परिवारोंको सुकून मिलता है। पुलिसके डिजिटल डैशबोर्ड दिखाते हैं कि कहां शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं, ताकि संबंधित पुलिस कर्मीकी जवाबदेही तय हो। दुर्घटनाका डाटा 'हीट मैप' में बदल गया है, जो इंजीनियरोंको दिखाता है कि कहां किसी सड़कके तीखे मोड़को नये सिरेसे डिजाइन करना है, ताकि दुर्घटनाके समय 'गोल्डन ऑवर' घटानेमें मदद मिले। मोटरवेपर नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगातार स्थितिपर नजर रखते हैं और भागने वाले वाहनोंका ट्रैकिंग रिकॉर्ड भी बनाते हैं। 'हरसमय' नामका पोर्टल नागरिकोंको एफआईआरकी कॉपी या सत्यापन प्रमाणपत्रके लिए लम्बी लाइन लगानेमें लगनेसे बचाता है, थानेके काऊंटरपर क्यूआर कोड फीडबैक हर नागरिकको अपनी राय सांझी करनेका मौका देता है। पुलिसकी कार्यशैलीमें बड़ा सुधार सर्वर रूम या किसी सॉफ्टवेयरसे कहीं आगे पुलिसके मानवीय व्यवहारपर टिका है। तेजीसे बदलती दुनियामें नये दौरकी पुलिसका प्रदर्शन केवल इस बातसे नहीं आंका जा सकता कि पुलिसने टैक्नोलॉजी आधारित कितने ऐप लांच किये, बल्कि पुलिसकी दक्षता इस बातसे आंकी जा रही है कि कितने अपराध होनेसे पहले ही रोक दिये गये।

(लेखक हरियाणामें पुलिस महानिदेशक हैं।)

माचिस खरीदने के बहाने दुकान खुलवाई कैंची घोंप कर दी वार्ड सदस्य की हत्या

बिक्रम (आससे)। बिक्रम थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में बुधवार की देर रात माचिस खरीदने के बहाने दुकान खुलवाकर 65 वर्षीय वार्ड सदस्य करीमन साव की हत्या कर देने का मामला सामने आया है. घटना रात करीब एक बजे की बतायी जा रही है. मृतक अख्तियारपुर मझौली पंचायत के वार्ड संख्या 11 के सदस्य थे. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी, जबकि परिजनों में चीख-पुकार मच गयी।

परिजनों के मुताबिक, बुधवार की देर रात विकास कुमार माचिस खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचा और दरवाजा खुलवाया. इसके बाद पैसे को लेकर विवाद हो गया. आरोप है कि इसी दौरान उसने कैंची से करीमन साव पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. हमले में गंभीर रूप से जख्मी वार्ड सदस्य को परिजन अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बिक्रम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की. पुलिस ने मंदिर के पास से खून से सनी कैंची भी बरामद की. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने महजपुरा गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसकी पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के कोरामा निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है।

मृतक की बहू ममता कुमारी ने थाने में लिखित शिकायत देकर पैसे के विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया है. बिक्रम थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत मिली है और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. मृतक की गर्दन और पेट पर गंभीर जख्म के निशान हैं. फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है. पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, उपसरपंच बीतेश्वर पंडित ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए मृतक के आश्रितों को सरकार से चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग की है।

फतुहा में पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से अपराधी घायल

एनएच-30 पर नियाजीपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास हुई घटना

फतुहा (आससे)। फतुहा थाना क्षेत्र में एनएच-30 के किनारे नियाजीपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास पुलिस और एक अपराधी के बीच मुठभेड़ होने की खबर सामने आई है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक अपराधी घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल अपराधी को इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) भेजे जाने की सूचना है। पुलिस सूत्रों से जानकारी के मुताबिक, पटना के आलमगंज थाना की पुलिस एक अपराधी का पीछा कर रही थी। इसी दौरान पुलिस की कार्रवाई फतुहा थाना क्षेत्र तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि एनएच-30 के किनारे नियाजीपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान अपराधी को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 13 को गुप्त सूचना मिली थी कि कदमकुआं थाना क्षेत्र के पटना कॉलेज परिसर में कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में मिली जानकारी और आरोपियों की निशानदेही पर तीन अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ ने फतुहा थाना क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरा देख शुभम कुमार ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल दो देशी कट्टे, तीन जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, घायल शुभम कुमार के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से 10 से 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संबंध में पटना ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और आपराधिक गतिविधियों के संबंध में भी जांच कर रही है।

सब्जी में छिपाकर रखी 1800 लीटर कच्ची स्प्रिट बरामद

मसौढ़ी (आससे)। धनरुआ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सब्जी की आड़ में ले जाए जा रहे 1800 लीटर कच्चा स्प्रिट को बरामद किया है। यह कार्रवाई धनरुआ थाना क्षेत्र के बिरेंची मोड़ के पास की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से एक पिकअप वैन पर कच्चा स्प्रिट लादकर पटना की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने टीम गठित कर बिरंची मोड़ के पास घेराबंदी की। जांच के दौरान पिकअप वैन में सब्जी के नीचे छुपा कर रखा गया 60 गैलन कच्चा स्प्रिट बरामद किया गया। प्रत्येक गैलन में 30 लीटर स्प्रिट था, कुल 1800 लीटर बताया जा रहा है। पुलिस को देखते ही पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पिकअप वैन पर सब्जी लदी हुई थी, ताकि पुलिस को चकमा दिया जा सके। पुलिस ने पिकअप वैन और स्प्रिट को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि अवैध शराब बनाने में इस कच्चे स्प्रिट का इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस गाड़ी के नंबर के आधार पर चालक और तस्करों की पहचान करने में जुटी है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

युवक पर जानलेवा हमला बेहोश होने तक डंडे से पीटा

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सरवां गांव में जानलेवा मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवक पर पीछे से हमला कर सिर फाड़ दिया गया।थानाध्यक्ष मसौढ़ी को दिए आवेदन में पीड़ित शिशुपाल कुमार उम्र 33 वर्ष, पिता-श्रद्धा ठाकुर, ग्राम-सरवां, थाना-मसौढ़ी, ने बताया है कि करीब 11 बजे वह अपने घर आ रहा था। रास्ते में कुछ लोगों से बात कर रहा था, तभी अचानक गांव के ही पिंस कुमार उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-बब्लू दास, ग्राम-सरवां, थाना-मसौढ़ी ने पीछे से मुड़कर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया जिससे पीड़ित का सिर बीचो-बीच फट गया और खून बहने लगा। पीड़ित बेहोश होकर वहीं गिर गया, इसके बावजूद आरोपी डंडे से शरीर पर वार करता रहा।

उधर भगवानगंज थाना क्षेत्र के रौनियाँ ओपी अंतर्गत सुबचक गांव में पुराने जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पीड़ित अशोक यादव पिता हरिनंदन यादव ने रौनियाँ ओपी प्रभारी को दिए आवेदन में बताया है कि सुबह करीब 7 बजे वह शौच के लिए खेत की ओर जा रहा था, तभी गांव के ही पूर्व के खेत विवाद को लेकर पहले से घात लगाए (1) डिप्टी कुमार उम्र 35 वर्ष, बिट्टू कुमार उम्र 19 वर्ष पिता दिनेश यादव (2) उमेश यादव, राजा यादव उम्र 40 वर्ष (3) हरीश यादव उम्र 45 वर्ष पिता परमानंद यादव सहित अन्य लोग लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर आ गए। आरोप है कि डिप्टी कुमार ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। उसके बाद उमेश यादव और हरीश यादव ने लाठी-डंडे से पीटकर दाहिना पैर फाड़ दिया। शोर सुनकर जब उसे बचाने उसकी मां आई तो आरोपी की दो महिला (1) पूनम देवी उम्र 42 वर्ष पति हरिद्वार यादव (2) संगीता देवी उम्र 38 वर्ष पति उमेश यादव ने उसकी मां के साथ भी मारपीट की। बाद में गांव के ही लल्लू देवी, संजीता देवी और अन्य ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया। पीड़ित का आरोप है कि सभी आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल का इलाज चल रहा है।

एनएसआईटी में कार्यशाला सह हैकाथॉन का समापन

बिहटा (आससे)। एनएसआईटी बिहटा में बीसीए के विद्यार्थियों के लिए आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला-सह-हैकाथॉन के समापन सत्र का आयोजन कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसआईटी के सभागार में दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर एनएसआईटी की प्रबंध निदेशक श्रीमती नीतू सिंह, वित्त रजिस्ट्रार श्री पवन सिंह और एनएसआईटी के निदेशक डॉ. जे. दलेई गरिमामय उपस्थिति में शामिल हुए।

औपचारिक उद्घाटन के बाद एनएसआईटी के टीपीओ श्री शेखर श्रीवास्तव ने पाँच दिवसीय कार्यशाला का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यशाला के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया साझा की।

इसके बाद विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य और कविता-पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। अंत में



गणमान्य अतिथियों ने हैकाथॉन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। विजेता टीम को ?3,000 नकद पुरस्कार दिया गया। सभी विजेताओं और गतिविधि में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न और पदक भी प्रदान किए गए।88 कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। अंत में प्रो. सूरज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बीसीए विभाग, एनएसआईटी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

दारोगा के साथ नशेड़ी युवक ने की जमकर मारपीट

मसौढ़ी (आससे)। धनरुआ थाना क्षेत्र के सोनमई ओपी में पदस्थापित एक दरोगा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सोनमई ओपी में पदस्थापित दरोगा तीपसा उरांव प्रत्येक शाम दूध लाने के लिए सोनमई बाजार जाते हैं। इसी दौरान एक नशे में धुत युवक से उनकी कहासुनी हो गई। युवक की पहचान प्रहलाद कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार नशे में धुत युवक दरोगा से भिड़ गया और दोनों के बीच हाथापाई व जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही धनरुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं इस पूरे मामले में पुलिस ने दरोगा के साथ मारपीट की घटना से इनकार किया है।

यूजीसी के मुद्दे पर आयुष सिंह राजपूत ने सरकार को घेरा

मसौढ़ी (आससे)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, जहानाबाद के युवा जिलाध्यक्ष आयुष सिंह राजपूत ने यूजीसी के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए सवाल उठाए। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था से जुड़े नियमों को लेकर सरकार से जवाब मांगा और विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की। आयुष सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार को शिक्षा से जुड़े फैसले लेते समय सभी वर्गों के विद्यार्थियों के अधिकारों और भविष्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने संबंधित मुद्दे पर सरकार से अपना रुख स्पष्ट करने और विद्यार्थियों की चिंताओं का समाधान करने की मांग की।

मोकामा में ब्राउन शुगर, नकदी के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

मोकामा (आससे)। मोकामा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों और सूखे नशे के सिंडिकेट के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। शराब और नशीली दवाओं के बड़े तस्करों पर नकेल कसने के बाद अब पुलिस खुदरा विक्रेताओं और नशेड़ियों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुट गई है। हाल ही में टॉप-10 तस्करों में शामिल कुख्यात रोहित कुमार को जेल भेजने के बाद थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मंगलवार को ब्राउन शुगर के अवैध धंधे में लिप्त दो युवकों को रंगे हाथ धर दबोचा।



गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुलदियार टोला के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को उस समय रोका, जब वे मोकामा शहर से नशे की खेप खरीदकर अपने गांव लौट रहे थे। तलाशी के दौरान उनके पास से लगभग 60 हजार रुपये मूल्य की 16 ग्राम ब्राउन शुगर, 11,500 रुपये से अधिक नकद, एक बाइक, दो मोबाइल फोन, तीन लाइटर और एक चिलम बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मालपुर निवासी वीरु कुमार और सम्यागढ़ निवासी गोलू साव के रूप में की गई है।

कार्रवाई की भनक लगते ही बाढ़ एसडीपीओ रामकृष्णा तुरंत मोकामा पहुंचे और पुलिस बल के साथ तस्करों के संभावित ठिकानों पर सघन छापेमारी की। एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इलाके में सक्रिय मुख्य सप्लायरों को चिन्हित कर उनके खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने स्पष्ट किया कि नशा माफिया अब पूरी तरह पुलिस के रडार पर हैं और क्षेत्र को नशामुक्त करने के लिए यह अभियान आगे भी बिना रुके जारी रहेगा।

ट्रेन से ४० किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

बख्तियारपुर (आससे)। रेल सुरक्षा बल एवं रेल पुलिस की सक्रियता से ट्रेन सं. १३०४१० अप से चालिस किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया। निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल ने बताया कि गांजा तस्करी के आरोप धनलाल ठाकुर ग्राम तेघड़ा थाना बिहिया एवं संजय सिंह ग्राम मखदुमपुर थाना बिहिया जिला भोजपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि जब्त गांजा का अनुमानित कीमत बीस लाख रूपये बताया जाता है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया भुवनेश्वर से गांजा लेकर आ रहे है।

आरएलएसवाई कॉलेज में हुई शूटिंग प्रतियोगिता

बख्तियारपुर (आससे)। स्थानीय राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में अंतर विश्व विद्यालय में शुटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। १० मीटर एयर एवं १० मीटर राईफल्स प्रतियोगिता में दर्जनो छात्र छात्राओं ने भाग लिया। दस मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में रूद्र प्रता प्रथम, सचिन कुमार द्वितीय तथा आरव सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। १० मीटर एयर राईफल्स में रिशिका राज प्रथम, नेहा कुमारी द्वितीय तथा ज्योति कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुमकुम कुमारी एसएमडी कालेज हरनौत को रनर अप घोषित किया गया।

आज 6 घंटे बिजली रहेगी बाधित

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी शहर के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है बताया गया है की दिनांक 15/10/26 को सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक शहर के दो प्रमुख फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।सहायक विद्युत अभियंता, मसौढ़ी द्वारा जारी सूचना के अनुसार 11 केवी टाउन पश्चिम फीडर और 11 केवी टाउन ईस्ट फीडर के 11 केवी तार को शिफ्ट कराने के कारण शटडाउन लिया गया है। टाउन पश्चिम फीडर के अंतर्गत - कर्पूरी चौक, ब्यापार मंडल, पुरानी बाजार, सतियास्थान, मुख्य सड़क मसौढ़ी से दक्षिण की ओर सिनेमाघर तक। बिजली विभाग ने इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे उक्त अवधि को देखते हुए अपने घरों में पानी का भंडारण और अन्य जरूरी कार्य पहले से निपटा लें।समय पर कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

बिजली चोरी में चार पर केस

मसौढ़ी (आससे)। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 के कनीय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने भगवानगंज थाना क्षेत्र के अनौली गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता एसटीएफ राजा अहमद अंसारी, कनीय सारणी पुरुष प्रभु कुमार और मानवबल विनोद कुमार शामिल थे। छापेमारी के दौरान कुल चार मामलों में बिजली चोरी पकड़ी गई।

जंगली सूअर के हमले में किसान घायल

बिहटा (आससे)। बिहटा प्रखंड के विष्णुपुरा गांव के बधार में बुधवार की देर शाम एक किसान पर जंगली सूअर ने जानलेवा हमला कर दिया।बताया जाता है कि किसान डब्बू सिंह अपने खेत घूमने गए थे। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया।किसान की चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में दौड़ा कर रहे अन्य किसान मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक जंगली सूअर डब्बू सिंह को जख्मी कर भाग निकला।घटना के बाद स्थानीय किसानों ने तत्परता दिखाते हुए जख्मी किसान को उठाया और इलाज के लिए बिहटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना के बाद इलाके के लोगो में दहशत का माहौल है।

विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

मसौढ़ी (आससे)। दुर्गापूजा को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल में प्रशासन अलर्ट मोड में है। पूजा पंडालों में बिजली आपूर्ति को सुरक्षित और निर्बाध बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग ने निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि पूरे मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में इस वर्ष कुल 55 दुर्गा पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। पंडालों के निर्माण के साथ ही अनुमंडल प्रशासन द्वारा लगातार सभी पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मसौढ़ी प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मसौढ़ी शहर के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में बन रहे पूजा पंडालों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता ने पूजा समितियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समितियां विधिवत अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेना सुनिश्चित करें।

सड़क पर बहते गंदे पानी के खिलाफ जाम और प्रदर्शन

नौबतपुर (आससे)। नौबतपुर शिवाला रोड में नौबतपुर बस पड़ाव से लेकर रेफरल अस्पताल तक सड़क पर बह रहे नाले के गंदे पानी से परेशान स्थानीय लोगों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा। आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने नौबतपुर-खगौल मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। इस दौरान लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन करते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम होने से आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों का कहना था कि अस्पताल रोड पर लंबे समय से नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। आसपास रेफरल अस्पताल, मॉल, बैंक और कोचिंग संस्थान होने के कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या के कारण राहगीरों, मरीजों और दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बुधवार को



लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क पर बह रहे नाले के गंदे पानी की समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके। ऐसे में सवाल है कि क्या संबंधित विभाग पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और आम लोगों को राहत देने के लिए समय रहते पहल करेंगे? स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क पर बह रहे नाले के पानी को तत्काल रोका जाए, नाले की उड़ाही कराई जाए और स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मां दुर्गा की आराधना के इस पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को गंदगी और जलजमाव के बीच से गुजरने की मजबूरी न झेलनी पड़े। लोगों का कहना है कि सड़क पर नाले का पानी बहने की समस्या को लेकर न तो पंचायत स्तर पर और न ही प्रखंड प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान किया गया है। वहीं, सड़क किनारे बने नाले की सफाई और उसके निकास की जिम्मेदारी को लेकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय की जरूरत महसूस की जा रही है।

बस से कुचलकर बाइक सवार की मौत, विरोध में सड़क जाम

पालीगंज (आससे)। थाना क्षेत्र के अख्तियार नहर पुल के पास सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुरकुरी गांव निवासी स्वर्गीय रविंद्र यादव के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पाली-महाबलीपुर एसएच-2 को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. सड़क जाम के कारण मार्ग पर घंटों आवागमन बाधित रहा।

परिजनों के अनुसार, हिमांशु कुमार मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था. इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही बिहार सरकार द्वारा संचालित बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. बताया जाता है कि बस युवक को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गई, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई.हादसे की खबर मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने पाली-महाबलीपुर एसएच-2 को जाम कर हंगामा किया और विरोध प्रदर्शन किया. सूचना मिलने पर पालीगंज थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया, जिसके बाद आवागमन फिर से शुरू हो सका।

43 युवाओं को मिला ऑन स्पॉट रोजगार

मसौढ़ी (आससे)। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्तर पर जॉब मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को धनरुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जॉब मेले का आयोजन किया गया। इस जॉब मेले में एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर और



सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती की गई। कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट अखिलेश कुमार पांडे ने बताया कि मेले में कुल 55 युवाओं ने आवेदन दिया था, जिसमें से 43 युवाओं को योग्यता के आधार पर ऑन स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया। उन्होंने बताया कि चयनित सभी युवाओं को आरा स्थित दहियारा ट्रेनिंग सेंटर में एक महीने तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास और सुरक्षा अधिकारी पद के लिए स्नातक योग्यता निर्धारित की गई थी। मौके पर प्रखंड के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के जॉब मेले से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

मोकामा-मुंगेर 4 लेन परियोजना को ले किसानों से संवाद

भू-अर्जन पदाधिकारी ने जलमग्न टाल क्षेत्र का लिया जायजा

मोकामा (आससे)। मोकामा-मुंगेर फोरलेन ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को गति देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कवायद तेज हो गई है। इसी सिलसिले में भू-अर्जन पदाधिकारी ने स्थानीय अंचलाधिकारी (सीओ) लवली कुमारी के साथ मोकामा टाल क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने टाल क्षेत्र की जलमग्न स्थिति का मुआयना कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

टाल क्षेत्र के मुआयने से पूर्व अधिकारियों द्वारा नगर परिषद कार्यालय में भू-स्वामियों (किसानों) के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी। हालांकि, इस बैठक में मोकामा और आसपास के प्रमुख टाल क्षेत्रों के किसान शामिल नहीं हुए, जबकि मराची क्षेत्र से कुछ किसान उपस्थित रहे।

भूमि अधिग्रहण की औपचारिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन ने सभी संबंधित किसानों से आवश्यक दस्तावेज (कागजात) जमा करने की अपील की है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अब तक 35 किसानों ने अपने कागजात संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिए हैं। वहीं, उचित मुआवजे और अन्य मांगों को लेकर कई रैयतों व किसानों में अब भी असंतोष बना हुआ है। किसानों की नाराजगी को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी लगातार उनसे संपर्क साध रहे हैं और संवाद के जरिए सहमति बनाने के प्रयास में जुटे हैं, ताकि परियोजना का कार्य बिना किसी अवरोध के आगे बढ़ सके।

'हुजूर, नशेड़ियों से बचा लीजिए महिला शिक्षकों की लाज'

मसौढ़ी (आससे)। प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय मसौढ़ी में इन दोनों नशाखोरों का अड्डा बन गया है। लगातार झुंड के झुंड नशाखोर महाविद्यालय परिसर में बैठकर नशा करते हैं भारी संख्या में महाविद्यालय परिसर में नशा की सीरीज और दवाई का अंबार लगा हुआ है इसके अलावा असामाजिक तत्वों की हरकत से तंग आकर अब महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने थानाध्यक्ष मसौढ़ी को पत्र लिखा है। प्रभारी ने साफ तौर पर कहा है कि महिला शिक्षिकाओं को हुजूर महिलाओं की लाज बचा लिजीये प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार वर्मा के द्वारा बताया गया की महाविद्यालय का प्रांगण चारदीवारी से घिरा नहीं होने के कारण महाविद्यालय में बाहरी लोगों एवं नशाखोरों का जमावड़ा लगा रहता है। बाहरी एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है।जबकी महाविद्यालय परिसर में लगभग 200 की संख्या में सेवाकालीन शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण तथा लगभग 400 प्रशिक्षु छात्र/छात्राओं की डीएलएड की कक्षा संचालित है। महाविद्यालय परिसर में बाहरी लोगों के अनधिकृत रूप से प्रवेश कर खेलते रहने से महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं सेवाकालीन शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधि करने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है ज्ञातव्य हो कि महाविद्यालय में लगभग 200 की संख्या में सेवाकालीन शिक्षक आवासीय प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि प्रशिक्षुओं ने भी इससे पहले जिलाधिकारी पटना को पत्र देकर 2/4 पुलिस बल की तैनाती की मांग की थी। प्राचार्य ने अनुरोध किया है कि महाविद्यालय में नियमित रूप से गश्तीदल भेजकर असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए ताकि महाविद्यालय में प्रशिक्षण हेतु उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण बनाया जा सके। इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने बताया की बाइक पेट्रोलिंग के जरिए पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी

Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the Judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs Union of India & Anr.)
Name and address of Condidate : Syed Md. Shibgatullah @ Dabbu Khan Mohalla-Mir Manjan Quilaghat, P.S.-Laheriasarai Distt.-Darbhanga.
Name of Political Party : Independent
(Independent condidates should write "Independent" here)
Name of Election : Legislative Council Bihar (Patna)
Name of Constituency : Darbhanga 05, Graduate Legislative Council
I Syed Md. Shibgatullah @ Dabbu Khan (name of candidate), a candidate for the abovenentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	M/s Shail Kumar Judicial Magistrate 1st class, Darbhanga	Laheriasarai P/S case No. 358/2007 dated 24.1.2007	Evidence	4/5 384, 387, I.P.C

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Nil	Nil	Nil	Nil
Nil	Nil	Nil	Nil
_	_	_	_

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

I hitherto known as SHOBHA DEVI D/O: MADAN PRASAD, R/O- VTC: Sohanpur, PO: Sohanpur, District: Deoria, State: Uttar Pradesh, Pin Code: 274704, have changed my name and shall hereafter be known as KM SHOBHA MADHESHIYA.

I, SATISH KUMAR S/O: RAMESH CHANDRA, R/O- Ashrafi nagar Page-3, Madaw, PO: Rohana, DIST: Varanasi, Uttar Pradesh - 221108, have changed the name of my minor daughter SHAGUN aged 10 years and she shall hereafter be known as SHAGUN KUMARI.

I hitherto known as JITENDRA KUMAR S/O: RADHESHYAM, R/O- Post Mirzapur, Gram Kheriya, Khiriya, Deoria, Uttar Pradesh - 274603, have changed my name and shall hereafter be known as SATYENDRA YADAV.

I hitherto known as MOHD SHAHANSHAH ALAM S/O: MOHD. ISRAFIL ANSARI, R/ OGurukhpurwa, Juggaur, Juggaur, PO: Juggaur, DIST: Lucknow, Uttar Pradesh - 226028, have changed my name and shall hereafter be known as NOAH ALAM.

I, RAGAVENDRA PRATAP SINGH S/O: ASHOK KUMAR, R/O- khanjahnpur chirkua, Bidhuna, Auraiya, Uttar Pradesh, 206243, have changed the name of my minor daughter ACHCHHITA aged 15 years and she shall hereafter be known as AKSHITA SAXENA.

I hitherto known as KM ADITI DEVI W/O: SANJEEV KUMAR DESHWAL, R/O- vill taiyyabpur kazi, post mandawar, Mandawar (Rural), PO: Mandawar, DIST: Bijnor, Uttar Pradesh-246721, have changed my name and shall hereafter be known as ADITI DEVI.

I hitherto known as SHIVANGI YADAV D/O: SUNIL KUMAR, R/O- Nagla mansingh, Jamaura, Bhogaon, PO: Bhongaon, DIST: Mainpuri, Uttar Pradesh - 205262, have changed my name and shall hereafter be known as KM MUSKAN.

I, MOHAMMAD SALEEM S/O: MOHAMMAD SHAFI, R/O- Mohalla Habib Nagar, PO Darhiyal Mustehkam, Tahsil Tanda, Dariyal Musthkam, Rampur, Uttar Pradesh - 244925, have changed the name of my minor son ASJAD RAZA aged 06 years and he shall hereafter be known as AYAZ AHMAD.

NAME CHANGE

I hitherto known as MUNNI DEVI W/O: MUGERI YADAV, R/O- husenpur khuddivan, Husenpur, Munger, Bihar - 811212, have changed my name and shall hereafter be known as MANAKKA DEVI.

I, MUBARAK MONDAL S/O: KHABIR MONDAL, R/O- dantura dantura dantura, murarai- libirbhum west bengal- 731221, have changed the name of my minor son KAIF MONDAL aged 07 years and he shall hereafter be known as YUSUF MONDAL.

I hitherto known as MALKHAN SINGH S/O: SATISH, R/O- Sikhera, PO: Shikhera, DIST: Bulandshahr, Uttar Pradesh - 203002, have changed my name and shall hereafter be known as PERCY. that i have changed my name only not my religion.

I, hitherto known as NOYEB ALAM S/O: SK MURTAZA R/O:- Patinor, Bagela, Uttar Dinajpur, Patnaur, West Bengal, 733201, Have changed my name and shall hereafter be known as MUHAMMAD HAMMAD.

I hitherto known as SHRIMANT MOCHI W/O: NARAYAN MOCHI, R/O- Nagari Post Nagari, Kundahit, Kundahit, Jamtara, Jharkhand, 815359, have changed my name and shall hereafter be known as SIMANT MOCHI.

I hitherto known as VISHAL S/O: RAVINDER SINGH, R/O- Bond Kalan (127), Bhiwani, Haryana - 127025, have changed my name and shall hereafter be known as VISHAL SINGH

I hitherto known as ROSHAN KUMAR SINGH S/O: DINESH KUMAR SINGH, R/O- Vill- Panaila, PostBadahari, Babhani, PO: Babhni, DIST: Rohtas, Bihar - 802215, have changed my name and shall hereafter be known as ROSEN KUMAR SINGH.

I, SANJIT SAH S/O: MAHENDRA SAH, R/O- Ajhaur, Ajhaur, Begusarai, Cheria Bariarpur, Bihar, 851131, have changed the name of my minor son SAURAV KUMAR aged 16 years and he shall hereafter be known as SAURABH KUMAR.

I hitherto known as BASIR S/O: SHEKH HANIF, R/O- ward no 05, shyampur, Shampur, PO: Shyampur, DIST: Sheohar Bihar- 843329, have changed my name and shall hereafter be known as MD. BASHIR AHMAD.

NAME CHANGE

I, hitherto known as NOYEB ALAM S/O: SK MURTAZA R/O:-, Patinor, Bagela, Uttar Dinajpur, Patnaur, West Bengal, 733201, Have changed my name and shall hereafter be known as MUHAMMAD HAMMAD.

I hitherto known as RUKHY KHATOON D/O: MD PREWEZ, R/O- Ward no-07, pipra, panchayatnbaraistambrar, anchal- jokihat, Bara Istamrar, PO: Bara Ishambara, DIST: Araria, Bihar -854329 , have changed my name and shall hereafter be known as GULISTAN.

I hitherto known as MUNTASIR HUSSAIN S/O: GULAM HUSSAIN, R/O- Khurshid Manzil, Laxmibai Marg, Dewas, PO: Dewas, DIST: Dewas, Madhya Pradesh - 455001, have changed my name and shall hereafter be known as FIROZ HUSSAIN.

I hitherto known as SATEESH KUMAR SONI S/O: SHYAM LAL SONI, R/O- ward n -09, gram bhudsa post bhudsa, Bhudsa, PO: Bhudsa, DIST: Katni, Madhya Pradesh - 483773, have changed my name and shall hereafter be known as SATISH KUMAR SONI.

I hitherto known as HATIM S/O TALIB HUSAIN R/O- Makan N - 5, Ward N - 13, Yousufi Dargah Road Shajapur, Shajapur, PO: Shajapur, DIST: Shajapur, Madhya Pradesh - 465001, have changed my name and shall hereafter be known as HATIM PETIWALA.

I hitherto known as SUBHADRA BHARATI W/O: RAJESH SHARMA, R/O- Ghiraniya (Bara), Po: Ghirnia Bada, Dist: Sikar, Rajasthan - 332026, have changed my name and shall hereafter be known as SHESHA SHARMA.

I hitherto known as ADESH KUMAR S/O: BADE LAL, R/O- Village - Baruara Post Barua Baruara, PO: Pali, DIST: Hardoi, Uttar Pradesh - 241123, have changed my name and shall hereafter be known as ADESH RAJPUT.

त्योहारों की खरीदारी पर शानदार छूट दे रहा अमेजन

पटना। नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा के अवसर पर अमेजन ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पादों पर आकर्षक छूट और विशेष सौदे लेकर आया है। इसमें पारंपरिक कपड़े, पूजा सामग्री, दीये, फूल, सजावटी सामान, मिठाइयां, सूखे मेवे और उपहार शामिल हैं। ग्राहक गरबा और डांडिया के लिए जरूरी सामान भी खरीद सकते हैं। कंपनी के अनुसार, ग्राहकों को उसी दिन और अगले दिन डिलीवरी की सुविधा मिलेगी।

शेमारूमी लेकर आ रहा है दिल पड़ोसी, एक नया रिलेशनशिप ड्रामा

जहाँ आपके वैवाहिक जीवन में गायब चिंगारी ठीक बगल के घर से आती है



विवाह। इच्छा। प्रलोभन। वह सब कुछ, जो आपको यहीं ठीक बगल के घर में मिल जाएगा। क्या होगा, यदि आप जो जीवन चाहते हैं, वह आपके पास मौजूद जीवन से सिर्फ एक दीवार की दूरी पर हो, शेमारूमी- शेमारू प्रीमियर के नवीनतम छह-एपिसोड के हिंदी रिलेशनशिप ड्रामा दिल पड़ोसी में इसी सवाल का पता लगाता है, जिसका प्रीमियर 15 अक्टूबर, 2026 को होने जा रहा है। एक छोटे शहर की कॉलोनी में सेट, यह सीरीज़ इच्छा, विवाह और प्रलोभन की कहानी है और एक जाहिरा तौर पर सही दिखने वाले घर की दीवारों के पीछे की खामोश दरारों की दास्तान है। दिल पड़ोसी उस बात की थाह लेता है, जिसे लोग महसूस तो करते हैं, लेकिन कभी बयाँ नहीं करते। वे परफेक्ट पार्टनर्स, जो एक खुशहाल शादीशुदा जोड़े की तरह दिखते हैं, फिर भी उस दिनचर्या के नीचे अनकहा तनाव, दूरियाँ और ऐसी सच्चाइयाँ छिपी होती हैं, जिनका सामना करने के लिए दोनों में से कोई तैयार नहीं होता। ठीक बगल में, बहुत ही खुले विचारों वाला और आधुनिक जोड़ा एक अलग ही नियम पुस्तिका के तहत रहता है- एक खुला रिश्ता जिसमें हर कोई दूसरे की पसंद से वाकिफ है। अप्रिय सच्चाइयों और चार ऐसे पात्रों की उम्मीद करें, जिनसे आप समान रूप से प्यार करेंगे, जिनकी आलोचना करेंगे और जिन पर बहस करेंगे। यह एक ऐसी सीरीज़ है, जिसके बारे में आप कोई भी एपिसोड खत्म होते ही अपने दोस्तों और पार्टनर के साथ चर्चा करना चाहेंगे। नायरा एम. बनर्जी, जय तलवार, शिवानी एम. सिंह और प्रणव कुमार अभिनीत, यह सीरीज़ दर्शाती है कि तब क्या होता है जब शादी में गायब हुई चिंगारी अचानक बगल के घर से आने लगती है। जब नए पड़ोसी, दीया और रौनक, तस्वीर में आते हैं, तो सब कुछ एक अप्रत्याशित मोड़ ले लेता है। जैसे-जैसे जानी-पहचानी दिनचर्या बदलने लगती है और रिश्तों के बीच की सीमाएँ धुंधली होने लगती हैं, मोहक और मंजरी खुद को ऐसी इच्छाओं, पसंद और भावनाओं के सामने पाते हैं, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी।

विश्व मानक दिवस पर 'सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा' पर संगोष्ठी

पटना (आससे)। भारतीय मानक ब्यूरो, पटना के तत्वावधान में विश्व मानक दिवस पर 'मानक महोत्सव एवं संगोष्ठी' का आयोजन होटल द पनाश कौटिल्य चंद्रकेश सिंह, वैज्ञानिक 'ई' एवं निदेशक एवं प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा ने स्वागत संबोधन में मानकीकरण, गुणवत्ता आश्वासन तथा सतत विकास में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सतत विकास लक्ष्य-७ 'सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा' की प्रगति में भारतीय मानकों के महत्व को रेखांकित किया। अमित कुमार चौधरी, वैज्ञानिक ई एवं निदेशक एवं प्रमुख, पटना शाखा प्रयोगशाला ने परीक्षण एवं गुणवत्ता आश्वासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानकों के अनुरूप परीक्षण में उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने ऊर्जा दक्षता, सुरक्षित तकनीकी प्रणालियों तथा स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा.एन.विजयालक्ष्मी, अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग थी। उल्लेखनीय है कि योजना एवं विकास विभाग, बिहार में सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन हेतु बिहार सरकार में नोडल विभाग है।



डा.एन.विजयलक्ष्मी ने कहा कि सतत विकास के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, सुलभ एवं किफायती ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा, स्रोतों को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों को अपाने की दिशा में ठोस प्रयास किये जाने चाहिए। ऊर्जा से संबंधित उपकरणों एवं तकनीकी प्रणालियों की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में भारतीय मानकों का प्रभावी क्रियान्वयन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानकों का अनुपालन ऊर्जा की बचत, उपभोक्ता संरक्षण तथा सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने सरकार, उद्योग जगत और मानक निर्धारण संस्थाओं के बीच समन्वय को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में राम लाल खेतान, अध्यक्ष, बिहार इंडस्ट्रीज असोसिऐशन, डा. यूपी सिंह, निदेशक, सीपेट, हाजीपुर, नील मणि रंगेश, अध्यक्ष इंस्टीच्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, पटना सेंटर तथा कनदीप जैन, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम शामिल रहे। अतिथियों ने गुणवत्ता, सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण तथा उद्योगों में भारतीय मानकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में सुश्री पूजा प्रिया, वैज्ञानिक डी एवं संयुक्त निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

पेंशनर्स मीट का आयोजन

पटना (आससे)। भारतीय स्टेट बैंक की पटना मुख्य शाखा में आज पेशनर्स मीट का आयोजन किया गया। बैठक सहायक महाप्रबंधक श्री गुंजन कुमार एवं उप शाखा प्रबंधक श्रीमती अर्चना आनंद के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैइक में पेशनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री सी.पी. सिंह, महासचिव श्री हरेन्द्र प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव श्री रमेश तिवारी तथा उपाध्यक्ष श्री ललन प्रसाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में पेंशनभोगी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बैंक के अधिकारियों ने पेशनभोगियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। पेंशन भुगतान, बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पेंशनभोगियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से समाधान किया जायेगा।

पेंशनर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने बैंक प्रबंधन द्वारा इस प्रकार की बैठक आयोजित करने की सराहना की और पेंशनभेगियों के प्रति बैंक के सहयोगात्मक रवैये के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी ऐसे संवाद नियमित रूप से होते रहेंगे। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

पी.जी. भक्ति ने मां दुर्गा की सेवा में रिलीज किया दश देवी गीत

पटना (आससे)। पी.जी. सुपर साउण्ड दरियापुर गोला के संस्थापक निदेशक प्रदीप कुमार ने अपने पी.जी. भक्ति यूट्यूब चैनल पर दश देवी भजन जारी किया। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदीप कुमार ने बताया कि इन दश देवी गीतों में जागी जागी भवानी मइया, लेके अवतार मइया आयी, गायक राजू बीजाधर लिखित एवं गाये गीत है। मोनी कुमारी रचित एवं गाये गीतो का वीडियो माई के मंदिरिया, रानीपुर के काली भवानी, सजल बाड़ी माई के दुआर, माई के देखेला शामिल है। रंजीत चित्रांगन लिखित एवं मुकेश भवाली के गाये भजन का वीडियो माई रूसल बाड़ी, किरपा देखइहें शेरावाली, आरती माला द्वारा रचित एवं गाये गीत का वीडियो काली मइया आ गइली रिलीज हुआ है। इनमें अधिकांश गीतों को पसंद किया जा रहा है। गीतों का संगीत संयोजन प्रदीप कुमार ने किया है। गीतों में संगीत दिया है सराज दास ने। पीजी भक्ति के लिए इन वीडियो को रिलीज किया गया है।

प्रियंका सिंह का देवी गीत 'शिव हो जाइब नइहरबा' रिलीज

पटना (आससे)। आज नवरात्र की चौथी पूजा को प्रियंका चैनल ऑफिसियल पर रिलीज हुआ मां दुर्गा का नवरात्र भजन भोजपुरी की सुपर स्टार पार्श्व गायिका प्रियंका सिंह की आवाज में। गीतकार हृदय नारायण झा लिखित यह एक ऐसा भोजपुर देवी गीत है, जिसमें माता पार्वती नवरात्र अपने नइहर (मायका) आने का प्रस्ताव निवेदन करती है। इसे



अपने सुमधुर स्वर में गाया है प्रियंका सिंह ने शिव हो जाइबि नइहरबा में। सम्पूर्ण विश्व भोजपुर समाज के नवरात्र श्रद्धालुओं के लिए सुनने और देखने योग्य है यह भजन। पहली बार इस प्रसंग का कोई देवी गीत भोजपुरी में आया है और इसे सबकी पसंद बनाने के लिए आधुनिक संगीत में पारंपरिक धुन का समावेश किया गया है जो श्रोताओं की संवेदना को जगाता है मां दुर्गा की भक्ति में। गीत को संगीत से सजाया है छोटू रावत ने। वीडियो परिकल्पना और निर्देशन विनीत शाह का है। गीत के बोल है नइहरबा हम जाइबि शिव हो जाइबि हम नइहरबा।

साड़ी पूरे भारत को जोड़ने वाली एक खूबसूरत कड़ी है : सोमप्रभ सिंह

पटना। टाटा समूह का ब्रांड तनाएरा अपने नए कैंपेन के माध्यम से अलग-अलग संस्कृतियों एवं पीढ़ियों की महिलाओं के लिए प्रदर्शित कर रहा हैं। भारतीय परंपराओं में श्रृंगार की खास जगह रही हैं। इस कैंपेन में इसे आज के नजरिए से दिखाया गया हैं। इसमें सजने-संवरने की खुशी के साथ उस छोटे से पल को भी अहमियत दी गई हैं, जब कोई महिला कुछ देर के लिए सिर्फ अपने बारे में सोचती है और खुद को निहारती हैं।

कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर दानापुर रेल मंडल का जोर

(आज समाचार सेवा)

पटना। दानापुर रेल मंडल ने स्टेशनों पर स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं की पहचान, मानचित्रण और समीक्षा शुरू की है। स्वच्छता पखवाड़ा ;1 से 15 अक्टूबरद्ध और विशेष अभियान 6०0 ;2 से 31 अक्टूबरद्ध के तहत चल रही इस पहल का उद्देश्य कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारणए पुनर्चक्रण को प्रोत्साहन और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों और इकाइयों में कचरा प्रसंस्करण से जुड़ी सुविधाओं का आकलन किया जा रहा है। इनमें बायोगैस संयंत्रए कम्पोस्टिंग इकाइयांए सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्र कचरे से ऊर्जा उत्पादन और प्लास्टिक प्रसंस्करण की व्यवस्थाएं शामिल हैं। रेल मंडल की ओर से बोतल क्रशिंग मशीनों की स्थापित क्षमता और उनके वास्तविक उपयोग की स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि उपलब्ध मशीनों और अन्य संसाधनों का उपयोग किस हद तक हो रहा है और कहां सुधार की जरूरत है। समीक्षा के दौरान ऐसे स्टेशनों और इकाइयों को चिह्नित किया जा रहा हैए जहां कचरे की मात्रा अधिक हैए लेकिन उसके प्रसंस्करण के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इससे नई सुविधाओं के विकासए मौजूदा व्यवस्थाओं के उन्नयन और भविष्य की पूंजीगत योजनाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत गीले कचरे की कम्पोस्टिंग और बायो.मीथनेशन तथा सूखे कचरे के उचित संग्रहण और सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। रेलवे के अनुसार यह प्रयास ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुरूप कचरे के निस्तारण की व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में किया जा रहा है।

नाव दुर्घटना पीड़ितों को दस-दस लाख मुआवजा मिले

पटना (आससे)। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने राघोपुर में बाढ़ और नाव दुर्घटनाओं में हुई मौतों पर चिंता जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को दस-दस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। इसके साथ ही नावों की सुरक्षा, बांध और पुल निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच, युवाओं की नियुक्ति, शिक्षा व्यवस्था, निवास नीति और महिला सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर कारवाई का आग्रह किया।

एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 में एनओसीईटी-2026 का क्षेत्रीय चरण आयोजित, बाढ़ की टीम प्रथम

पटना (आससे)। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय सह आवासीय परिसर पटना में 14 अक्टूबर 2026 को एनटीपीसी ओपन कॉम्पिटिशन फॉर एग्जीक्यूटिव टैलेंट (एनओसीईटी) का क्षेत्रीय चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करना, टीम भावना को मजबूत करना तथा व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के विभिन्न स्टेशनों के साथ-साथ बीआरबीसीएल और पतरातू की टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने कंपनी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने, परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा सतत विकास को गति देने के उद्देश्य से अपने नवाचारी विचार एवं व्यावसायिक समाधान प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसमें श्री श्रीकांत केरहालकर, महाप्रबंधक (ओएस); श्री विल्सन अब्राहम, महाप्रबंधक (मां.सं.); तथा बाह्य निर्णायक के रूप में डॉ. प्रियंका त्रिपाठी, आईआईटी पटना की एसोसिएट प्रोफेसर शामिल थीं। मूल्यांकन के प्रमुख मानदंडों में व्यावसायिक प्रासंगिकता, प्रस्तावित समाधानों की व्यवहार्यता, व्यावसायिक योजनाओं की मजबूती, हितधारकों की सहभागिता तथा प्रस्तुति की समग्र प्रभावशीलता शामिल रहे।प्रतियोगिता में एनटीपीसी बाढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कहलगांव की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी टीमों, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं मार्गदर्शकों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की गई। इस प्रतियोगिता ने एनटीपीसी के कर्मचारियों को अपनी नवाचारी सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता, संगठनात्मक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया।

त्योहारों पर रेलवे की सौगात, 11 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

पटना (आससे)। दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेल ने 11 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है। इन ट्रेनों से बिहार के विभिन्न शहरों का हुब्बल्लि बेंगलुरु, नागपुर, अमृतसर, दिल्ली, गोरखपुर, कोलकाता, उधना और टाटा समेत कई प्रमुख शहरों से सीधा संपर्क बढ़ेगा। रेलवे के अनुसार इन ट्रेनों का परिचालन अक्टूबर और नवंबर के दौरान निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। टना। हुब्बल्लि मुजफ्फरपुर स्पेशल 13 अक्टूबर से 24 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को हुब्बल्लि से चलेगी। वापसी में यह ट्रेन 16 अक्टूबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से रवाना होगी। यशवंतपुर सहरसा स्पेशल 11 अक्टूबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक रविवार को यशवंतपुर से चलेगी। वापसी में सहरसा से इसका परिचालन 14 अक्टूबर से 2 दिसंबर तक प्रत्येक बुधवार को होगा। नागपुर समस्तीपुर स्पेशल 21 अक्टूबर से 11 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को नागपुर से चलेगी। वापसी में समस्तीपुर से यह ट्रेन 23 अक्टूबर से 13 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को रवाना होगी। वहीं अमृतसर मुजफ्फरपुर स्पेशल 19 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। अमृतसर.जयनगर स्पेशल का परिचालन भी निर्धारित दिनों में 16 अक्टूबर से शुरू होगा। नारंगी.गोरखपुर स्पेशल 16 अक्टूबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को नारंगी से चलेगी। टाटा.बक्सर स्पेशल 13 अक्टूबर से 24 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को टाटा से रवाना होगी। आनंद विहार.भागलपुर स्पेशल 10 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रतिदिन चलेगीए जबकि वापसी में भागलपुर से इसका परिचालन 11 अक्टूबर से 26 नवंबर तक निर्धारित है। योगनगरी ऋषिकेश.कोलकाता स्पेशल 16 अक्टूबर से 20 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को ऋषिकेश से चलेगी। इसके अलावा उधना.जयनगर के बीच दो जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें 18 और 25 अक्टूबर को उधना से तथा 20 और 27 अक्टूबर को जयनगर से रवाना होंगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन की तिथिए समय और ठहराव की जानकारी आधिकारिक रेलवे माध्यमों से अवश्य प्राप्त कर लें।

बरौनी में कवच प्रणाली का सफल परीक्षण

आमने-सामने आये दो लोको, फिर भी नहीं हुई टक्कर

पटना। पूर्व मध्य रेल ने रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में बरौनी में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का सफल परीक्षण किया। बरौनी समस्तीपुर और बरौनी बेगूसराय रेलखंड पर किए गए परीक्षण के दौरान दो लोको को आमने सामने लाया गया लेकिन संभावित टक्कर को रोकने में प्रणाली सफल रही। इस परीक्षण से रेल परिचालन में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग के निर्देशन में हुए इस परीक्षण में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों के साथ रेलटेल और क्वाड्रेंट की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षण के दौरान कर्नेक्स डीएमआई प्रणाली से सुसज्जित दो लोको के माध्यम से मानक कवच प्रणाली की कार्यक्षमता और सुरक्षा क्षमता का आकलन किया गया। कवच एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है जिसका उद्देश्य मानवीय भूल या अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाली संभावित रेल दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करना है। निर्धारित परिचालन परिस्थितियों में खतरे की स्थिति उत्पन्न होने पर यह प्रणाली स्वचालित ब्रेकिंग के जरिए ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने में सहायक होती है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार बरौनी में किया गया सफल परीक्षण आधुनिक सिग्नलिंग और ट्रेन सुरक्षा तकनीक के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे रेल परिचालन में सुरक्षा तकनीक की क्षमता को परखने में मदद मिली है। पूर्व मध्य रेल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग से रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष पहल

22 स्टेशनों पर मेरी सहेली टीम तैनात

पटना। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल की है। इसके तहत 22 प्रमुख स्टेशनों पर मेरी सहेली टीमें तैनात की गई हैं जबकि प्रतिदिन औसतन 45 ट्रेनों में सुरक्षा एस्कॉर्ट की सुविधा दी जा रही है। अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं को विशेष सहायता देने के साथ रेलवे परिसर में अपराध रोकने और यात्रियों की शिकायतों का त्वरित निपटारा करने पर भी जोर दिया जा रहा है। आरपीएफ के जवानों की एस्कॉर्ट टीमों में 13 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल हैं जिनमें महिला और पुरुष जवान संयुक्त रूप से तैनात रहते हैं। महिलाओं के कोच में अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए चलाए गए अभियान के तहत जनवरी से सितंबर 2026 के बीच रेल अधिनियम की धारा 162 में 2466 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं 19 जून से 30 सितंबर तक जन विश्वास अधिनियम के तहत 219 लोगों को पकड़ा गया और करीब 4.9 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। आरपीएफ ने नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत जनवरी से सितंबर तक ट्रेनों और रेलवे परिसरों से 591 बच्चों को रेस्क्यू किया। इनमें 387 लड़के और 204 लड़कियां शामिल हैं। इसी अवधि में मानव तस्करी के मामलों में 22 लोगों को बचाया गया। इनमें 13 नाबालिग और नौ महिलाएं शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान 10 कथित तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष रेलवे परिसर में प्रसव के दो मामलों में आरपीएफजवानों ने मदद पहुंचाई। खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन का पता लगाने के लिए सीईआईआर पोर्टल की मदद ली गई। इसके जरिए 2437 मोबाइल फोन का पता लगाया गया जिनमें 352 बरामद किए गए। इन मामलों में 21 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं रेल परिसर में उपद्रव करने के आरोप में जनवरी से सितंबर के बीच रेल अधिनियम की धारा 145 के तहत 1023 लोगों पर कार्रवाई की गई। सितंबर में रेल मदद के माध्यम से सामान छूटने के 321, उपद्रव के 52, महिला यात्रियों से दुर्व्यवहार के सात और लापता या संपर्क से बाहर यात्रियों से संबंधित 126 मामले सामने आए। महिलाओं, दिव्यांगों और आरक्षित कोचों में अनधिकृत प्रवेश की 27 शिकायतें भी मिलीं। आरपीएफ के अनुसार इन शिकायतों पर कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान किया गया। इसके अलावा जनवरी से सितंबर 2026 के बीच यात्रियों के सामान की चोरी के 434 मामले दर्ज हुए। इनमें 241 मामलों का पता लगाया गया और 315 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और अन्य असुरक्षित यात्रियों की सुरक्षाए अपराध नियंत्रण तथा शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पेश की नई टोयोटा ग्लैंजा

पटना (निप्र)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई टोयोटा ग्लैंजा लॉन्च करने की घोषणा की। नई पीढ़ी के ग्राहकों की बदलती जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह प्रीमियम हैचबैक स्पोर्टी डिजाइन, आधुनिक तकनीक, बेहतर कनेक्टिविटी, आरामदायक इंटीरियर और उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ पेश की गई है। 2019 में लॉन्च होने के बाद से ग्लैंजा स्टाइल, सुविधाओं और भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए ग्राहकों के बीच लोकप्रिय रही है। नया मॉडल इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए अधिक आकर्षक डिजाइन और बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। कंपनी की 'व्हाटा मूव' कैंपेन थीम के तहत पेश की गई नई ग्लैंजा शहरी और ग्रामीण, दोनों बाजारों के ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।नई टोयोटा ग्लैंजा की बुकिंग 15 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी। ग्राहक इसे 11,000 रुपये की शुरुआती बुकिंग राशि के साथ बुक कर सकेंगे। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6,99,000 रुपये रखी गई है। वाहनों की डिलीवरी नवंबर 2026 के पहले सप्ताह से शुरू होने की जानकारी दी गई है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026

मेष- कार्य में बाधा, आर्थिक परेशानी, सम्बन्धों में कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, व्यर्थभ्रमण।
वृषभ- नवीन उपलब्धि, अधूरी योजना की पूर्ति, स्वनिर्णय लाभकेारी, कर्ज की अदायगी।
मिथुन- परिवार में हर्षोल्लास, विवाद का समापन, मनोविनोद के अवसर, उपहार का लाभ।
कर्क- मनोवांछित सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, मानसिक राहत, आय के नवीन स्रोत।
सिंह- प्रगति में बाधा, मानसिक तनाव, क्रोध की अधिकता, प्रियजनों से मतभेद, धनहानि।
कन्या- आर्थिक पक्ष बेहतर, धर्मकर्म में रुचि, आरोग्य सुख, मानसम्मान में वृद्धि, यात्रा भी।
तुला- आरोग्यसुख, स्थानपरिवर्तन का कार्यक्रम, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में खुशी।
वृश्चिक- स्वास्थ्य प्रतिकूल, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, हानि संभव।
धनु- योजना अधूरी, आर्थिक असंतोष, अनावश्यक खर्च, विरोधियों प्रभावी, राजकीय उलझने।
मकर- अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, जीवन साथी से सामंजस्य, सुख के साधन।
कुम्भ- आर्थिक स्थिति में सुधार, स्वजनों से सहयोग, कर्ज की निवृति, हर्ष का वातावरण।
मीन- आय के स्रोत, कर्ज की अदायगी, सुसमाचार से खुशी, शुभकृत्य संपन्न, यात्रा सुखद।

आज है जिनका जन्मदिन — 15 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 15 का मूलांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। प्रभावशाली व्यक्तित्व के स्वामी होंगे। हमेशा कुछ न कुछ सोचते रहेंगे। उत्तरदायित्व की पूर्ति करने में सक्षम होंगे। शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक काम को अधिक महत्व देंगे। जो भी निर्णय लेंगे स्वतंत्र रूप से लेंगे। निर्णय को दृढ़ता से कायम रख सकेंगे। आपके कार्यों में अनिश्चितता का समावेश रहेगा। दूसरों की प्रगति देखकर उससे भी आगे निकल जाने की कोशिश करेंगे। किसी भी बात को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में विश्वास करेंगे। परोपकार की ओर भी रूझान अधिक रहेगा। जनसम्पर्क का लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा। श्रृंगार एवं सौन्दर्य प्रसाधन वस्तुओं के क्रय में अधिक व्यय करेंगे। शुक्रवार के दिन सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करें। शुक्र यंत्र सविधि धारण करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनावें सदाचार का पालन करें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ शुं शुक्राय नमः
व्रत : शुक्रवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 8
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
जन्मरत्न : हीरा उपरत्न : सफेद पुखराज
जड़ी : अरण्ड की जड़ दिशा : आग्नेय

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

11	6	13
12	10	8
7	14	9

सुडोकू ४०८४

	7		2					
8		4				1		
	2		6		9			
		3	7					
						4	8	
				1				6
	6							9
				4				

7	1	4	6	3	9	5	8	2
5	2	8	4	1	7	6	3	9
3	9	6	8	5	2	4	7	1
9	4	5	3	2	8	7	1	6
6	8	1	9	7	5	3	2	4
2	7	3	1	6	4	9	5	8
4	3	2	7	8	6	1	9	5
1	5	9	2	4	3	8	6	7
8	6	7	5	9	1	2	4	3

हल ४०८३ सुडोकू

पटना से मनेर एवं हाजीपुर के लिए चलेंगी पीएम ई बसें

पटना (आससे)। पटना एवं आसपास में परिवहन सुविधा अब बेहतर होगी। केन्द्र की ओर से पीएमई बसें मिल गयी हैं। इसके साथ ही राज्य में पीएम ई- बसों की संख्या-५२ हो गयी है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अनुसार नयी ई बसों को पटना शहर से बाहर के रूटों पर संचालित किया जाएगा। इनमें मनेर, जॉनीपुर, हाजीपुर, नौबतपुर, जन्दाहा, विक्रम और जगनपुरा, आइएसबीटी शामिल है। निगम के तय रूट चार्ट के अनुसार बिहटा, अमहरा, दानापुर, शिवाला और जॉनीपुर के लिए १०-१० बसें चलेंगी। पालीगंज के लिए चार बसें, जबकि नौबतपुर, मनेर, हाजीपुर-जन्दाहा, आइएसबीटी जगनपुरा और विक्रम के लिए दो-दो बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा बेड़े में ८ पिंकी बसें भी शामिल हैं। कारगिल चौक से पालीगंज के लिए दो, दानापुर, शिवाला के लिए तीन और जॉनीपुर के लिए तीन पिंकी बसों का परिचालन होगा। बिहार को केन्द्र से ४०० पीएम-ई बसें मिलती है। इनमें से १५०, पटना को और ५०-५० बसें गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और पूर्णिया को मिलेगी।

कार्यालय—नगर परिषद, डेहरी, डालमियानगर

बिहार सरकार

पुनः निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)

संख्या–NIT No 10/2026-27

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् डिहरी–डालमियानगर
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक–09.10.2026
3 प्री बीड मीटिंग की तिथिएवं समय एवं स्थान दिनांक–04.11.2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराहन
4 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय दिनांक–02.11.2026 से दिनांक 14.11.2026 के 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– दिनांक–14.11.2026 समय 15:30 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि दिनांक– 17.11.2026 समय 15:30 बजे
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8 **कार्य की विवरणी** – **शष्टम् राज्य वित्त आयोग मद, 15वीं वित्त राज्य आयोग मद, आंतरिक संसाधन मद एवं नगर निधि मद**

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु० में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (onlineके माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Remodling and Renovation of town hall (Part A)	8551629	171033	10000	As per eproc2	06 माह

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् डिहरी–डालमियानगर

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013591 (B&C) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

एसबीआई के चयन को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम निराधार

पटना (आससे)। पंचायती राज विभाग ने एसबीआई के चयन को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को निराधार बताया है। विभाग का कहना है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधि संघ के स्तर से एसबीआई के चयन को लेकर गलत बातें कही जा रही हैं। १६वीं वित्त आयोग के तहत बैंक चुनने के लिए वित्त मंत्रालय की गाइड लाइन के बाद ११ जुलाई को अखबारों में विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद २० बैंकों ने आवेदन दिया था। सभी बैंकों के प्रस्ताव और प्रजेंटेशन को देखा गया। इसके बाद विभाग की कमेटी ने योग्यता गांवों तक शाखाओं की संख्या, सरकारी खातों को संभालने का अनुभव, भरोसा और समय पर तकनीकी मदद जैसे आधार पर एसबीआई का चयन किया है।

टेंडर हार्ट्स स्कूल में डांडिया और नवदुर्गा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज

पटना (आससे)। नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, पटना में 15 अक्टूबर को डांडिया नृत्य और नवदुर्गा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में तीसरी से नौवीं कक्षा तक की छात्राएं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में रामलीला, महिषासुर वध का मंचन और आकर्षक डांडिया नृत्य विशेष आकर्षण होंगे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, भक्ति और कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है।

पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए केंद्र और बिहार सरकार प्रतिबद्ध : संजय सरावगी

पटना (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने वैशाली जिले के राघोपुर क्षेत्र में गंगा नदी में नाव दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हृदयविदारक हादसे में लोगों की असामयिक मृत्यु की खबर अत्यंत पीड़ादायक है।

श्री सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद दुर्घटना पर गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दुर्घटना में मृत प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 2 लाख तथा घायलों को 50,000 की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस दुर्घटना में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके दु:ख की भरपाई संभव नहीं है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोकसंतप्त परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।श्री सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। पीड़ितों को आर्थिक सहायता,घायलों का बेहतर उपचार तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि राहत एवं बचाव कार्यों को पूरी तत्परता से संचालित किया जाए, लापता लोगों की तलाश के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा दुर्घटना के कारणों की जांच कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र यादव और सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव राघोपुर जाकर नाव दुर्घटना में मृतक के परिजनों से मिलेंगे।

श्री अरविन्द महिला कॉलेज में डांडिया महोत्सव

पटना (आससे)। श्री अरविन्द महिला कॉलेज में बुधवार को महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति और छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. रेखा रानी, प्रो. अंजलि प्रसाद और प्रो. पुष्पा राय ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ किया।

बिहार सरकार

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिवान सदर
Email: itinstitutesiwan@gmail.com

कौशलं बलम्

पत्रांक–806/सिवान सदर

:– अल्पकालीन प्रेस विज्ञप्तिः–

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिवान सदर मिश्रौली टोला, तितरा, जिरादेई, सिवान के कैम्पस में सिवान एवं अन्य जिलों के 10th with I.T.I पास ट्रेड– Draughtsman Civil, Fitter, Welder, Electrician, Electronic Mechanic (Trade Apprenticeship)/IoT, ICTSM, Mechanic Diesel & Other Trades (Optional trade apprenticeship) के पुरूष एवं महिला दोनों अभ्यार्थियों के लिए दिनांक–26.10.2026 को 10 बजे पूर्वाहन में L & T Construction Skill Training Institute(CSTI), Jadcherla, Hyderabad, Telangana & Ather Energy Ltd., Hosur,Tamilnadu द्वारा कैम्पस सेलेक्सन किया जाना है।

अतः आप सभी उर्तीण अभ्यर्थी अपने बॉयोडाटा एवं स्वप्रमाणित सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ 10 बजे पूर्वाहन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मिश्रौली टोला, तितरा, जिरादेई, सिवान के प्रांगण में स–समय उपस्थित हो कर इस रोजगार मेला/कैम्पस सेलेक्सन में भाग ले एवं इसका सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करे।

Company Name	L & T Construction Skill Training Institute(CSTI), Jadcherla, Hyderabad, Telangana	Ather Energy Ltd Hosur,Tamilnadu
Position	NAPS	Job
Department	Construction	Production
Location	PAN India(Ex. Lucknow, Delhi, Pune etc)	Hosur,Tamilnadu
Age	18-35 Years	18-30 Years
Experience	Fresher/Experience	Fresher/Experience
Qualification	Draughtsman Civil, Fitter, Welder, Electrician, Electronic Mechanic (Trade Apprenticeship)/IoT, ICTSM, Mechanic Diesel & Other Trades (Optional trade apprenticeship)	10th pass,12th pass, diploma,ITI(Any trade),Any degree(ex. BA,BSC,B.COM)
Gender	Male	Male/Female
Working Hours	8 Hrs	8 Hrs
Training Duration	2 Months	No Training
Training Fee	Completely Free	NA
Stipend during training	2500	NA
Food	Free	Free
Accommodation/Hostel	Free	NA
Uniform	Free	Free
Stipend/ Salary — 10th pass,12th pass, diploma,ITI(Any trade),Any degree(ex. BA,BSC,B.COM)	Rs 19,600/month (Only for ITI stipend)-1st yr. Rs 22,000/ month (Only for ITI stipend)-2nd yr	CTC-22,195(including PF,ESI for fresher) CTC-22,757(including PF,ESI for One year experience) Or other including experience year add some more amount
	Note: After completing 2 years the candidate will be face the only interview for the permanent role & salary will be Rs. 27,000	**Note:** After completing one year the candidate will be considered as permanent role.

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
सिवान सदर

PR. No. 013569 (LRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

पूर्णिया समाहरणालय, पूर्णिया
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)
ज्ञापांक–2934

वाहनों की सार्वजनिक नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्णिया जिला अन्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विभिन्न मद्यनिषेध थाना/पुलिस थाना काण्डों में जप्त वाहन अपर समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी एवं अपर समाहर्त्ता, विधि–व्यवस्था पूर्णिया के न्यायालय द्वारा राज्यसात किए गए निम्नलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्णिया के कार्यालय परिसर में दिनांक 03.11.2026 को 11:30 बजे पूर्वाहन् से नीलामी समिति द्वारा की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रधन की राशि का भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो **Excise Superintendent, Purnea के पदनाम से एवं Payable at SBI Purnea (Code no 000159) में देय होगा, के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिशेध कार्यालय में नीलामी तिथि से दो दिन पूर्व अपराहन् 5:00 बजे तक जमा करना होगा।**

नीलामी हेतु वाहनों की विवरणी

–: पाँचवी बार नीलामी हेतु वाहनों की विवरणी :– कंडिका (क)

क्रम सं0	उत्पाद अधिहरण वाद सं0/थाना नाम/काण्ड सं0	वाहन का प्रकार/मॉडल वर्ष	वाहन का निबंधन संख्या/ईजन संख्या/चेचिस संख्या	जिला परिवहन पदाधिकारी/मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य	पाँचवीं नीलामी का निर्धारित मूल्य (निर्धारित न्यूनतम मूल्य से 20% कम	कॉलम 06 में अंकित राशि का रक्षित मूल्य 10%	वाहन स्वामी का नाम एवं पता	अभ्युक्ति
.	2	3	4	5	6	7	8	9
01	95/24-25 मद्यनिषेध थाना सदर काण्ड सं0–227/24	MOTOR CYCLE 2012	PB10DQ-3916 चेचिस नं0– MD2DHDKZZU CM90349 ईजन सं–DKG BUM11436	12500.00	10000.00	1000.00	कंचन चौपड़ा, पिता–देवेन्द्र,सा0–8 33/1971, वार्ड नं0–25, लुधियाना पंजाब	

–: सातवीं बार नीलामी हेतु वाहनों की विवरणी :– कंडिका (ख)

क्रम सं0	उत्पाद अधिहरण वाद सं0/थाना नाम/काण्ड सं0	वाहन का प्रकार/मॉडल वर्ष	वाहन का निबंधन संख्या/ईजन संख्या/चेचिस संख्या	जिला परिवहन पदाधिकारी/मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य	सातवीं नीलामी का निर्धारित मूल्य (निर्धारित न्यूनतम मूल्य से 40% कम	कॉलम 06 में अंकित राशि का रक्षित मूल्य 10%	वाहन स्वामी का नाम एवं पता	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9
02	162/23 बायसी थाना काण्ड सं0–358/22	PULSAR MOTOR CYCLE 2022	निबंधन संख्या– OD23N-0150	67000.00	40200.00	4020.00	तिलक सोनी, पे0–खेदान सोनी, सा0–बाबूपदा रोड़ बोरोमन झारसुगड़ा,उड़ीसा पिन नं0–768208	

विशेष जानकारी हेतु सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्णिया के कार्यालय/समाहरणालय पूर्णिया के वेबसाईट Purnea.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
पूर्णिया

PR. No. 013602 (Excise) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

विवादित घोषणा हटी...

सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में कम से कम 14 बार उन फैसलों और आदेशों पर आपत्ति जताई थी, जो उनके अनुसार उनकी जानकारी या मंजूरी के बिना जारी किए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ये आपत्तियाँ नए वोटर रजिस्ट्रेशन, नाम हटाने और बहाल करने और वोटर लिस्ट की कस्टडी और सुरक्षा से जुड़ी थीं। इन आपत्तियों की जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी दी गई थी।

उसी दिन जारी ईसीआई के जवाब में कहा गया था कि आंतरिक चर्चाओं के दौरान असहमति होना फैसला लेने की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है और पिछले एक साल में पूरे आयोग के सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। आयोग ने तब कहा था कि श्रष्टह्वह्दह्ल समेत उसके डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म कड़े डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत काम करते हैं, और अधिकारियों ने फ़ॉर्म 6 की घोषणा को कानूनी बताया था। हालांकि, इसके तीन दिन बाद ही आयोग ने एक प्रेस नोट जारी करके पहले बदलावों की घोषणा की और तब से अब तक कई बदलाव हो चुके हैं।

चुनाव आयोग ने अपने ऑनलाइन वोटर डेटाबेस प्लेटफॉर्म की जांच के लिए वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाई है, जिसमें आईआईटी के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसके अलावा फॉर्म-6 से विवादित घोषणापत्र को भी हटाने का फैसला किया गया है। दरअसल, नए मतदाताओं (फर्स्ट-टाइम वोटर) के लिए फॉर्म-6 में जुलाई में एक नई घोषणा जोड़ी गई थी, जिस पर आयुक्तों ने कानूनी आधार न होने की आपत्ति जताई थी। अब जिन राज्यों में स्ङ्खक्रसमाप्त हो चुका है, वहां ऑनलाइन फॉर्म-6 से यह घोषणापत्र हटा दिया गया है। कर्नाटक और ओडिशा से बड़े पैमाने पर नाम हटाने की शिकायतों के बाद, आयोग ने 9 अक्टूबर को बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने कहा है कि अब कोई भी एक मतदाता दावे और आपत्ति की अवधि के दौरान अधिकतम 10 फॉर्म-7 (नाम हटाने या आपत्ति दर्ज कराने के फॉर्म) ही दाखिल कर सकता है। इससे ज्यादा फॉर्म जमा नहीं किए जा सकेंगे। इसके अलावा आयोग ने नई व्यवस्था दी है कि किसी भी आपत्ति पर फैसला लेने से पहले चुनाव पंजीकरण अधिकारी को शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत रूप से सुनवाई करनी होगी और जिस भी मतदाता का नाम चुनौती के तहत है, उसे भी अपना पक्ष रखने का मौका देना होगा। आयोग ने कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिन मतदाताओं का डेटा मैच नहीं हुआ है या जिनमें तकनीकी गड़बड़ी पाई गई थी, अब उन्हें ईआरओ दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे बल्कि बूथ लेवल ऑफिसर खुद मतदाताओं के घर जाकर दस्तावेज एकत्र करेंगे और ईसीआईएनईटी पर उसे अपलोड करेंगे। आयोग ने यह भी कहा है कि व्यक्तिगत सुनवाई केवल विशेष परिस्थितियों में होगी और वह भी प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन की जाएगी। बेघर लोगों और रैन बसेरों में रहने वालों के लिए विशेष सहायता डेस्क लगाए जाएंगे। आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बीएलओएस पुरानी और नई मतदाता सूचियों का मिलान कर गायब नामों की सूची बनाएं और उन घरों का दौरा कर फॉर्म-6 भरवाएं। बिहार और पश्चिम बंगाल समेत 20 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्ङ्खक्रका काम पूरा हो चुका है। इसके साथ ही आयोग ने दिल्ली में दावों के निपटान की समय सीमा 30 अक्टूबर तक, महाराष्ट्र में 26 अक्टूबर तक बढ़ा दी है, और गोवा में छूटे हुए 81 मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए गए हैं।

किसानों को...

रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम नीतीश कुमार जी किसानों के हितों की लगातार चिंता करते रहे। आपदा प्रबंधन विभाग सहित संबद्ध विभाग बाढ़के दौरान समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर काम किया है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव कृषि नर्मदेश्वर लाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल सहित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिलों के जिलाधिकारी जुड़े हुए थे।

सीजेपी के दो...

बाद अजिंक्य शिंदे ने कहा कि तीनों जंतर-मंतर की ओर गए थे और उन्होंने केवल तिरंगा लहराकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए थे। उन्होंने दावा किया कि इसी वजह से सौरव और आशुतोष को जेल भेजा गया। बुधवार को आशुतोष का जन्मदिन भी था। सीजेपी के वकील अभिष्ट हेला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अदालत में गलत तथ्य पेश किए। उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने किसी को प्रदर्शन के लिए नहीं बुलाया था और न ही बह्न्ड की शर्तों का उल्लंघन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कनाट प्लेस से जुड़ी एक अलग शिकायत का भी इस मामले में इस्तेमाल किया गया।

11.4 लाख रेल...

पर्यवेक्षक, तकनीशियन, सहायक तकनीशियन, पह्इंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारियों और ग्रुप सी के अन्य पात्र रेलकर्मियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष २०२५-२६ में रेलवे ने १,६७० मिलियन टन माल की रिकह्र्ड ढुलाई की और करीब ७.४१ अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। सरकार ने बोनस को रेल कर्मचारियों के योगदान की सराहना और रेलवे के कामकाज में सुधार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने वाला कदम बताया है।

दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों...

बल्कि जगह के लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ सकता है। इसके अलावा उन्हें उन स्थानों पर लगने वाली कीमत पर जीएसटी भी चुकानी पड़ेगी। कुल मिलाकर कहें तो राजधानी दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाना अब जेब पर भारी पड़ने वाला है।

जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन स्थल के रूप में रद्द किए जाने के बाद, अब सरकार द्वारा स्वीकृत नए मैदानों पर प्रदर्शन करने के लिए आयोजकों को 1 लाख रुपये से अधिक की भारी-भरकम राशि खर्च करनी होगी। इस लागत में सुरक्षा जमा राशि, सफाई शुल्क और 18% जीएसटी भी शामिल है। बता दें कि रामलीला मैदान की बुकिंग एमसीडी (नगर निगम) संभालता है, जबकि सीबीएस ग्राउंड (शाहदरा) और बुराड़ी ग्राउंड डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि,डीडीए राजनीतिक गतिविधियों के लिए मैदान कैसे आवंटित करेगा, इसके नियम अभी बनाए जा रहे हैं।

जंतर-मंतर पर जहाँ मुफ्त में प्रदर्शन किया जा सकता था, वहीं ऐतिहासिक रामलीला मैदान में केवल एक दिन के प्रदर्शन की कुल बुकिंग लागत 1,21,080 रुपये बैठती है। बारीकी से नजर डालें तो इसके तहत सुरक्षा जमा राशि 50,000, मैदान सुरक्षा शुल्क 5,000, दैनिक किराया 50,000, दैनिक सफाई शुल्क 4,000, लाइसेंस शुल्क 2,000 और 18% जीएसटी 10,080 रुपये शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तरह रामलीला मैदान बुक करने के लिए कुल 1,21,080 रुपये का खर्च आएगा। डीडीए के ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल पर फिलहाल राजनीतिक गतिविधियों के लिए अलग से कोई स्पष्ट श्रेणी नहीं बनाई गई है। वैसे सीबीएस ग्राउंड के 3,000 वर्ग मीटर क्षेत्र की एक दिन की बुकिंग के लिए 95,832 रुपये, सुरक्षा जमा 9,982 रुपये, सफाई शुल्क और 1,800 जीएसटी 18 फीसदी मिलाकर वहां के लिए कुल 1,07,614 देने पड़ते हैं। हालांकि, सिक्योरिटी डिपॉजिट को छोड़कर, रोज़ाना का खर्च 11,782 होगा। किराया बुक की गई जगह के साइज़ पर निर्भर करता है। बुराड़ी ग्राउंड की बुकिंग के लिए भी पेमेंट का ऐसा ही तरीका है,जो अभी डीडीए की बुकिंग लिस्ट में नहीं दिख रहा है। बुराड़ी ग्राउंड की जगह अभी भलस्वा ग्राउंड लिस्ट में है। वहां 8,000 वर्ग मीटर जगह बुक करने के लिए 2,55,552 की सिक्योरिटी डिपॉजिट, 26,933 का रोज़ाना सफाई का खर्च, और टैक्स के तौर पर 4,850 की जरूरत होगी। यानी इस मैदान पर प्रदर्शन करने के लिए कुल 2,87,333 रुपये का भुगतान करना होगा। भले ही सिक्योरिटी डिपॉजिट वापस मिल जाए, फिर भी इस ग्राउंड के इस्तेमाल का रोज़ाना खर्च 31,733 बैठता है; दूसरे शब्दों में, कहें तो जंतर-मंतर के बंद होने से अब दिल्ली में कोई भी सामाजिक या राजनीतिक प्रदर्शन आयोजित करना एक बेहद खर्चीला काम बन गया है।

डीएसपी, सिलाव थानाध्यक्ष...

पर कोर्ट ने अभियुक्त को जमानत देते हुए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ यह कड़ा निर्देश जारी किया। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पुलिस पदाधिकारियों ने या तो मनमाने तरीके से अभियुक्त को पफंसाने के लिए मनगढ़ंत कहानी रची या पिफर उन्हें कानून की जानकारी का अभाव है और उनके प्रशिक्षण में कमी है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसी स्थितियां विधि के शासन के लिए घातक हैं, जिससे कानून लागू करने वाली संस्थाओं की छवि धूमिल होती है। इस आदेश के तहत डीएसपी को १५ दिन जबकि थानाध्यक्ष और अनुसंधनक को एक-एक महीने के प्रशिक्षण में भेजने का आदेश एसपी को दिया गया है।

दिव्यांगों की पेंशन...

पात्र लोगों की संख्या बढ़ेगी और दिव्यांगजनों के लिए सामा. जिक सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। ये फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानक. ारी दी। सरकार ने वर्ष २०३१ तक देश में सामाजिक सुरक्षा के दायरे के विस्तार के लिए ५३,४२८ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया है।

वैष्णव ने बताया कि दिव्यांगता के आधार पर पेंशन की पात्रता सीमा में ४० प्रतिशत तक की कमी से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी, जो अब तक निर्धारित मानक पूरा नहीं करने के कारण इस लाभ से वंचित रह जाते थे। जन्म से दिव्यांग व्यक्तियों को योजना में शामिल करने के फैसले से भी सामा. जिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने में मदद मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और नए कारोबारियों को वित्तीय सहायता के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सरकार के अनुसार, इस कदम से बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र में नई पूंजी आने तथा निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

वैष्णव ने कहा कि देश की आर्थिक वश्द्धि की रफ्तार बनाए रखने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत होगी। आईडीबीआई बैंक के पुनर्गठन से छोटे उद्योगों, नए उद्यमियों, सेवा क्षेत्र और कारोबार का विस्तार करने वाले व्यवसायों को मदद मिल सकती है। इससे वित्तीय सेवा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) मिलकर आईडीबीआई बैंक में ३४ प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेंगे सरकार को उम्मीद है कि पुनर्गठन से बैंक की वित्तीय स्थिति और विकास क्षमता को मजबूती मिलेगी।

जर्मनी में इमारत में...

भारत में उनके गृह राज्य की जानकारी सामने नहीं आई है। घायलों की राष्ट्रीयता और अन्य विवरण भी उपलब्ध नहीं हैं।

पुलिस और अभियोजन अधिकारियों ने बुधवार को 41 वर्षीय व्यक्ति की गिरफ्तारी की जानकारी दी। वह इसी इमारत में रहता है और रोमानिया का नागरिक बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ हत्या का संदेह करने के शुरुआती आधार मिले हैं। हत्या की जांच करने वाली टीम ने उससे पूछताछ भी की है। जांचकर्ताओं ने आग लगने के पीछे किसी तकनीकी खराबी की आशंका को खारिज कर दिया है। अब उन्हें संदेह है कि आग किसी ने लगाई हो सकती है। हालांकि, आग जानबूझकर लगाई गई थी या किसी दुर्घटना के कारण लगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। आग बुझाने और इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने का काम काफी मुश्किल रहा। आग की लपटें सीढ़ियों के रास्ते ऊपर की ओर फैल गई थीं। इससे दमकलकर्मियों के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल कर ऊपरी मंजिलों तक पहुंचना मुश्किल हो गया। ऐसे में बचाव दल को दूसरे तरीकों से लोगों को निकालना पड़ा। पांच घायलों को धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी हुई थी। उन्हें इलाज के लिए बोखुम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बचाव अभियान के दौरान दमकलकर्मियों ने अलग-अलग उपकरणों की मदद ली। जर्मन प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, दो लोगों को टर्नटेबल सीढ़ी की मदद से बाहर निकाला गया। दो अन्य लोगों को पोर्टेबल सीढ़ियों के जरिए बचाया गया, जबकि एक व्यक्ति को सुरक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाले एयर कुशन की मदद से नीचे उतारा गया। आग की लपटों के कारण सीढ़ियों वाला रास्ता बंद होने से बचाव कार्य में अतिरिक्त मुश्किलें आईं फिलहाल पुलिस आग लगने की परिस्थितियों और गिरफ्तार व्यक्ति की भूमिका की जांच कर रही है।

मुस्कान-साहिल को...

हुए महाभारत और गीता का जिक्र किया। जज ने कहा कि कोर्ट अपना कर्तव्य निभाएगा, क्योंकि धर्म का अर्थ गलत काम करने वालों को सजा देना भी है, इसके बाद उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल हुए मुस्कान और साहिल को भी अपने पक्ष में कोई बात रखने के लिए कहा। हालांकि, दोनों ने ही इससे इनकार कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया।

वकील ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है। इससे समाज में संदेश जाएगा कि किसी को भी लालच में आकर ऐसे जघन्य अपराध को अंजाम नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बचाव पक्ष ने अपनी तरफ से कुछ तथ्य रखे थे। इसमें उन्होंने कहा कि हत्या करते हुए किसी ने नहीं देखा। दूसरा मुस्कान की दो बेटियां हैं। हालांकि, कोर्ट ने सभी तथ्यों को दरकिनार करते हुए उन्हें फांसी की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायालय में जारी इस सुनवाई के दौरान मृतक सौरभ राजपूत के परिवार के लोग भी मौजूद रहे। यह फैसला होने के बाद कोर्ट में भारत माता की जय के नारे भी लगाए गए। फैसले के बाद भावुक हुईं सौरभ राजपूत की मां ने मीडिया से भी बात की। उन्होंने शादीशुदा लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर साथ नहीं रहना है, तो अलग भी हुआ जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर आप साथ नहीं रहना चाहते, तो अलग हो जाइए लेकिन किसी के बच्चे को नहीं मारिए। हमारे लिए हमारा बच्चा कहीं नहीं गया। वह आज भी हमारी यादों में है। यह पूरा मामला 3 मार्च 2025 का है। उस दिन मेरठ के ब्रह्मपुरी में मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल ने मिलकर मर्चेंट नेवी में काम करने वाले सौरभ राजपूत की हत्या कर दी थी। मुस्कान और साहिल ने इस पूरे घटनाक्रम को इतनी क्रूरता के साथ अंजाम दिया कि जब इसकी सच्चाई सामने आई तो पूरा देश हिल गया।

होर्मुज में मालवाहक...

रास्ते से गुजर रहा था, जो अवैध खतरनाक था. टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई. उस पर 2500 कंटेनर लदे हुए थे। ईरान ने होर्मुज पर कंट्रोल कायम रखने के लिए समुद्र की तलहटी में कई जगह लैंड माइन बिछा रखे हैं।

इससे अगर कोई अनाधिकृत जहाज होर्मुज से होकर गुजरता है तो उसके वाटर माइन के चपेट में आने की आशंका रहती है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कंटेनरों में क्या सामान था और जहाज पर लगी आग के बाद उसे बचाने की कोई कोशिश की गई या नहीं. चालक दल के सदस्यों की स्थिति को लेकर भी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद अहम समुद्री रास्ता है. फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह संकरा मार्ग तेल और गैस की अंतरराष्ट्रीय सप्लाई के लिए महत्वपूर्ण है. यहां सैन्य तनाव बढ़ने से जहाजों की आवाजाही और ग्लोबल सप्लाई श्रृंखला पर असर पड़ सकता है। ईरान लगातार चेतावनी देता रहा है कि उसकी मंजूरी के बिना इस जलमार्ग से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को खतरा हो सकता है. दूसरी ओर अमेरिकी सेना ओमान की तरफ से गुजरने वाले मार्ग पर जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिखा रही है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९१४
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।

भारतीय कोच गौतम गंभीर ने मनाया 45वां जन्मदिन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर बुधवार को अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। बतौर खिलाड़ी गंभीर की पहचान उन बल्लेबाजों में रही, जो बड़े मुकाबलों में टीम के लिए खड़े होते थे। टी20 विश्व कप 2007 के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 75 रन और वनडे विश्व कप 2011 के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 97 रन की पारियां उनकी सबसे यादगार उपलब्धियों में शामिल हैं। हालांकि, टेस्ट क्रिकेट में खेली गई उनकी 137 रन की एक पारी भी उतनी ही खास है। न्यूजीलैंड के नेपियर में 2009 में गंभीर ने 436 गेंदों का सामना करते हुए भारत को हार से बचाने में अहम भूमिका निभाई थी।



नेपियर में खेले गए टेस्ट में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में नौ विकेट पर 619 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जवाब में भारतीय टीम 305 रन पर सिमट गई और उसे फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत के सामने दूसरी पारी में बड़ा लक्ष्य खड़ा करने के बजाय सबसे पहले हार टालने की चुनौती थी। दूसरी पारी में वीरेंद्र सहवाग और गौतम गंभीर ने पारी की शुरुआत की। सहवाग 22 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन गंभीर ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने राहुल द्रविड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। दोनों ने इस साझेदारी के दौरान 376 गेंदें खेलीं। द्रविड़ ने 62 रन बनाए।

टी-20 रैंकिंग में भारत का दबदबा शीर्ष चार बल्लेबाजों में तीन भारतीय

दुबई (एजेंसी)। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी पांच मैचों की घरेलू सीरीज में शानदार शुरुआत का फायदा अय्यर को मिला है। वह करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष चार में भारत के तीन खिलाड़ियों ने जगह बना ली है।



अय्यर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में लखनऊ में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था। उनकी इस पारी का असर आईसीसी रैंकिंग में भी देखने को मिला। वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। अय्यर की इस उपलब्धि के साथ भारतीय बल्लेबाजों का शीर्ष रैंकिंग में दबदबा और मजबूत हुआ है। ईशान किशन पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर काबिज हैं। पाकिस्तान के कप्तान साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इस तरह शीर्ष चार में ईशान, अभिषेक और अय्यर के रूप में तीन भारतीय बल्लेबाज शामिल हैं।

आईसीसी की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, साहिबजादा फरहान ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। वह तीसरे स्थान पर पहुंचकर ईशान और अभिषेक के बीच जगह बनाए हुए हैं। भारतीय बल्लेबाजों के अलावा श्रीलंका के कुसल मेंडिस को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड ने 13 स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी चार स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 27वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में कुसल मेंडिस तीन स्थान ऊपर चढ़कर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 13 स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन चार स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 27वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज माज सदाकत ने भी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बाद वह शीर्ष 100 से बाहर रहने के बाद सीधे 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों वाली टीम में धवन का नाम डालने पर गब्बर भड़के

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने वर्ल्ड टी20 कॉन्टिनेंट कप के आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखकर धवन ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजकों ने उनकी जानकारी और अनुमति के बिना नाम का इस्तेमाल किया है। धवन ने मीडिया और प्रशंसकों से इस टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी को लेकर आ रही अपुष्ट खबरों पर भरोसा नहीं करने की अपील की। धवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस मामले में उचित कानूनी कदम उठाएगी।

धवन ने लिखा कि मैंने देखा कि वर्ल्ड टी20 कॉन्टिनेंट कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में मेरा नाम शामिल किया गया है।

आयोजकों ने मेरी जानकारी या अनुमति के बिना मेरे नाम का इस्तेमाल किया है।

नौ पहलवानों को वीजा नहीं मिलने के कारण भारत नहीं जीता स्वर्ण

नयी दिल्ली (एजेंसी)।अमेरिका के लास वेगास में चल रही अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में नौ भारतीय पहलवानों को वीजा नहीं मिलने पर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने अमेरिकी दूतावास पर निशाना साधते हुए कहा कि नौ पहलवानों को वीजा नहीं मिलने से भारत के पदक जीतने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। इनमें से कम से कम दो पहलवान स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार थे।संजय सिंह के मुताबिक, ग्रीको-रोमन और महिला कुश्ती वर्ग के नौ भारतीय पहलवानों को अमेरिकी दूतावास ने वीजा देने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि पहलवानों की उम्र 20 साल से कम होने और उनके पास पूर्णकालिक नौकरी नहीं होने को वीजा अस्वीकार करने का आधार बनाया गया। संजय सिंह ने बुधवार को आईएएनएस से कहा कि अमेरिकी दूतावास ने नौ भारतीय पहलवानों के वीजा इस आधार पर खारिज कर दिए कि वे बेरोजगार हैं। टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। यहां तक कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अध्यक्ष ने भी इस मामले में उन्हें पत्र लिखा। वीजा खारिज करने की पूरी गलती अमेरिकी दूतावास की है और इसके परिणामस्वरूप भारत ने स्वर्ण पदक गंवा दिए। जिन नौ पहलवानों को वीजा नहीं मिला, उनमें से कम से कम दो के स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल संभावना थी। अमेरिकी दूतावास की गलती के कारण भारत को पदकों का बड़ा नुकसान हुआ। चैंपियनशिप में भारत की पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के सभी 10 पहलवानों को लास वेगास जाने की अनुमति मिल गई।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने लगाये आरोप

हालांकि, ग्रीको-रोमन और महिला कुश्ती वर्ग में नौ पहलवानों को वीजा मंजूरी नहीं मिलने से भारतीय अभियान प्रभावित हुआ।

होप, पॉल ने इंडीज को दिलायी जीत

चौथे वन डे में 24 रनों से हारा भारत, अंतिम टी-20 17 को

हैदराबाद (एजेंसी)। शाई होप के तूफानी शतक और कीमो पॉल की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 24 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ मेहमान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली। अब सीरीज का निर्णायक पांचवां और आखिरी मुकाबला शनिवार को बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। हैदराबाद में बुधवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने शाई होप के नाबाद 102 रन और शेरफेन रदरफोर्ड की आक्रामक पारी की बदौलत तीन विकेट पर 247 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम संजू सैमसन की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बावजूद 19.3 ओवर में 223 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के लिए कीमो पॉल ने पांच विकेट लेकर भारत की बल्लेबाजी को बड़ा झटका दिया।

वेस्टइंडीज की पारी के सबसे बड़े नायक शाई होप रहे, जिन्होंने महज 50 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के और चार चौके लगाए। होप ने पारी की आखिरी गेंद



पर छक्का जड़कर अपना शतक पूरा किया और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

होप का इस सीरीज में यह दूसरा शतक रहा। वहीं, इस दौरे पर वह चौथी बार शतक तक पहुंचे और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह उनका तीसरा शतक था। दूसरे छोर पर शेरफेन रदरफोर्ड ने भी भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्होंने 26 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। होप और रदरफोर्ड ने चौथे विकेट के लिए महज 43 गेंदों में 91 रन की नाबाद साझेदारी कर वेस्टइंडीज को 247 रन तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट पर 79 रन बना दिए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ पावरप्ले का संयुक्त रूप से सबसे बड़ा स्कोर रहा। मेहमान टीम ने 7.4 ओवर में ही 100 रन पूरे कर लिए।

ज्वेल एंड्रयू ने 16 गेंदों में 21 रन बनाए, लेकिन अक्षर पटेल ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शिमरोन हेटमायर ने महज 12 गेंदों में 33 रन ठोक दिए। उनकी पारी में चार चौके और दो छक्के शामिल रहे। प्रिंस यादव ने हेटमायर को अतिरिक्त गति से चकमा देकर कैच एंड बोल्ड किया। वहीं, रोवमैन पॉवेल ने 17 गेंदों में 24 रन बनाए, लेकिन अर्शदीप सिंह ने उन्हें पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद होप और रदरफोर्ड ने भारतीय गेंदबाजों को कोई राहत नहीं दी। भारतीय गेंदबाज लाइन और लेंथ से भटके रहे, जबकि फील्डिंग में भी टीम ने मौके गंवाए। मयंक यादव ने अपने चार ओवर में 52 रन खर्च किए। अर्शदीप सिंह भी चार ओवर में 52 रन दे बैठे। भारतीय गेंदबाजों ने कुल 18 अतिरिक्त रन दिए और वेस्टइंडीज ने अपनी पारी में 16 छक्के लगाए।

248 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 23 गेंदों में 56 रन बनाए और वेस्टइंडीज के गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की। हालांकि, उनके आउट होने के बाद भारत की रन गति और विकेटों के बीच संतुलन बिगड़ गया।

तिलक वर्मा ने 43 रन की पारी खेलकर संघर्ष किया, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें लगातार सहयोग नहीं मिला। भारतीय बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे और पूरी टीम 19.3 ओवर में 223 रन पर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से कीमो पॉल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 41 रन देकर पांच विकेट झटके। उनके इस प्रदर्शन ने भारत की लक्ष्य तक पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

प. बंगाल की दिल्ली पर बड़ी जीत, गुजरात ने ओडिशा को हराया, बारिश बनी एमपी की राह में बाधा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी एलीट 2026-27 के पहले दौर में बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बंगाल ने दिल्ली को नौ विकेट से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया। वहीं, गत चैंपियन जम्मू-कश्मीर बारिश और खराब रोशनी के कारण मध्य प्रदेश के खिलाफ हार से बच गया। मध्य प्रदेश जीत से सिर्फ तीन विकेट दूर रह गई थी। इसके अलावा आंध्र, सौराष्ट्र और पंजाब ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ड्रॉ मुकाबलों से 3-3 अंक हासिल किए। हैदराबाद ने त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराया, जबकि विदर्भ और बड़ौदा ने भी अपने-अपने मुकाबलों में बड़ी जीत दर्ज की।

ग्रुप-सी के मुकाबले में बंगाल ने दिल्ली को नौ विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। दिल्ली की टीम दूसरी पारी में 277 रन पर सिमट गई और बंगाल को जीत के लिए 89 रन का लक्ष्य



मिला। बंगाल ने इसे 15.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

दिल्ली ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 101/3 के स्कोर से की थी। कप्तान आयुष बडोनी ने 134 गेंदों पर 85 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जबकि विकेटकीपर अनुज रावत ने 39 रन बनाए। हालांकि, बंगाल के गेंदबाजों ने दिल्ली को बड़ा लक्ष्य खड़ा करने का मौका नहीं दिया। प्रदीप्त प्रमाणिक ने तीन विकेट लिए, जबकि आमिर गनी और सुमंत गुप्ता को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी, आकाश दीप और मुकेश कुमार ने भी एक-एक विकेट हासिल किया।

इससे पहले बंगाल ने अपनी पहली पारी में 429 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम 240 रन पर आउट हो गई थी। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने दूसरी पारी में नाबाद 34 रन बनाए, जबकि पहली पारी में शतक जड़ने वाले सुदीप घरामी 16 रन बनाकर नाबाद रहे। ग्रुप-सी के एक अन्य मुकाबले में गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक हासिल किया।

आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: कार्यालय नंबर 501 और 503, 5वीं मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई उपनगरीय (जिला), महाराष्ट्र-400072

पटना शाखा कार्यालय: ऑफिस नं. 301 एवं 302, तीसरी मंजिल, श्याम सेंटर, एलआईसी बिल्डिंग के सामने, एक्जीबिशन रोड, पटना- 800001 (बिहार)

Aadhar Housing Finance Lt

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट IV (अचल सम्पत्ति हेतू)

जबकि, आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एण्ड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13(12) के अतंर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने में के लिए ऋणकर्ताओं/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अतंर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओं)/ प्रतिभूतिकर्ता (ओं) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है। धरोहर सम्पत्ति के एवज में सम्पत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ता ध्यान देवें। ऋणकर्ता को विशेष रूप से एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए (एएचएफएल) के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्र. सं.	(शाखा का नाम) ऋणी(ओं)/सह-ऋणी(ओं)	धरोहर आस्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)	मांग सूचना की दिनांक व राशि	अधिगृहण की दिनांक
1.	(पटना शाखा, लोन कोड 01700000944) किशुन राय (ऋणी) कंगरेश राय (सह-ऋणी)	भूमि के सभी अंश व हिस्से जिसका क्षेत्रफल 07 धुर 16 धुकी 06 फुकीं अर्थात् 531.810 वर्गफुट अर्थात् 1.2221 डेसिमल है, थाना संख्या 01, खाता संख्या 86, खसरा संख्या 597, हल्का संख्या 5, मौजा जेठुली, पी एस एवं अंचल फतुहा, निबंधन कार्यालय बांकीपुर पटना, जिला पटना में स्थित। सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्व में सहायक सड़क एवं तत्पश्चात शंभू राय, पश्चिम में: नसीब राय, उत्तर में: शंभू साव, दक्षिण में ब्रह्मा राय।	13.05.2026 रू. 865461/-	13-10-2026

दिनांक: 15.10.2026 स्थान: पटना

प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी में बिहार अंडर-23 टीम मजबूत स्थिति में

पटना। कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी एलीट मुकाबले में बिहार अंडर-23 क्रिकेट टीम ने ओडिशा अंडर-23 के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गांधी स्टेडियम, बलांगीर में खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ओडिशा की टीम दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 66 रन बना चुकी है। बिहार ने ओडिशा के सामने जीत के लिए 372 रनों का लक्ष्य रखा है। मुकाबले में ओडिशा ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे। इसके जवाब में बिहार की टीम ने पहली पारी में 207 रन बनाकर 48 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी पारी में बिहार के बल्लेबाजों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 116.5 ओवर में 389 रन बनाए और ओडिशा के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। बल्लेबाजी में शिवम राज 246 गेंद में 21 चौका लगाकर 155 रनों की प्रभावी पारी खेली। प्रशांत कुमार 62, कुमार श्रेय 27, तौफ़ीक़ 40 तथा आदित्य और आयुष ने 25-25 रन बनाया एवं वासुदेव ने 29 रन। 389 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओडिशा की टीम तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 20 ओवर में दो विकेट पर 66 रन बना चुकी थी। अब मुकाबले के अंतिम दिन ओडिशा को जीत के लिए 372 रन बनाने होंगे, जबकि बिहार की टीम शेष आठ विकेट हासिल कर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। चार दिवसीय मुकाबले के अंतिम दिन दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिल सकता है।

ओडिशा के सामने रखा 372 रनों का लक्ष्य

प्रिंस के 64 रन से ट्रैम्फैंट सीसी जीता, वाईसीसी ने भी मारी बाजी

द्वितीय विमला देवी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रैम्फैंट ने सनसाइन को 58 रन से हराया, वाईसीसी आठ विकेट से जीती

पटना। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्रैम्फैंट क्रिकेट क्लब (सीसी) और वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में ट्रैम्फैंट सीसी ने सनसाइन क्रिकेट एकेडमी को 58 रन से हराया। वहीं, दूसरे मैच में वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ने देव क्रिकेट एकेडमी को आठ विकेट से पराजित किया। पहले मैच में सनसाइन क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ट्रैम्फैंट सीसी ने निर्धारित 21 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाए। टीम के खाते में अतिरिक्त के रूप में 38 रन भी जुड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनसाइन



क्रिकेट एकेडमी की टीम 21 ओवर में नौ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। प्रिंस राज को शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त स्कोर: ट्रैम्फैंट सीसी :21 ओवर में 186/5 (प्रिंस राज 64, अंशु यादव 30, आकर्ष राज 20, शिवम राज नाबाद 22, अतिरिक्त 38), समग्र श्रेष्ठ 1/32, शिवम 1/37, आर्यन राज 1/8.

सनसाइन क्रिकेट एकेडमी : 21 ओवर में 128/9 (अपूर्वा कृष्णा 19, अंशु कुमार 13, समर आनंद 11, अतिरिक्त 36, पेनाल्टी 22), मयंक कुमार 3/26, राहुल 2/10, करन 2/13. दूसरे मुकाबले में देव क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम 21 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के स्कोर में अतिरिक्त के रूप में 63 रन जुड़े। वाईसीसी की ओर से सुशमंतो ने तीन विकेट लिए, जबकि रुद्र नारायण ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ने 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर 116 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रणव शाश्वत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त स्कोर : देव क्रिकेट एकेडमी : 21 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट (दर्श कुमार 13, निशांत गुप्ता 12, अतिरिक्त 63), सुशमंतो 3/18, रुद्र नारायण 2/15. **वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी :** 16.4 ओवर में 116/2 (प्रणव शाश्वत नाबाद 37, सुशमंतो 10, अतिरिक्त 53), शौर्य 1/16.

राज्यस्तरीय विद्यालय बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

पटना। खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा बुधवार (14.10.2026) को एकदिवसीय राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय ताइक्वांडो बालिका अंडर- 17 खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ।

खेल भवन- सह- व्यायामशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन रविन्द्र नाथ चौधरी कार्यकारी निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रविन्द्र नाथ चौधरी ने कहा कि सरकार लागातार खेल एवं खिलाड़ियों के बेहतरी के लिए काम कर रही है। उन्होंने खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का ज़िक्र करते हुए खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाकर खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य और देश का नाम रौशन करने का आवाह्न किया। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आनंदी कुमार क्रीड़ा कार्यपालक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण मौजूद थे। सबों का स्वागत जयनारायण कुमार जिला खेल पदाधिकारी ,पटना ने हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार ने किया। सभी खिलाड़ियों को खेल भावना एवं नियमों का पालन करने की शपथ सुश्री अश्विता सिन्हा ने दिलाई। उद्घाटन अवसर पर आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र, पटना के कलाकारों ने स्वागत गान



एवं लोकगीत प्रस्तुत कर खुब तालियां बटोरी। सभी कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी नौ प्रमंडलो एवं एकलव्य बिहार की चयनित लगभग 150 खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं टीम प्रभारी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर धीरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, सुधांशु कुमार, रोहित कुमार, मेजर सूरज, शशि कुमार,कल्याणी देवी, रागिनी रानी सहित विभिन्न प्रमंडलों से आए टीम प्रभारी, प्रशिक्षक, तकनीकी पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

विभिन्न भार वर्ग के परिणाम इस प्रकार हैं-32 कि0 ग्रा0- छोटी कुमारी - मुंगेर, राज लक्ष्मी - दरभंगा, तेजष्वनी सिंह - तिरहुत, पलक वर्मा - पटना, 32-35 कि0ग्रा0- अराधना कुमारी - पूर्णिया, प्रिया कुमारी - मुंगेर, भारती कुमारी - सारण, सृष्टि कुमारी - तिरहुत, 35-38 कि0ग्रा0- अमीशा पटेल - मुंगेर, सिन्हा कुमारी - सारण, अंषिता कुमारी - पटना, पायल कुमारी - पूर्णिया, 38-42 कि0ग्रा- सुप्रिया रानी - तिरहुत, अन्नया पाण्डेय - मुंगेर, दृष्टि - खेलों इंडिया, परी गुप्ता - सारण, 42 - 44 कि0ग्रा- आरूषी अरिदानंद - मगध, आरती कुमारी - मुंगेर, मनुस्मीति - पटना, सोहाकाषी राज - तिरहुत, 44-46 कि0ग्रा- पायल कुमारी - पूर्णिया, कुमारी अनु - दरभंगा, शुरूची कुमारी - तिरहुत स्वाति नित्या - पटना, 46 -49 कि0ग्रा- सुप्रीया कुमारी - तिरहुत, अभयामनी - पटना, सानवी सीमरन - मुंगेर, शीधी कुमारी - खेलों इंडिया।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : कुमर राउत
ग्राम+पोस्ट : बनौली, थाना - सिमरी
जिला - दरभंगा

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : 05 दरभंगा शिक्षक

I **Kumar Raut** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	सी. जे. एम. सीतामढ़ी	GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सीतामढ़ी, केस सं. 77/17	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस
2.	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा	TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	आरोप विचरित	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना
3.	Kumar Nidhi, न्या.द., सीतामढ़ी	TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

37 हजार विद्यालयों तक पहुंचेगी खेल प्रतिभा पहचान की पहल

मशाल में इस वर्ष सीबीएसई से संबद्ध स्कूल भी होंगे शामिल

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराने के लिए मशाल कार्यक्रम का दायरा बढ़ाया जायेगा। राज्य के करीब 37 हजार मध्य एवं उच्च विद्यालयों में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस वर्ष सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों को भी शामिल किया जायेगा। कार्यक्रम 20 नवंबर से 28 फरवरी, 2027 तक संचालित होगा।

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक में इसकी तैयारियों और अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में मंत्री ने मशाल कार्यक्रम के प्रभावी संचालन और विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने खेल की अन्य विधाओं को भी कार्यक्रम में शामिल करने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप खेलों में भाग लेने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। मशाल कार्यक्रम के तहत पिछले वर्ष राज्य के करीब 27 लाख विद्यार्थियों ने भाग



लिया था। इसके माध्यम से कम उम्र में खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उनके कौशल को विकसित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में कार्यक्रम के तहत एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, साइक्लिंग और वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसमें अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर से शुरू होकर संकुल संसाधन केंद्र (सीआरसी), जिला और राज्य स्तर तक आयोजित की जाती हैं। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की मजबूत प्रतिभा श्रृंखला तैयार करना और राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। बैठक में एकलव्य खेल केंद्रों के संचालन की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्तमान में राज्य के 44 एकलव्य खेल केंद्रों में 800 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन केंद्रों में खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, बेहतर खेल सुविधाएं और अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और खेल केंद्रों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया।

बिहार पुलिस के 49 इंस्पेक्टर बने डीएसपी

गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार के पुलिस महकमे में प्रोन्नति और पदोन्नति को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य सरकार के गृह विभाग (आरक्षी शाखा) ने 49 पुलिस निरीक्षकों एवं समकक्ष कोटि के अधिकारियों को बिहार पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक के मूल कोटि के पद पर अस्थायी कार्यकारी प्रभार सौंपने का आदेश जारी किया है। संबंधित अधिकारियों को वेतन स्तर-9 के वेतनमान के साथ उच्चतर पद का प्रभार दिया गया है। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, यह फैसला राज्य के प्रशासनिक हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना के तहत अधिसूचित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली-2023 और 11 जून 2026 को जारी मानक संचालन प्रक्रिया के प्रावधानों का सहारा लिया गया है। अधिकारियों को उनके कैडर में मूल कोटि की वरीयता के आधार पर उच्चतर पद का प्रभार सौंपा गया है। जारी आदेश से नालंदा ,पटना,भोजपुर,सारण,जहानाबाद,गया,मुजफ्फरपुर,वैशाली,बेगूसराय, समस्तीपुर ,मधुबनी ,कटिहार, सुपौल,पूर्वी चंपारण, रोहतास ,किशनगंज, सिवान, सहरसा, अररिया ,बक्सर, औरंगाबाद समेत विभिन्न जिलों से जुड़े पुलिस अधिकारियों को लाभ मिलेगा। सूची में अरुण कुमार, शालीग्राम कुमार, संजय कुमार सिंह, भवेश कुमार मंडल, जितेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार, संतोष कुमार सिंह, विश्वरंजन सिंह, शशि भूषण चौधरी,धनंजय कुमार, संगीता कुशवाहा, सीमा कुमारी, सौम्य प्रियदर्शी, अबरार अहमद खां और कुमारी वंदना समेत कई अधिकारियों के नाम शामिल हैं।अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित अधिकारियों के वर्तमान में धारित पद को अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक (मूल कोटि), वेतन स्तर-9 में उत्क्रमित किया जाएगा। हालांकि, यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थायी है और निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन रहेगी। इसे नियमित स्थायी प्रोन्नति नहीं माना जाना चाहिए।

विप की आठों सीटों पर जीत के लिए पूरी ताकत से जुटेंगे कार्यकर्ता : संजय सरावगी

(निज प्रतिनिधि)

पटना। भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह बिहार भाजपा के संगठन सह-प्रभारी रोहन गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बिहार के सह-प्रभारी बनने के बाद रोहन गुप्ता की बिहार में यह पहली संगठनात्मक बैठक थी। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा आगामी चुनावी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधान परिषद की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन की पूरी ताकत लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, जनसंपर्क अभियान में तेजी और चुनावी तैयारियों को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही चुनाव में सफलता का आधार है बैठक का प्रमुख केंद्र बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव रहे। इन सभी सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।पार्टी नेताओं ने चुनाव में बेहतर समन्वय, संगठन की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने तथा पार्टी की गतिविधियों को गति देने को लेकर भी चर्चा हुई।बैठक में भाजपा के संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया, बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा और संजय सिंह टाइगर, विधानसभा में मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया।

उम्मीद के सितारे का आयोजन

पटना (आससे)। पारस हेल्थ पटना ने बुधवार को ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों के जज्बे को सलाम करते हुए विशेष कार्यक्रम उम्मीद के सितारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री सुधा वर्गीस, एमएलसी अनामिका सिंह, पटना मेयर सीता साहू, जोनल डायरेक्टर डा.दीपक कुमार सिंह एवं निदेशक डा.अहमद अब्दुल हई ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पारस एचएमआरआई के एचओडी एवं निदेशक मेडिकल ऑन्कोलॉजी डा.अभिषेक आनंद ने बताया कि पारस एचएमआरआई लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता हैं। ताकि, लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जनसेवा के प्रतीक थे : श्रवण

पटना (आससे)। ग्रामीण



विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा यूपी जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार बुधवार को यूपी के बलिया जिले में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर जी एवं स्वर्गीय बालदाउजी के जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। भरौली में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी जनसेवा के प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा गरीब, वंचित और किसानों के हित की बात की। वहीं स्व0 बालदाऊ जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय और पिछड़ों के अधिकारों केि लए समर्पित कर दिया। उनके विचार और संघर्ष आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान प्रदेश महासचिव हरिशंकर पटेल सहित जदयू कार्यकर्तांटों ने जगह-जगह पर मंत्री श्रवण कुमार का स्वागत किया। इस मौके पर राजपुर के विधायक संतोष कुमार निराला, डुमरांव विधायक राहुल सिंह, यूपी जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अनुप सिंह पटेल समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

248 किलो गांजा तस्करी में दो को 12-12 साल की कैद

पटना (आअस)। गांजा तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट के विशेष अदालत संख्या -2 के विशेष न्यायाधीश शरद चन्द्र श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को दो अभियुक्तों को 12-12 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर चार -चार लाख रुपये आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्तों को नौ -नौ माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। मामले के अभियुक्त बेगुसराय के बीरपुर थाना क्षेत्र के सुहरी गांव निवासी राहुल कुमार महतो और समस्तीपुर जिला के रोसरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी श्रवण कुमार है।

बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष ने कई मंदिरो में की पूजा-अर्चना

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो.डाक्टर रणवीर नंदन ने अपनी धर्मपत्नी के साथ पटना स्थित सनातन आस्था के परम जाग्रत केंद्रों-माँ पटनदेवी, अगमकुआं स्थित माँ शीतला मंदिर, गोलघर स्थित माँ अखंडवासिनी मंदिर एवं बांसघाट स्थित माँ सिद्धेश्वरी काली मंदिर में विधि-विधान से दर्शन एवं पूजन-अर्चना किया। उन्होने बताया कि इन आस्था के केन्द्रो पर दर्शन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। माँ भगवती के श्रीचरणों में शीश नवाकर समस्त बिहारवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति, समृद्धि एवं राज्य की निरंतर प्रगति के लिए मंगलकामना की। इस दौरान समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के बीच यथोचित राशि का वितरण भी किया। पाटलिपुत्र की यह पावन धरा अनादि काल से शक्ति उपासना की तपोभूमि रही है। 51 शक्तिपीठों में प्रमुख माँ पटनदेवी सदियों से नगर रक्षिका के रूप में हमारी आस्था का केंद्र हैं।

17 मरीजों को मिला श्रवण तंत्र

पटना (आससे)। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग नेमा प्लेस एग्जीबिशन रोड के तत्वावधान में स्व.डा.के.के. शरण स्मृति निशुल्क बहरापन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जांच के उपरांत 17 गरीब मरीजों को निशुल्क श्रवण तंत्र प्रदान की गयी। इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डा.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि पहल द्वारा वीर गांव से अक्षर ज्ञान, महिलाओं के लिए सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण के कार्यक्रम भी विगत 10 वर्षो से चलाये जा रहें हैं।

बच्चों की भावनाओं में होने वाले बदलावों को समय रहते समझना जरूरी : राज्यपाल

पटना (आससे)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यत अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने महिला इमदाद कमिटी द्वारा बिहार लोक भवन में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य का महत्व-किशारों का संज्ञानात्मक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में कहा कि आज के किशोरों पर पढ़ाई, परीक्षा, प्रतियोगिता, रोजगार की चिंता, बुलिंग और निजी संबंधों से जुड़ा काफी दबाव हैं। इसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता हैं। इसलिए, बच्चों के व्यवहार और भावनाओं में होने वाले बदलावों को समय रहते समझना एवं जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों की मदद लेनी जरूरी हैं। लेडी गवर्नर सबीहा हसनैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर किशोरों की बातें और युवाओं से बातचीत के दौरान उन्होंने महसूस किया कि बच्चे पढ़ाई के दबाव, अभिभावकों की अपेक्षाओं और समाज के डर से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों पर अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाएं थोपने और लोग क्या कहेंगे की सोच से बचना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक डा.नवल किशोर चौधरी आदि उपस्थित थे।

महेन्द्र पाल सिंह ढिल्लन को संजीव कुमार मिश्र ने दी गीता

पटना (आससे)। तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के धर्म प्रचार कमिटी के चेयरमैन सरदार महेन्द्र पाल सिंह ढिल्लन को बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और एडवोकेट्स एसोसिएशन, पटना हाई कोर्ट के जॉइंट सेक्रेटरी संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने गीता प्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित 'श्रीमदभगव द्गीता' सप्रेम भेंट किया। साथ ही श्री मिश्र ने सरदार ढिल्लन को 'घर -घर गीता, जन-जन गीता अभियान के बारे में विस्तार से बताया

बिहार के आनंद प्रिया देव की पुस्तक 'फॉलो योर हार्ट' का विमोचन

पटना (आससे)। बिहार के युवा बीजेपी नेता आनंद प्रिया देव की पुस्तक 'फॉलो योर हार्ट' का



विमोचन संयुक्त राष्ट्र परिसर व फ्रैंकफर्ट अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले किया गया, जो बिहार ही नहीं देश के लिए भी गौरव की बात है। उनकी यह पुस्तक में साहस, व्यक्तिगत निर्णयों और सार्थक उद्देश्य की खोज पर आधारित है, जो अपने आप में नायाब है। बिहार के नवादा ज़िले स्थित सिकरिया से आने वाले आनंद प्रिया देव की यह पुस्तक छोटे शहरों में रह कर बड़े सपने को सच करने की इच्छा रखने वालों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस पुस्तक में उनकी यात्रा यह दर्शाती है कि छोटे शहरों से आने वाले लोग वैश्विक संस्थानों से जुड़ते हुए भी अपने समुदायों के प्रति प्रतिबद्ध रह सकते हैं और दूसरों को अपनी आकांक्षाओं को सार्थक कार्यों में बदलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आपको बता दें कि राजनेता, विकास विशेषज्ञ, सामाजिक उद्यमी और लेखक के रूप में पहचान रखने वाले देव के इस पुस्तक का विमोचन 11 अक्टूबर 2026 को फ्रैंकफर्ट अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में किया गया। इसके बाद 13 अक्टूबर को जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र परिसर में इसका विशेष विमोचन किया गया और 16 अक्टूबर को वेनिस स्थित ग्लोबल कैंपस ऑफ ह्यूमन राइट्स में पुस्तक पर परिचर्चा आयोजित की गई है। वह अपनी पुस्तक के साथ जिनेवा पहुंचने वाले बिहार के पहले राजनेता भी बने।

सभी सरकारी भवनों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर पावर प्लांट

पटना (आससे)। बिहार में सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित करने की योजना के क्रियान्वयन की दिशा में कारवाई तेज कर दी गई हैं। जल-जीवन हरियाल अभियान के फेज 3 के तहत राज्य के सरकारी भवनों पर ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाने हैं। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2029-30 तक कुल 500 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। योजना का क्रियान्वयन रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी

वर्गीकृत

शपथ पत्र
मैं, प्रमोद कुमार, पिता-श्री दूर्गा साव, निवासी मो.-हाजीगंज, आगा हुसैन का चौराहा, पटना सिटी, थाना-चौक, जिला-पटना का निवासी हूं, शपथ-पत्र संख्या-1504 दिनांक 14.10.2026 के माध्यम से घोषणा करता हूँ कि निखिल कुमार मेरा पुत्र है, उसका चाल-चलन अच्छा नहीं रहने के कारण मैंने उसे अपने परिवार एवं संपति से अलग कर दिया है। उसके किसी भी अच्छे- बुरे कार्यो से मुझे या मेरे परिवार को कोई सरोकार न अभी है और न भविष्य में होगा, कोई भी अनैतिक कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

शपथ पत्र
मैं, अब तक अली मुर्तुजा पिता मो. हफिज के नाम से जाना जाता हूं। मैं ग्राम बड़सरा पो.+थाना-बड़हरिया जिला सिवान बिहार पर रहता हूं। मैंने अपना नाम बदल लिया है और इसके बाद मैं साहेब अली मुर्तजा के नाम से से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।
9/484/26

शपथ पत्र
मैं फरजाना नाज (Farzana Naz) पिता-मो. अनवर हुसैन, पति-मीर मुजाहिदुल इस्लाम, ग्राम-बलुवा, वार्ड नं.-01, पो. -कुरसेल, थाना-महलगांव, जिला-अररिया, बिहार-854329 सूचित करती हूं कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम फरजाना नाज है जो सही है। आधार कार्ड में फरजाना खातून है जो गलत है। भविष्य में मैं फरजाना नाज (Farzana Naz) के नाम से जानी व पहचानी जाऊंगी। शपथ पत्र सं.-3425, दिनांक : 12.10.2026

शपथ पत्र
मैं,मंजु देवी पति ललन शर्मा, ग्राम-वरतवलिया, पोस्ट इटवा, थाना-पचरुखी, जिला सिवान, बिहार की हूं। मैं उद्घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या-7830 5081 4413 में नाम मंजु देवी अंकित है, जबकि मेरे अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम फुलकुमारी देवी अंकित है। मैं मंजु देवी और फुलकारी देवी इन दोनों नाम से जानी और पहचानी जाती हूं और यह दोनों नाम मेरा ही है। भविष्य में मैं मंजु देवी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी। शपथ पत्र संख्या 2909 दिनांक 09.09.2026.
9/484/26

शपथ पत्र
मैं, अब तक,नबीउल हसन खान, पिता नबीबुल्लाह खान मरहुम के नाम से जाना जाता हूं। मैं ग्राम-रोहड़ा कला, पो.-कैलगढ, थाना-बड़हरिया, जिला सिवान बिहार पर रहता हूं। मैंने अपना नाम बदल लिया है और इसके बाद में नबी हसन खान के नाम से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैं इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। शपथ पत्र सख्या 16 दिनांक 13.10.2026.
9/484/26

शपथ पत्र
मैं, अब तक जावेद अहमद (Jawed Ahmad) पिता अली मुर्तुजा के नाम से जाना जाता हूं, मैं ग्राम बड़सरा पोस्ट+थाना बड़हरिया जिला सिवान (बिहार) पर रहता हूं, मैंने अपना नाम बदल लिया है और इसके बाद मैं जावेद अहमद (Jawed Ahmed) के नाम से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैं इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।
9/484/26

शपथ पत्र
मैं, हरि शंकर शर्मा, पिता-स्व. सागर प्रसाद शर्मा, निवासी -पटना सिटी, डाकघर-पटना सिटी, थाना खाजेकलां, जिला पटना, पिन कोड-800008, बिहार, शपथ पत्र संख्या 549/दिनांक 07.10.2026 के अनुसार सत्यनिष्ठा से यह शपथपूर्वक कथन एवं घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री का मैट्रिक प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के अनुसार आधिकारिक नाम साधिका कुमारी है, तथा उसका घरेलू नाम तन्नू प्रिया है।यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, और साधिका कुमारी ही उसका सही एवं कानूनी नाम है।अब से, सभी कानूनी और सरकारी/आधिकारिक कार्यों के लिए उसे साधिका कुमारी के नाम से ही जाना जाएगा।

शपथ पत्र
मैं राधा अग्रवाल पति श्री किशन अग्रवाल, निवासी फ्लैट नं. 105, रघुनंदन लोक, अनुग्रह नारायण पथ, कदमकुआं, थाना-कदमकुआं, पटना-800003 की निवासी हूं। मैं शपथ-पत्र संख्या 56421, दिनांक 01/10/2026 के माध्यम से यह घोषित करती हूँ कि राधा अग्रवाल और राधा देवी दोनों मेरा ही नाम है। अब से भविष्य में मैं राधा अग्रवाल के नाम से ही जानी-पहचानी एवं पुकारी जाऊंगी।

शपथ पत्र
मैं,रमेश कुमार महतो पिता गोवर्धन महतो ग्राम अजमेरगंज थाना रिविलगंज जिला सारण शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरा आधार नं.- 5941 7157 2136 एवं पैन कार्ड मे मेरा नाम रमेश कुमार महतो दर्ज है। जबकि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट में मेरा नाम रमेश कुमार (RAMESH KUMAR) दर्ज हैं, मैं रमेश कुमार महतो वो रमेश कुमार दोनों नामो से जाना व पहचाना जाता हूं दोनों नाम मेरा है।
7648/11-3-25

खोया पाया
सार्वजनिक सूचना (मूल विक्रय विलेख के खो जाने के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार सिन्हा, पिता—श्री धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी—फ्लैट संख्या 401, नूतन विहार अपार्टमेंट, कंकड़बाग, पटना—800020 के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय विलेख **(Original Sale Deed),** जो अवर निबंधक कार्यालय, पटना सदर में निबंधन विलेख संख्या 9222, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या CD 34, दिनांक 11.08.2006 के अंतर्गत निबंधित है तथा जो मौजा मुहर्रमपुर, थाना कंकड़बाग, पटना स्थित ओल्ड बाईपास, कंकड़बाग रोड की संपत्ति से संबंधित है, कहीं खो गया है अथवा गुम हो गया है। काफी खोजबीन करने के बावजूद उक्त मूल विक्रय विलेख का पता नहीं चल सका है।
उक्त दस्तावेज के खो जाने के संबंध में कोतवाली थाना, पटना, बिहार में पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसका शिकायत संख्या SDE NO.:-0838/26 तथा दिनांक 14.10.26 है।
उक्त मूल विक्रय को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जानबूझकर किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया गया है, न ही किसी व्यक्ति के पास जमा किया गया है और न ही किसी को सौंपा गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त होता है, तो उससे अनुरोध है कि वह इसे नीचे उल्लिखित पते पर अधोहस्ताक्षरी को लौटा दें।
नाम : संजय कुमार सिन्हा
पता : फ्लैट संख्या 401, नूतन विहार अपार्टमेंट, कंकड़बाग, पटना — 800020 मोबाईल नं.—9334152344
दिनांक 15.10.2026.

शपथ पत्र
मैं लालझारी देवी, पति- लक्ष्मण साव, ग्राम+थाना-ईमादपुर, तरारी, भोजपुर बिहार शपथ पत्र दि. 13.10.26 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड सं. 536541133700 तथा पैन कार्ड DZIOPD 8290M में मेरा नाम लालझारी देवी है। वोटर आईडी में कलेशरा देवी दर्ज है। दोनों नाम एक ही महिला का है जो में स्वयं हूं। मैं दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।
9/482/26

Public Notice
I, Gopal Bhagat, aged about 71 years, S/o Late Dippan Bhagat, R/o Ashok Nagar, Road No.-11, Behind Devi Asthan, Changar, Lolia Nagar, P.S.-Kankarbagh, District Patna-800020 and I, Saroj Devi, aged about 66 years, W/o Gopal Bhagat, deponent No. 1 & deponent No. 2 respectively, do hereby solemnly affirm and declare as under :1. That the deponent No. 1 and deponent No. 2 is father and mother of Ashok Kumar Pal, aged about 36 years has adopted bad habits and as per the report, he has been become an addict in consuming narcotics. 2. That our son Ashok Kumar Pal is unemployed and has no source of income and he has been in the habit of taking loans from various peoples who are also exploiting him and creating false documents in the name of our son, by obtaining his signature on various papers in respect of payment of loans. 3. That it is stated that our said son has no property in his own name. The deponent as such ousted him from a house. It is as such hereby declared that any person doing any sort of financial transaction with our son, will do so on their own risk for which the deponent shall not be in any way liable for any such act, or any transaction made by our son with any other person whosoever it may be. Aff. No. 38 dt, 16.09.26.
CM-885

Affidavit
I, Prashant Kumar Mishra S/o Late Sushil Kumar Mishra R/o Birpur, Ward No.-13, Adarsh Mahila College, Birpur, Basantpur, Supaul, Bihar-854340 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 3413 dt. 09.10.26 that my name is written in Aadhar card, Pan Card, Voter Id and Appointment Letter as Prasant Kumar Mishra In B.S.E.B. Class 10th and B.I.E.C. Class 12th educational documents as Prashant Kumar. Both names are same and one person. From now I will be known as Prashant Kumar Mishra for all purposes.

AFFIDAVIT
I, Sushma Kumari D/o Giraja Paswan, W/o Pappu Paswan, R/o Village-Narayanpur, P.O+P.S.-Migara, Distt.-Gaya, Bihar do hereby declare that my name is written in my all educational documents as Sushma Kumari where as in my Aadhar Card written as Sushma Devi. Both names are same and one person. From now I shall be known as Sushma Kumari for all purposes. Aff. No.-6169 dt. 12.10.2026

AFFIDAVIT
I, Chanchla Devi W/o Om Kumar R/o Barah Pathar, Ward No.-35, P.O+P.S.-Dehari, Distt-Rohtas, Bihar-8821307 do hereby declare as per aff. No. 1063, dt. 14.10.2026 that my name is mentioned as Chanchal Devi in my son Aditya Kumar's C.B.S.E. Class 10th marksheet where as in Aadhar Card my name is written as Chanchala Devi. Both names are same and one person. From now I shall be known as Chanchala Devi for all purposes

शपथ पत्र
मैं, राजेन्द्र सिंह उम्र 66 वर्ष, पिता स्वर्गीय नथुन सिंह, निवासी ग्राम होरीडीह, पोस्ट झरना तरेन, थाना नीमचक बथानी, जिला गयाजी शपथ पत्र संख्या 5197 /5.10.26, घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम राजेन्द्र सिंह उर्फ डोमन यादव है, जो मैं दोनों नाम से जाने पहचाने जाते हैं जो दोनों नाम मेरा ही है मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम जिसका पालिसी नंबर 51 51 88 464 है जिसमें मेरा नाम डोमन यादव अंकित है मेरा आधार कार्ड नंबर 971601803139 के अनुसार मेरा नाम राजेंद्र सिंह है।

शपथ पत्र
मैं, मीणा देवी, पति राम स्वरूप मिस्त्री (RAM SWARUP MISTRY) ग्राम अदलपुर, पोस्ट भदेया, थाना बाराचटी, जिला गया, शपथ पत्र सं. 30231/10.10.26 द्वारा घोषणा करती हूँ कि मेरा आधार न. 2687 3406 2342 है। मेरा पुत्र रौनक कुमार (RAUNAK KUMAR) का नामांकण DAV PUBLIC SCHOOL HATIYAMOHALLA,SHERGHATI GAYAJI मे है जिसमें मेरे पुत्र का पिता का नाम RAMSWARUP SHARMA अंकित है जो लिपकिय भूलवश गलत हो गया है। मेरे पुत्र का पिता का सही एवं वास्तविक नाम RAM SWARUP MISTRY है जो मेरे पति के आधार कार्ड न. 2687 3406 2342 मे दर्ज है।

हाजी शेख अब्दुल गफ्फार इण्टरमीडियट महिला महाविद्यालय
दानापुर कैन्ट, पटना-801503

पत्रांक-HSAG 101/26 दिनांक 12.10.26
(बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार इंटर शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त)

सूचना

हाजी शेख अब्दुल गफ्फार इंटर महिला महाविद्यालय, दानापुर कैंट (पटना) में प्रभारी प्राचार्य एवं विभिन्न विषयों (हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान एवं कंप्यूटर) के पदों के लिए 25.10.2026 को सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक कॉलेज प्रांगण में साक्षात्कार होगा। यह इंटरव्यू नए शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक आवेदकों (non-teachers) की भर्ती के साथ-साथ पुराने कार्यरत शिक्षकों और कर्मियों के मानदंड व कार्यक्षमता (benchmark) की जांच के लिए आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ उपस्थित हों।

अध्यक्ष (डॉ. एन.एल. शर्मा)

जय प्रकाश विश्वविद्यालय
राहुल सांस्कृत्यायन नगर, छपरा-841302, बिहार (भारत)

Letter No. 6214(R) Dated : 14-10.2026

Tender Notice No.-JPU/02/Engg.Cell/2026-27

Tender are invited on eproc2 for Supply, Providing and fixing of securitychain link fencing around synthetic athletic track at Jai Prakash University, Chapra, Saran for the year 2026-27

Details of tender information along with terms and conditions visit our website **www.jpv.ac.in** and www.eproc2.bihar.gov.in.

All further notification/Corrigendum/Addendum, if any shall be posted on **www.eproc2.bihar.gov.in** and university Website **www.jpv.ac.in** shall be binding on all the bidders.

The last date of uploading the online bidding document :- 30.10.2026 upto 06:00 P.M.

By the order of Hon'ble Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar

फार्मेट सी- 1
आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: संजय कुमार
राजनैतिक दल का नाम: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)
निर्वाचन का नाम: विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन- 2026
' निर्वाचन क्षेत्र का नाम: पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र

मैं **संजय कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं:

क्र.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धी के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा(एं) एवं अपराध(अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख	अपराध(अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक



गुरु तत्व क्या है?

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

प्रकृति, अनंत या ईश्वर आप उसे जिस भी नाम से पुकाराना चाहें, कोई उच्चतर शक्ति है जो हमें निरंतर सब कुछ दे रही है। फिर भी अपनी उदारता के कारण वह आपको सदैव यह अनुभव कराती है कि यह आपने अर्जित किया है। यह जो प्राप्त हुआ है यह आपका अपना है और आपके परिश्रम का फल है। यदि आप उसके दिए गए आशीर्वाद का सदुपयोग करते हैं तो आप और अधिक प्राप्त करने के योग्य हो जाते हैं। हमें वाणी दी गई है। उसका उपयोग शिकायत करने, दोष देने व बुरी बातें करने की बजाय सेवा व संसार के कल्याण के लिए करें। हमें ईश्वर ने बुद्धि का उपहार दिया है। इसका उपयोग सेवा के लिए करें। हम इसका जितना सदुपयोग करते हैं यह उतनी ही तीक्ष्ण हो जाती है। आपके शरीर में जो बल है उसका उपयोग सेवा व भलाई के कार्यों में करें। दिव्यता संसार में निवास करती है इसलिए संसार की सेवा करना परमात्मा की पूजा करना है। ज्ञान का सम्मान और प्रकृति द्वारा दिए गए उपहारों का सदुपयोग हमारे भीतर आभार और पूर्णता की भावना को जागृत करता है। प्रेम और भक्ति से भरी, आभार और पूर्णता की यह भावना उस अनंत को बहुत प्रसन्न करती है। हम में से प्रत्येक व्यक्ति के अंदर गुरु तत्व छिपा होता है। जीवन के हर निर्णय में एक अंतःप्रज्ञा, एक आंतरिक बोध हमेशा हमें बताता रहा है कि क्या सही है और क्या गलत, क्या वास्तविक है और क्या अवास्तविक। गलत करने पर भीतर से हमें कोई रोकता है और सही की दिशा में जाने की प्रेरणा देता है, यही गुरु तत्व है। इस गुरु तत्व का सम्मान करें। गुरु और ज्ञान को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। अतः जीवन और ज्ञान को अलग नहीं किया जा सकता। कभी-कभी हम ज्ञान के बिना अपना जीवन जीते हैं, तब वहाँ कोई गुरु तत्व नहीं होता है। ज्ञान का आचरण करें और ज्ञान में बार-बार डूबें, सत्संग का यही अर्थ है - सत्य की संगति, ज्ञानियों की संगति। जब आप सत्य के साथ जुड़ते हैं तो वही सत्संग है। प्रकृति हमें प्रबुद्ध करने के लिए बार-बार संकेत देती है किंतु एक ज्ञान में डूबा व्यक्ति ही उन संकेतों के प्रति सजग हो पाता है। जीवन बहुत छोटा है, जीवन की इस छोटी अवधि में जीवन का सम्मान करें और जो कुछ भी आपको प्राप्त है उसका सदुपयोग करें। जीवन और गुरु को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। आपका जीवन ही गुरु तत्व है। वह ज्ञान जो जीवन के अनुभव से प्राप्त होता है, उसका सम्मान करने की आवश्यकता है। जीवन ने आपको बहुत कुछ सिखाया है - आपने क्या गलत किया, आपने क्या सही किया, इसका अवलोकन ही ज्ञान का आधार बन जाता है। अपने स्वयं के जीवन पर विचार करें और उस ज्ञान का सम्मान करें जो जीवन ने आपको प्रदान किया है। यही सम्मान गुरु का सम्मान है।

अब कागज पर भाजपाई बने सपा के तीन विधायक


लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के तीन बागी विधायक बुधवार को औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। यानी वे कागज पर भी भाजपाई बन गए। भाजपा ज्वाइन करने वाले विधायकों में अमेठी की गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह, अयोध्या की गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह और जालौन की कालपी सीट से विधायक विनोद चर्तुवेदी शामिल हैं।

स्मृति ईरानी और पंकज चौधरी थे मौजूद

सदस्यता ग्रहण के इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य और मंत्री दारा सिंह चौहान समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बुधवार को अमेठी के गौरीगंज में विधायक राकेश प्रताप सिंह आवास मंगलम के सामने केसरिया रंग में रंगे मैदान में यूपी की सियासत की यह नई कहानी लिखी गई। गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भाजपा में शामिल होने पर एएनआई से बातचीत करते हुए कहा कि मैं अपने क्षेत्रवासियों का धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमारा समर्थन किया और मुझसे अनुरोध किया कि भाजपा की सदस्यता लीजिए। उन लोगों ने मुझसे कहा कि वे मेरे साथ हैं। 98त्न लोग जो अपना बूथ जिताते या हराते थे, वे समाजवादी पार्टी का परित्याग करेंगे और भाजपा की सदस्यता लेंगे। विधायक राकेश सिंह ने आगे कहा कि विधायक विनोद चतुर्वेदी, अभय सिंह और मैं स्वयं भाजपा में शामिल हो रहा हूं। हमारे साथ ऐसे करीब 1000 लोग जो जनप्रतिनिधि या पूर्व जनप्रतिनिधि हैं वो शामिल होंगे। लगभग 1 दर्जन विधायक मंच पर मौजूद रहेंगे। विधायकों के भाजपा की सदस्यता लेने के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में समर्थक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

नवरात्र में वनदेवी का दर्शन करने से सारे कष्ट होते हैं दूर

बिहटा (आससे)। पटना जिला के बिहटा में अमहरा राघवपुर और कंचनपुर के बॉर्डर पर स्थित विख्यात वन देवी का नवरात्र में अलग महत्व है। खास कर शाम आरती का अलग छवि यह दिखता है। यहाँ की आरती का अलग पहचान है। बाबा हरिओम जी का कहना है कि जो नवरात्र नही भी करते है। वो कमसे कम नवरात्र में एकबार भी मा का दर्शन कर लेते है उनके सारे कष्ट मिट जाते है। वनदेवी मिट्टी का पिंड है। वनदेवी में थोड़ा चावल एक लांग एक



नवरात्रि पर विशेष

उड़हुल और सिक्का अंदर के सिंह के पास रखने से मनोवांछित फल मिलते है। वनदेवी विन्धयाचल अष्टभुजी के आस है। बाबा विद्यानंद मिश्र 1648 से पहले विन्धयाचल जाकर माता को प्रसन्न कर यहाँ लेकर स्थापित किया। तभी से इनकी ख्याति लोगो मे प्रचलित हुई। कालीचरण 1905 और प्रो0 रामनाथ शर्मा के 1994 वनदेवी पुस्तक में इनके प्रमाणिक तथ्य दिया गया है। वैसे दन्त कथा कई लोगो ने रचा है। इधर विवान सिनेमा के बाद यह भक्तो की भीड़ बढ़ा है। विद्यानंद बाबा से बनारस के विद्वान शास्त्र में तर्क किया और पराजित हुआ। कलस की कनखा टूट कर माता उत्पन्न हुई वही बगल में कनखा माइ स्थित है। यहाँ भैरव भी मिट्टी पिंड में है। हर त्रयोदसी शुक्ल पक्ष को यहाँ जागरण होता है। आज भी यह मान्यता है कि माता के पट बंद होने पर मन्दिर परिसर में कोई नही रहता। वैसे पूजा निमित कोई रह सकता। सुबह की आरती बुढ़वा बाबा सितलेश्वर मिश्र करते है। वही छठ में लोग यह व्रत भी करते है। इसे डिक्की बाबा संचालित करते है। 1997 से यहाँ पुलिस की आस्था अधिक हुई। पूर्व ग्रामीण एस पी जी पी सिन्हा, यूके सिन्हा पूर्व आई जी आईपीएस अमृत राज आईपीएस मनोज कुमार आईपीएस मनुमहराज, आईपीएस हरिकिशोर राय, आईपीएस सत्यप्रकाश आईपीएस सुशांत सरोज, आईपीएस मनोज तिवारी, आईपीएस मिथलेश कुमार आईएएस अभय कुमार आईएएस कुमार रवि सहित कई डी एस पी थानेदार यहाँ भक्त है। 2012 में पुलिस पत्रकार मिलकर यहा भजन कराया सुशांत सरोज के नेतृत्व में। वनदेवी का अन्य नाम भगवती स्थान, विगहा पर देविस्थान वन में अब पुलिस की देवी भी कहते है कुछ लोग। यहाँ बिक्रम-बिहटा पथ पर पुलिस के सौजन्य से वन देवी गेट है जिससे लोगो को काफी सहूलियत मिलती है वन देवी जाने में। 97 से ही आज दैनिक, अमृत वर्षा ने इनकी गाथा खूब प्रकाशित किया। आज अभी मीडिया की सुर्खियों में वन देवी है। एकता कपूर ने इसे देश मे विख्यात किय्या। मनी बाबा का कहना है कि यहाँ के भभूत में गजब की शक्ति है जिससे सारे दुखो का निवारण होती है। यहाँ कई नामी पत्रकार नेता आदि माथा टेक चुके है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाई जाती है इसकी जानकारी दीपू और उदय जी ने दी।

प्रभावित किसानों को दिवाली से पहले मिलेंगे 5000 रुपये : सीएम फडणवीस

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में सूखे और फसल खराब होने से परेशान किसानों के लिए राज्य सरकार ने राहत का एलान किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को बताया कि राज्य में सूखा प्रभावित तालुकाओं की संख्या 265 से बढ़ाकर 305 कर दी गई है। इसके साथ ही सरकार ने किसानों

32 जिलों के 358 तालुकाओं में से 305 सूखे की चपेट में

को दिवाली बोनस के तौर पर 5,000 रुपये देने का फैसला किया है। यह पैसा त्योहार से पहले किसानों के बैंक खातों में पहुंचाने की तैयारी है। सरकार का कहना है कि इस बार किसानों को राहत देने में देर नहीं की जाएगी, ताकि वे आर्थिक तंगी के बीच भी दिवाली की जरूरी तैयारियां कर सकें।

मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सूखे के कारण किसानों को फसल के नुकसान के साथ-साथ आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार ने उनकी मदद के लिए जल्द कदम उठाने का फैसला



किया है। पहले राज्य के 265 तालुकाओं को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था। अब यह संख्या बढ़ाकर 305 कर दी गई है। आम तौर पर सूखे से प्रभावित किसानों को दिसंबर में आर्थिक मदद दी जाती थी, लेकिन इस बार सरकार ने पहले ही सूखे की घोषणा कर दी है, ताकि किसानों को राहत के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार किसानों के लिए दिवाली आसान नहीं रहने वाली है। फसल खराब होने और आर्थिक तंगी के चलते कई परिवारों के लिए त्योहार का खर्च उठाना भी मुश्किल हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को दिवाली बोनस के रूप में 5,000 रुपये देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कर्ज माफी से जुड़ी रकम भी किसानों के खातों में जमा की जा रही है।

महाराष्ट्र में सूखे की स्थिति कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के 32 जिलों में कुल 358 तालुके हैं। इनमें से पहले ही 265 तालुकाओं को सूखा प्रभावित घोषित किया जा चुका था। अब सरकार ने 40 और तालुकाओं को इस सूची में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही सूखा प्रभावित तालुकाओं की कुल संख्या 305 हो गई है। सूखे के बीच महाराष्ट्र के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या भी बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि भूजल स्तर गिरने के साथ ही पानी पहुंचाने वाले टैंकरों की जरूरत बढ़ रही है। सरकार ने प्रभावित इलाकों में टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है। टैंकरों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि टैंकर कहां जा रहे हैं और पानी की सप्लाई सही तरीके से हो रही है या नहीं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में पानी की सप्लाई से जुड़े 16,000 अवैध कनेक्शन काटे गए हैं।

पीएम मोदी के 25 साल के नेतृत्व पर महाराष्ट्र कैबिनेट ने जताया सम्मान

मुंबई (एजेंसी)। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के प्रमुख के तौर पर 25 साल पूरे होने का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र कैबिनेट ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और देश के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और वंचित वर्गों के लिए आवास, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता से जुड़ी कई योजनाओं के जरिए काम किया है।

वन नेशन, वन राशन कार्ड जैसी पहल का भी उन्होंने जिक्र किया। फडणवीस के मुताबिक, इन योजनाओं ने लोगों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने और सुशासन को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है।

मेट्रो से लेकर अटल सेतु तक, विकास परियोजनाओं का भी किया जिक्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में चल रहे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में मेट्रो, अटल सेतु, समृद्धि एक्सप्रेसवे और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं के विकास में केंद्र सरकार के सहयोग की अहम भूमिका रही है।

महाराष्ट्र को 29 बड़ी सिंचाई परियोजनाएं मिली हैं। बलिराजा संजीवनी योजना भी खास तौर पर राज्य के लिए तैयार की गई थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान यानी पीएम-कुसुम योजना का भी जिक्र किया गया।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस योजना के तहत 11 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। फडणवीस ने यह भी बताया कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के इंदु मिल स्मारक के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती मनाने की योजना भी बनाई जा रही है।

400 परिवारों की मसीहा बनीं रश्मिका मंदाना



मुंबई (एजेंसी)। साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी अपकमिंग फिल्म रणबाली के साथ-साथ एक बार फिर अपने नेक काम की वजह से सुर्खियों में हैं. बड़े पर्दे पर अपनी शानदार अदाकारी से लाखों दिलों पर राज करने वाली रश्मिका ने अब अपनी दरियादिली से लोगों का दिल जीत लिया है. एक्ट्रेस ने एक बेहद सराहनीय पहल करते हुए 400 परिवारों को गोद लिया है. इस पहल के तहत वो अगले एक साल तक हर बार तीन महीने के लिए इन परिवारों के राशन और किराने के खर्च में मदद करेंगी, ताकि वे अपने पैसे बचाकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें. रश्मिका का ये कदम जरूरतमंद परिवारों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ी पहल है. खास बात ये है कि एक्ट्रेस ने इस नेक काम को 'रश्मिका देवरकोंडा के नाम से आगे बढ़ाने का फैसला किया है. एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म रणबाली में निभाए किरदार जयम्मा का जिक्र करते हुए बताया कि कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो उन्हें निभाने वाले कलाकारों की जिंदगी और सोच पर भी गहरा असर डालते हैं. रश्मिका का मानना है कि उनका ये कदम उसी सोच और भावना का हिस्सा है. वो चाहती हैं कि उनके इस प्रयास से प्रेरित होकर दूसरे लोग भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं. रश्मिका ने सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने अब तक अपने इन नेक कामों को निजी रखना ही पसंद किया था. लेकिन अब वो इनके बारे में इसलिए बता रही हैं, ताकि उनके फैंस और दूसरे लोग भी इससे प्रेरित होकर अपनी क्षमता के अनुसार किसी की मदद कर सकें. पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, %आप जो किरदार निभाते हैं, उनमें से कुछ का असर आप पर भी पड़ता है. आपमें से कई लोग पूछते रहते हैं कि क्या जयम्मा और मुझमें कोई समानता है? मेरा जवाब है, हां!

शहबाज शरीफ ने दिया सुरक्षा का भरोसा

इस्लामाबाद (एजेंसी)। सऊदी अरब पर हूती हमलों के बीच पाकिस्तान की ओर से एक बड़ा बयान सामने है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश सऊदी अरब की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसके साथ मजबूती से खड़ा है। इस तरह से शहबाज शरीफ ने एक बार फिर सऊदी अरब की क्षेत्रीय अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने यह बात मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट के नए सेक्रेटरी-जनरल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल नौमान महमूद के साथ एक मीटिंग के दौरान कही। जनरल नौमान ने प्राइम मिनिस्टर ऑफिस में शहबाज शरीफ से मुलाकात की। महमूद को सितंबर में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच अलायंस का पहला सेक्रेटरी-जनरल अपॉइंट किया गया था। यह अलायंस मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट पर आधारित है, जिस पर तीनों देशों ने 7 अगस्त को साइन किए थे। इसमें यह तय है कि उनमें से किसी एक के खिलाफ हथियारबंद हमला तीनों के खिलाफ हमला माना जाएगा। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, महमूद ने शरीफ को समझौते के तहत डिफेंस और स्ट्रेटेजिक कोऑपरेशन को बढ़ावा देने की स्ट्रैटेजी के बारे में बताया।

राजस्थान में कानून व्यवस्था पर सीएम भजनलाल सख्त

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है. भरतपुर में बीजेपी के पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या और राजधानी जयपुर में आरएसएस के



जिला प्रचारक कृष्ण अवतार की पुलिस थाने में पिटाई समेत पुलिस के अनुचित व्यवहार से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है. कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के बाद पुलिस विभाग के 9 अधिकारियों पर गाज गिरी है. इनमें एक अधिकारी को सस्पेंड किया गया है, 6 को एपीओ किया गया है, जबकि दो अधिकारियों को पद से हटाया गया है.

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रात को कानून व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में आपराधिक घटनाओं और पुलिसकर्मियों के लापरवाही भरे व्यवहार पर गहरी नाराजगी जताई थी. उन्होंने पुलिस महानिदेशक समेत अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपराध के मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी. भरतपुर जिले में बीजेपी के पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या के मामले में स्थानीय बैर थाने के एसएचओ धीरेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है. वहीं, एडिशनल एसपी प्रेरणा शेखावत और भुसावर के सीओ नीरज भारद्वाज को पद से हटाकर एपीओ किया गया है. पूर्व विधायक की हत्या के मामले में पुलिस की कार्रवाई और जिम्मेदारी को लेकर यह अहम कदम माना जा रहा है. राजधानी जयपुर में आरएसएस के जिला प्रचारक कृष्ण अवतार के साथ पुलिस थाने में मारपीट के मामले में सीओ मुकेश जोशी को एपीओ किया गया है. इस मामले में एसएचओ समेत 6 पुलिसकर्मियों को पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है. इसके अलावा जयपुर में पुलिस हिरासत में पिटाई से युवक की मौत के मामले में पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश खराड़िया को एपीओ किया गया है. अजमेर में वकील को थप्पड़ मारने के मामले में डिप्टी एसपी ट्रैफिक किशनगढ़ अंजू यादव को और श्रीगंगानगर के सीओ विष्णु कुमार खत्री को भी एपीओ किया गया है.

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

KINGS WAY PATNA

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK ● WWL हॉस्पीटल, राइटिंगटन, इंग्लैंड
हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

वक्फ जमीन फर्जीवाड़े में पुलिस पर उठे सवाल

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में करोड़ों की वक्फ संपत्तियों को फर्जीवाड़े के जरिए गलत तरीके से बेचे जाने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है. इस मामले में जयपुर पुलिस ने मास्टरमाइंड नासिर खान सड़वा पर ईनाम की रकम पांच हजार से बढ़ाकर पचीस हजार कर दी है, हालांकि पिछले सवा सालों में छह नामजद समेत 27 आरोपियों में से सिर्फ एक को छोड़कर बाकी किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं. इस बीच वक्फ की जमीनें जिन गरीब लोगों को औने पौने दामों में बेची गई, उनके आशियाने पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं. दर्जनों पीड़ित लोगों ने इस मामले में सीएम भजनलाल शर्मा समेत ऊंचे ओहदों पर बैठे दूसरे लोगों से इंसाफ की गुहार लगाते हुए आशियानों पर बुलडोजर नहीं चलने और जमीनों से बेदखल नहीं किए जाने की गुहार लगाई है.

कई गरीबों के आशियाने पर खतरे के बादल इसलिए भी मंडरा रहे हैं, क्योंकि वक्फ प्रॉपर्टी वाले ट्रस्ट ने नगर निगम और जयपुर विकास प्राधिकरण समेत अन्य लोगों को पत्र भेज कर जमीनों पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत की है और बुलडोजर के जरिए बेदखल किए जाने की अपील की है. आशियाना बचाने और मास्टरमाइंड समेत दूसरे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अब अदालत का दरवाजा खटखटाने की भी तैयारी है. इस बीच वक्फ बोर्ड के सीईओ ने किसी भी तरह की खरीद फरोख्त, किराए, इस्तेमाल और गिफ्ट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी है. आरोप यह भी है कि मास्टरमाइंड नासिर खान सड़वा समेत अन्य आरोपी इनाम घोषित होने के बावजूद न सिर्फ खुलेआम घूम रहे हैं, बल्कि गवाहों और पीड़ितों को धमका भी रहे हैं और रसूख का इस्तेमाल कर जांच बदलवाने की भी तैयारी में हैं. वक्फ संपत्ति पर जिस अचरोल सोसाइटी द्वारा पैसे लेकर पट्टो का अलॉटमेंट किए जाने का दावा किया गया था, उसने भी मास्टरमाइंड नासिर के दावों को खारिज करते हुए इस मामले से सीधे तौर पर पल्ला झाड़ लिया है.

9 अधिकारियों पर गिरी गाज, 1 सस्पेंड

राजस्थान में पाक से आयी हथियारों की खेप बरामद, दो गिरफ्तार

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुरक्षा एजेंसियों ने हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप बरामद की है. श्रीगंगानगर जिले के रावला मंडी इलाके में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के जरिए गिराए गए पैकेट से 2 पिस्टल, 4 मैगजीन, करीब 650 कारतूस और 7 किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक मिला है. इस मामले में पंजाब के रहने वाले दो युवकों को हिरासत में लिया गया है. सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं कि यह खेप किसके लिए भेजी गई थी और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं.

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के आईजी विकास कुमार के मुताबिक, श्रीगंगानगर के रावला मंडी क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा के नजदीक 12 केएनडी इलाके में देर रात ड्रोन के जरिए हथियारों और विस्फोटकों की खेप गिराई गई थी. इसकी जानकारी मिलने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), राजस्थान की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस ने मिलकर तलाशी अभियान चलाया. सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को हथियारों और विस्फोटकों से भरे पैकेट मिले. बरामदगी के बाद पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है. तलाशी के दौरान 2 पिस्टल, 4 मैगजीन और करीब 650 कारतूस



बरामद किए गए. इसके अलावा करीब 7 किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक भी मिला है. शुरुआती जानकारी में विस्फोटक के आरडीएक्स होने की आशंका जताई गई है. हालांकि, इसकी वास्तविक प्रकृति की पुष्टि जांच के बाद ही होगी. मौके से 4 जोड़ी बैटरियां और 2 रिमोट मिलने की भी सूचना है.

आईजी विकास कुमार के मुताबिक, बरामद विस्फोटक का इस्तेमाल आमतौर पर आईईडी यानी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बनाने में किया जाता है. ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि इस सामग्री का इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था.

इस मामले में पंजाब के रहने वाले दो युवकों को हिरासत में लिया गया है. जांच एजेंसियों को आशंका है कि दोनों युवक हथियारों और विस्फोटकों की खेप लेने के लिए मौके पर पहुंचे थे. उनसे पूछताछ की जा रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों की पहचान की जा सके.

आईजी विकास कुमार के मुताबिक, हिरासत में लिए गए दोनों युवक पंजाब की कुछ बड़ी घटनाओं में शामिल रहे हैं. पूछताछ के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हथियार कहां पहुंचाए जाने थे और सीमा पार से इन्हें भेजने के पीछे किसका हाथ है.

सीमा के पास इतनी बड़ी मात्रा में हथियार, कारतूस और संदिग्ध विस्फोटक मिलना सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर मामला है. जांच में किसी बड़ी वारदात की आशंका समेत सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है. हालांकि, किसी खास आतंकी हमले या धमाके की योजना की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. घटना के बाद सीमावर्ती इलाकों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है. सुरक्षा एजेंसियां संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही हैं और हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही हैं.

अब आपके शहर पटना में राम मनोहर लोहिया हास्पीटल, नई दिल्ली के 25 वर्षो के अनुभवी प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0 के ठाकुर उपलब्ध है।

HEALTHY HEART CLINIC
Dr. A. K. THAKUR
MD, DM, CARDIO (Gold Medalist)
PGI, RML Hospital, New Delhi
Visiting Consultant at
Asian City Hospital, Patna



ECG, ECHO, HOLTER, TMT, ABPM, ILR, ANGIOGRAPHY, ANGIOPLASTY, PACEMAKER ICD, CRTD इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।
आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत योजना एवं TPA / इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की व्यवस्था
Adult Vaccination Available
एम 2/36, श्रीकृष्णापुरी, मिश्रा फार्मा के बगल में, कृष्णा अपाटमेंट के सामने, बोरिंग रोड, पटना
7061824674, 7250257778